CMYK

हिन्दी दैनिक

# न्यूज गाइड

RNI No- UPHIN/2008/28258

आपका देश आपकी बात...



वर्षः 14, अंकः 63 पृष्ठ :8 www.newsguide.co.in E-mail : newsguidelko@gmail.com लखनऊ, बुधवार 21 दिसम्बर, 2022 मूल्य 1.50

## साकार हो रहा पीएम मोदी का न्यू इंडिया का सपना, युवाओं ने संभाला मोर्चा: स्मृति ईरानी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** मोदी सरकार की आठ वर्ष की उपलब्धियां गिनाते हुए केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने युवावस्था में अपनी डायरी के पन्नों पर न्यू इंडिया और युवा भारत का जो सपना शब्दों में पिरोया था, वह आज साकार होता नजर आ रहा है। भारत मजबूती से लगातार नई पहल के साथ आगे बढ़ रहा है। जिस तरह से भारत ने पीएम मोदी के नेतृत्व में चुनौतियों का सामना किया है, वह अपने आप में काबिले तारीफ है। केंद्रीय मंत्री ईरानी ने मंगलवार को पत्रकारों से बातचीत में कहा कि आठ वर्ष में ही भारत विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में प्रतिष्ठित हुआ है। देश की आर्थिक प्रगति में युवाओं ने प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में आगे बढ़कर मोर्चा संभाला है।



उन्होंने कहा कि स्किल इंडिया, स्टार्टअप इंडिया, स्टैंडअप इंडिया, मेक इन इंडिया, डिजिटल इंडिया, मुद्रा योजना जैसी कई योजनाओं को धरातल पर उतारकर प्रधानमंत्री ने युवाओं को सशक्त बनाया है। मेक इन इंडिया ने भारत को नया रूप दिया है। फिट इंडिया मूवमेंट ने भारत की तस्वीर बदली और डिजिटल इंडिया ने देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत किया है। सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए स्मृति ईरानी ने कहा कि 656 जिलों में 84400 से अधिक मान्यता प्राप्त स्टार्टअप के साथ भारत विश्व स्तर पर स्टार्टअप के लिए तीसरे सबसे बड़े पारिस्थितिकी तंत्र के रूप में उभरा है। भारतीय यूनिकाम का कुल मूल्यांकन 332.7 बिलियन अमेरिकी डालर पर पहुंच गया है। उन्होंने प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना, मुद्रा योजना, प्रोडक्ट लिंक इन्सेंटिव योजना, गरीब कल्याण योजना आदि की उपलब्धियों के आंकड़े भी साझा किए। नई शिक्षा नीति का उल्लेख करते हुए बोलीं कि यह नई युवाओं को यह विश्वास दिलाती है कि देश अब पूरी तरह से उनके साथ है, उनके हौसलों के साथ है। इसी तरह खेल की दिशा में भी मोदी सरकार ने काफी काम किया है। युवाओं को इस क्षेत्र में आगे बढ़ने के पहले से अधिक अवसर मिल रहे हैं। इसी प्रोत्साहन का परिणाम है कि भारत ने ओलंपिक, पैरालंपिक और कामनवेल्थ खेलों में अब तक का सबसे शानदार प्रदर्शन किया।

## विदेश से दो पालतू जानवरों को विमान में लाने के लिए नहीं लेनी होगी मंजूरी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सरकार ने विदेश में रहने वाले लोगों को अपना ठिकाना भारत में स्थानांतरित करते समय दो पालतू जानवरों को विमान में लेकर आने की अनुमति दे दी है और इसके लिए उन्हें विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफ्टी) से मंजूरी भी नहीं लेनी होगी। वाणिज्य मंत्रालय के तहत गठित डीजीएफ्टी ने पालतू जानवरों को विदेश से लाने के बारे में यह स्पष्टीकरण दिया है। यह नोटिस सभी अंतरराष्ट्रीय एयरलाइंस, विदेश में मौजूद भारतीय दूतावासों और वाणिज्य दूतावासों के लिए जारी किया गया है। डीजीएफ्टी ने इस नोटिस में कहा है कि अधिकतम दो पालतू जानवरों- कुत्ते या बिल्ली को विदेश से भारत बसने के लिए आ रहे लोग अपने साथ विमान में सामान के तौर पर लेकर आ सकते हैं। यह छूट केवल उन्हीं लोगों को होगी जो विदेश में लगातार दो साल रह चुके हों। हालांकि, अगर दो से अधिक पालतू पशुओं को कोई व्यक्ति अपने साथ भारत लाना चाहता है तो उसे डीजीएफ्टी से इसकी पूर्व-अनुमति लेनी होगी।

## मिजोरम मतदाता सूची से 2,000 से अधिक मतदाताओं को हटाया

एजेंसी

**आइजोल।** मिजोरम ने 2,000 से अधिक मतदाताओं के नाम पड़ोसी राज्य त्रिपुरा की मतदाता सूची में नामांकन के बाद अपनी मतदाता सूची से हटा दिए। यह जानकारी एक निर्वाचन अधिकारी ने दी। मिजोरम के संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी डेविड लियानसांग्लुरा पचुआउ ने कहा कि राज्य निर्वाचन विभाग को अब तक त्रिपुरा समकक्ष से 3,000 से अधिक नामों को हटाने का अनुरोध प्राप्त हुआ है। उन्होंने कहा कि इसमें से 2,091 मतदाताओं के नाम अब तक मिजोरम की मतदाता सूची से हटा दिए गए हैं और शेष मतदाताओं के नामों को हटाने का काम चल रहा है। अधिकारी ने कहा कि मतदाता, जो प्रत्यावर्तन के दौरान मिजोरम नहीं लौटने के बाद त्रिपुरा में बस गए थे, मिजोरम के तीन जिलों में नौ विधानसभा क्षेत्रों के मतदाता थे। उन्होंने कहा कि

**मिजोरम के संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी डेविड लियानसांग्लुरा पचुआउ ने कहा कि राज्य निर्वाचन विभाग को अब तक त्रिपुरा समकक्ष से 3,000 से अधिक नामों को हटाने का अनुरोध प्राप्त हुआ है।**

मताधिकार से वंचित मतदाताओं में मामित से 1,643, कोलासिब से 187 और लुंगलेई जिले से 262 हैं। उन्होंने कहा कि इलेक्टोरल रोल आफिसर नेट (ईरोनेट) के माध्यम से त्रिपुरा चुनाव विभाग द्वारा भेजे गए अनुरोध के अनुसार नाम हटाए गए। पचुआउ ने कहा कि उन्होंने त्रिपुरा में अपने समकक्षों से राज्य की मतदाता सूची में ब्रू मतदाताओं के नामांकन में तेजी लाने का अनुरोध किया है क्योंकि मिजोरम में अगले साल विधानसभा चुनाव होने हैं। उग्रवादियों द्वारा 1997 में एक मिजो वन अधिकारी की हत्या के बाद शुरू हुए जातीय तनाव के बाद हजारों मतदाता त्रिपुरा भाग गए थे। तब से, वे दो दशकों से अधिक समय से अस्थायी शिविरों में रह रहे हैं। नवंबर, 2009 में पहला प्रत्यावर्तन प्रयास न केवल उग्रवादियों द्वारा एक मिजो ग्रामीण की हत्या से विफल हो गया था, बल्कि इसने पलायन का एक और दौर भी शुरू कर दिया था। केंद्र, मिजोरम और त्रिपुरा की सरकारों ने 2009 और 2019 के बीच त्रिपुरा से आदिवासियों की वापसी के लिए कम से कम नौ प्रयास किए थे। केंद्र, मिजोरम और त्रिपुरा की सरकारों और कई संगठनों के प्रतिनिधियों ने 16 जनवरी, 2020 को एक समझौते पर हस्ताक्षर किए, जिसके अनुसार 35,000 से अधिक विस्थापित आदिवासी, जो प्रत्यावर्तन के दौरान मिजोरम लौटने के अनिच्छुक थे, उन्हें त्रिपुरा में स्थायी रूप से बसने की अनुमति दी गई थी।

## फर्जी खबर फैला रहे 3 यूट्यूब चैनलों का सरकार ने किया पदार्फाश

एजेंसी

**नई दिल्ली।** फर्जी खबर फैला रहे लाखों सब्सक्राइबर वाले 3 यूट्यूब चौनलों पर केंद्र सरकार ने सर्जिकल स्ट्राइक करते हुए उनका पदार्फाश किया है। ये यूट्यूब चौनल भारत के सर्वोच्च न्यायालय, भारत के मुख्य न्यायाधीश और भारत के प्रधानमंत्री को लेकर फेक न्यूज प्रसारित कर रहे थे। सूचना और प्रसारण मंत्रालय के पीआईबी विभाग ने ये जानकारी दी है। मंत्रालय ने बताया कि उनकी फैक्ट चौक यूनिट ने 40 से अधिक तथ्य-जांच की एक श्रृंखला में तीन यूट्यूब चौनलों का भंडाफोड़ किया है, जो भारत में गलत सूचना फैला रहे थे। इन चैनलों के लगभग 33 लाख सब्सक्राइबर थे और उनके वीडियो, जिनमें से लगभग सभी झूठे पाए गए, को 30 करोड़ से अधिक बार देखा गया था। इन यूट्यूब चौनल के नाम न्यूज हेडलाइन्स, सरकारी अपडेट और आजतक लाइव हैं। मंत्रालय के एक अधिकारी के मुताबिक इन यूट्यूब चौनलों में दावा किया जा रहा था कि मुख्य न्यायाधीश के आदेशानुसार चुनाव बैलट पेपर से होंगे। एक वीडियो में कहा गया कि मुख्य न्यायाधीश ने प्रधानमंत्री के खिलाफकड़ी कारवाई की है और उन्हें दोषी घोषित किया है। कुछ वीडियो में ये यूट्यूब

**कुछ वीडियो में ये यूट्यूब चैनल भारत के माननीय सर्वोच्च न्यायालय, भारत के माननीय मुख्य न्यायाधीश, सरकारी योजनाओं, इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन, कृषि ऋण माफी आदि के बारे में झूठे और सनसनीखेज दावे फैला रहे थे।**

चैनल भारत के माननीय सर्वोच्च न्यायालय, भारत के माननीय मुख्य न्यायाधीश, सरकारी योजनाओं, इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन, कृषि ऋण माफी आदि के बारे में झूठे और सनसनीखेज दावे फैला रहे थे। अधिकारी ने ये भी बताया कि यह पहली बार है जब पीआईबी ने झूठे दावों को फैलाने वाले पूरे यूट्यूब चौनल का पदार्फाश किया है। इसके पहले ऐसा सोशल मीडिया पर अलग-अलग पोस्ट के खिलाफकिया जाता था। यही नहीं ये चौनल अपने वीडियो पर विज्ञापन दिखा रहे थे और यूट्यूब पर गलत सूचनाओं से कमाई कर रहे थे। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा पिछले एक साल में 100 से ज्यादा चौनलों को ब्लॉक किए जाने के बाद पीआईबी फैक्ट चेक यूनिट ने यह कार्रवाई की है।

## भारत जोड़ो यात्रा का राजस्थान में आज आखिरी दिन रहा

एजेंसी

**अलवर।** कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा के दूसरे दिन मगलवार सुबह साढे छह बजे कटी घाटी से अपनी यात्रा शुरू हुई। इस दौरान लोगों की सड़कपर पर दोनों तरफबडी संख्या में लोंगों की भीड़ उमड़ पड़ी और लोग उनसे मिलने के लिए सड़कों के किनारे खड़े होकर उनके आने का इंतजार करते हुए नजर आए। उसके बाद राहुल गांधी की भारत जोड़ों यात्रा भवानी तोप चौराहे से चलकर मोती डूंगरी स्थित कैबिनेट मंत्री टीकाराम जूली के कार्यालय पर पहुंची। जहां पर श्री जूली एवं उनके परिवार सहित तमाम कांग्रेस कार्यकर्ता और पदाधिकारियों ने राहुल गांधी का स्वागत किया। उसके बाद राहुल गांधी की यात्रा मोती डूंगरी पहुंची जहां राहुल गांधी ने मार्शल आर्ट्स बच्चो को मंच से नीचे बुलाया और बच्चो से मिले। मार्शल आर्ट के बच्चों ने राहुल गांधी को अपने करतब दिखाए जिससे वह बच्चो के करतब देखकर काफी प्रसन्न हो गए। उसके बाद पूर्व केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने उनको अलवर का कलाकंद खिलाया। मोती डूंगरी से



यात्रा शुरू हुई और एस एम डी सर्किल होते हुए नंगली सर्किल बिजलीघर सर्किल भगत सिंह होते हुए नमन होटल से हनुमान चौराहा पहुंची जहां पर पैदल यात्रा का समापन हुआ। उसके बाद राहुल गांधी गाड़ी में बैठकर लोहिया के तिबारे के समीप मोदी गढ़ पहुंचे जहां पर उन्होंने ब्रेक फास्ट किया। राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा के तहत सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन द्वारा भारी मात्रा में पुलिस जाब्ता लगाया गया और पूरी सुरक्षा चाक-चौबंद थी। जैसे ही राहुल गांधी शहर से निकले लोग अपने घरों की छतों पर चढ़कर उनकी फोटो वीडियो बनाने लगे वही जिस जगह से राहुल गांधी की यात्रा निकल रही थी उस जगह मौजूद घरों की छतों पर सुरक्षा की दृष्टि से पुलिसकर्मी तैनात किए गए। राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा का नजारा शहर में देखने लायक था हजारों की संख्या में लोग मौजूद थे। राहुल गांधी की यात्रा के दौरान मुख्य मंत्री अशोक गहलोत, कैबिनेट मंत्री टीकाराम जूली और पूर्व केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह सहित तमाम नेता उनके साथ यात्रा में पैदल चलते हुए नजर आए। राहुल गांधी की यात्रा के दौरान शहर में जगह जगह उनका स्वागत किया गया और अलग-अलग चौराहों पर बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। जैसे ही राहुल गांधी की यात्रा शहर से निकलने के बाद रास्तों में जगह जगह जाम लग गया। उसके बाद ट्रैफिक पुलिस कर्मी द्वारा जाम खुलवा कर ट्रैफिक की व्यवस्था को दुरुस्त किया गया। मोदी गढ़ में ब्रेकफास्ट करने के बाद राहुल गांधी की यात्रा रामगढ़ पहुंचेगी और रामगढ़ से नौगावा तक राहुल गांधी पैदल अपनी यात्रा निकालेंगे उसके बाद रात्रि विश्राम नौगांवा के कृषि महाविद्यालय में होगा उसके बाद बुधवार सुबह राहुल गांधी की यात्रा हरियाणा सीमा में प्रवेश कर जाएगी।

## सपा एमएलए इरफान सोलंकी कानपुर जेल से महाराजगंज किए जाएंगे शिफ्ट

एजेंसी

**कानपुर।** आगजनी और अवैध कब्जे के मामले में पहले से ही जेल में बंद समाजवादी पार्टी (सपा) के विधायक इरफान सोलंकी को कानपुर जेल से महाराजगंज जेल में शिफ्ट किया जाएगा। दरअसल, विधायक की सुरक्षा को देखते हुए जेल प्रशासन ने 13 दिसंबर को शासन को चिट्ठी लिखी थी। जिस पर सरकार के विशेष सचिव ने अपना आदेश जारी कर दिया है। बता दें कि आगजनी और अवैध कब्जे के मामले में पहले से ही सपा विधायक जेल में बंद है। वहीं एक बांग्लादेशी परिवार को गलत तरीके से प्रमाण पत्र जारी करने के आरोप में भी मुकदमा दर्ज किया गया है। बांग्लादेश के खुलना निवासी रिजवान मोहम्मद, उसकी पत्नी, दो बच्चों तथा ससुर को गत 12 दिसंबर को फर्जी दस्तावेज रखने के आरोप में कानपुर के मूलगंज इलाके में पकड़ा गया था। संयुक्त पुलिस आयुक्त (कानून-व्यवस्था) आनंद प्रकाश तिवारी ने बताया कि पुलिस की जांच में यह पता लगा है कि जेल में बंद सपा विधायक इरफान सोलंकी

**सुरक्षा के मद्देनजर लिया गया फैसला**

ने बांग्लादेशी नागरिक रिजवान को गलत तरीके से प्रमाण पत्र जारी किए थे जिसके बाद उसने फर्जी पासपोर्ट और आधार कार्ड बनवाए थे। उन्होंने बताया कि रिजवान और उसके परिवार को जारी किए गए प्रमाण पत्रों पर किए गए हस्ताक्षर सोलंकी के दस्तखत से मेल खाते हैं। इस मामले में सोलंकी के खिलाफ सोमवार को मुकदमा दर्ज किया गया है। तिवारी ने बताया कि रिजवान और उसके परिवार के पास 13 फर्जी पासपोर्ट, पांच आधार कार्ड, शैक्षणिक प्रमाण पत्र, विदेशी मुद्रा और 14 लाख रुपये की नकदी और जेवरात बरामद किए गए थे। गौरतलब है कि कानपुर की सीसामऊ सीट से सपा विधायक सोलंकी आठ नवंबर को नजीर फातिमा नामक एक महिला के घर में आगजनी करने के मामले में इस वक्त कानपुर जेल में बंद हैं। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सोमवार को ही जेल में जाकर उनसे मुलाकात की थी।

## कोविड-19: भारत में उपचाराधीन मरीजों की संख्या घटकर 3,490 हुई

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारत में पिछले 24 घंटे में कोविड-19 के 112 नए मामले आने से देश में अब तक संक्रमित हो चुके लोगों की संख्या बढ़कर 4,46,76,199 पर पहुंच गई है, जबकि उपचाराधीन मरीजों की संख्या घटकर 3,490 रह गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के मंगलवार सुबह आठ बजे तक अद्यतन आंकड़ों के अनुसार, पिछले 24 घंटे में संक्रमण से तीन और मरीजों की मौत से देश में मृतकों की कुल संख्या बढ़कर 5,30,677 हो गई है। मौत के नए मामलों में केरल में दो और महाराष्ट्र में एक मरीज की जान गई। मंत्रालय की वेबसाइट के मुताबिक, उपचाराधीन मरीजों की संख्या संक्रमण के कुल मामलों का 0.01 प्रतिशत है, जबकि कोविड-19 से स्वस्थ होने वाले लोगों की दर बढ़कर 98.8 प्रतिशत हो गई है। बीते 24 घंटे में उपचाराधीन मरीजों की संख्या में 69 की कमी दर्ज की गई है। आंकड़ों के अनुसार, कोविड-19 से उबरने वाले लोगों की संख्या बढ़कर 4,41,42,032 हो गई है, जबकि मृत्यु दर 1.19 प्रतिशत है। वहीं, देशव्यापी कोविड-19 रोधी टीकाकरण अभियान के तहत अभी तक 220 करोड़ खुराक दी जा चुकी हैं। गौरतलब है कि भारत में सात अगस्त 2020 को कोरोना वायरस संक्रमितों की संख्या 20 लाख, 23 अगस्त 2020 को 30 लाख और पांच सितंबर 2020 को 40 लाख से अधिक हो गई थी। संक्रमण के कुल मामले 16 सितंबर 2020 को 50 लाख, 28 सितंबर 2020 को 60 लाख, 11 अक्टूबर 2020 को 70 लाख, 29 अक्टूबर 2020 को 80 लाख और 20 नवंबर को 90 लाख के पार चले गए थे।

## विदेश यात्रा की अनुमति देने का अनुरोध करने वाली जैकलीन की अर्जी पर 22 दिसंबर को सुनवाई

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली की एक अदालत ने 200 करोड़ रुपये के धन शोधन मामले की आरोपी अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडीज द्वारा विदेश यात्रा की अनुमति मांगने वाली याचिका पर सुनवाई के लिए 22 दिसंबर की तारीख तय की है। विशेष न्यायाधीश शैलेंद्र मलिक ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को नोटिस जारी किया और ईडी को अभिनेत्री की अर्जी पर जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। जैकलीन ने अर्जी में 23 दिसंबर से बहरीन की यात्रा करने की अनुमति देने का अनुरोध किया है।

## सरकार किसानों को सस्ते उर्वरकों की आपूर्ति के लिए प्रतिबद्ध, सब्सिडी बढ़ाकर दोगुनी की गई: मांडविया

एजेंसी

**नई दिल्ली।** सरकार ने मंगलवार को संसद में कहा कि प्रतिकूल स्थिति के बाद भी वह किसानों को सस्ते उर्वरकों की आपूर्ति करने के लिए प्रतिबद्ध है तथा उर्वरकों पर दी जाने वाली सब्सिडी को 1.25 लाख करोड़ रुपये से बढ़ाकर 2.5 लाख करोड़ रुपये कर दिया गया है। रसायन एवं उर्वरक मंत्री मनसुख मांडविया ने राज्यसभा में प्रश्नकाल के दौरान पूरक सवालों के जवाब में कहा कि सरकार प्रतिकूल स्थिति के बाद भी किसानों को सस्ते



उर्वरकों की आपूर्ति करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि पिछले दिनों दुनिया भर में उर्वरकों का संकट पैदा हो गया था लेकिन भारत में किसानों को उर्वरकों की कमी नहीं महसूस होने दिया गया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों के कारण किसानों पर अतिरिक्त बोझ नहीं पड़ा तथा किसानों को पुरानी दरों पर ही उर्वरकों की आपूर्ति की गई। मांडविया ने कहा कि सरकार पहले किसानों को 1.25 लाख करोड़ रुपये की खाद सब्सिडी दे रही थी और अब उसे बढ़ाकर 2.5 लाख करोड़ रुपये कर दिया गया है ताकि किसानों पर अतिरिक्त बोझ नहीं पड़े। उन्होंने कहा कि भारतीय वैज्ञानिकों ने नैनो यूरिया का विकास किया है जो तमाम मानदंडों पर खरा उतरा है और अब इसका उत्पादन शुरु कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि दुनिया के कई देशों ने भी नैनो यूरिया में दिलचस्पी दिखाई है और अपने देश में संयंत्र लगाने का अनुरोध किया है। उन्होंने कहा कि नैनो यूरिया के बाद अब नैनो डीएपी उर्वरक पर काम चल रहा है।

## जयशंकर कब कहेंगे कि 2020 से पहले की स्थिति बहाल करना मुख्य उद्येश्य है: कांग्रेस

एजेंसी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने चीन के साथ लगती सीमा पर तनाव के संदर्भ में विदेश मंत्री एस जयशंकर द्वारा संसद में दिए बयान को लेकर मंगलवार को सवाल किया कि जयशंकर स्पष्ट रूप से कब यह घोषणा करेंगे कि भारत का मुख्य उद्देश्य वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर 2020 से पहले की स्थिति बहाल करना है। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने यह भी पूछा कि सरकार चीन को लेकर 1986 और 2013 की तरह आक्रामक रुख क्यों नहीं अपना रही है कि चीन अपने सैनिकों को पीछे हटा ले? उन्होंने एक बयान में कहा, ''हम विदेश मंत्री की इस बात से सहमत हैं कि हमारे जवानों का सम्मान और सराहना होनी चाहिए क्योंकि वे हमारे शत्रुओं के खिलाफमजबूती से खड़े रहते हैं। क्या प्रधानमंत्री का यह कहना जवानों का सम्मान था कि 'हमारी सीमा में न कोई घुस आया है और न कोई घुसा हुआ है'? प्रधानमंत्री ने यह बात उस वक्त की थी जब हमारे 20 जवान सीमा की रक्षा करते हुए शहीद हुए।'' रमेश ने यह भी कहा, ''विदेश मंत्री ने दावा किया कि चीन के साथ संबंध 'सामान्य नहीं' हैं। फिर आपने (जयशंकर) चीनी राजदूत को तलब



कर 'डिमार्के' (आपत्ति जताना और स्पष्टीकरण) क्यों जारी नहीं किया जैसे हम पाकिस्तान के उच्चायुक्त के साथ करते हैं?'' उन्होंने सवाल किया, ''चीन के साथ हमारे व्यापार की निर्भरता इतने रिकॉर्ड स्तर पर क्यों है कि 2020-21 में आयात 95 अरब डॉलर और व्यापार घाटा 74 अरब डॉलर तक पहुंच गया? हमारे सैनिकों ने सितंबर, 2022 में रूस 'वोस्तोक 22' में चीन के साथ युद्धाभ्यास क्यों किया? रमेश का कहना है, ''विदेश मंत्री ने कहा कि हम चीन को एकतरफा ढंग से एलएसी की स्थिति नहीं बदलने देंगे। क्या पिछले दो वर्षो से यथास्थिति नहीं बदली है कि चीन के सैनिक डेपसांग में 18 किलोमीटर भीतर की तरफ हैं? क्या यह सत्य नहीं है कि पूर्वी लद्दाख में हमारे सैनिक 1000 वर्गकिलोमीटर के क्षेत्र में पहुंच नहीं पा रहे हैं जहां वे पहले गश्त किया जा करते थे?''उन्होंने सवाल किया, ''क्या यह स्थिति बदलना नहीं हुआ कि हमने ऐसे बफर जोन पर सहमति जता दी कि हमारे जवान उन क्षेत्रों में नहीं जा सकते जहां वे पहले गश्त करते थे? विदेश मंत्री कब स्पष्ट रूप से घोषणा करेंगे कि 2020 से पहले की यथास्थिति बहाल करना हमारा मुख्य उद्येश्य है?'' रमेश ने कहा, ''विदेश मंत्री बोले कि 'हम चीन पर दबाव डाल रहे हैं।' अगर ऐसा है तो फिर हमने विशुद्ध रूप से प्रतिक्रिया करने का ही रुख क्यों अपना रखा है? 2020 से पहले की यथास्थित बहाल करने का पूरा भरोसा मिले बिना हमने कैलाश रेंज में अपने स्थानों से पीछे क्यों हटा लिया?''उन्होंने पूछा, ''हम उस तरह से आक्रामक क्यों नहीं है कि चीन अपने सैनिकों को पीछे हटा ले जैसे 1986 और 2013 में हुआ था। हम 'धारणा के अंतर' का हवाला देकर कब तक चीनी आक्रमकता को सही ठहराते रहेंगे? ऐसा करना कब बंद होगा?'' विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सोमवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी के बयान के परोक्ष संदर्भ में कहा था कि राजनीतिक मतभेद और आलोचनाओं में कोई दिक्कत नहीं है, लेकिन किसी को प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से अपने जवानों की निंदा नहीं करनी चाहिए। उन्होंने कहा था कि सैनिकों के लिए 'पिटाई' शब्द का इस्तेमाल कर उनका अपमान नहीं किया जाना चाहिए। लोकसभा में 'समुद्री जलदस्युता रोधी विधेयक, 2019' पर चर्चा के दौरान कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी की टिप्पणियों पर जवाब देते हुए जयशंकर ने कहा, ''यदि चीन के प्रति भारत का रुख उदासीन होता तो सीमा पर सेना को किसने भेजा?, हम चीन पर सैनिकों की वापसी के लिए दबाव क्यों बनाते और हम सार्वजनिक रूप से क्यों कहते कि हमारे संबंध सामान्य नहीं हैं। उन्होंने यह भी कहा था कि देश के जवान यांगत्से में 13 हजार फुट की ऊंचाई पर डटे हैं और सीमा की सुरक्षा कर रहे हैं।

CMYK

## संक्षिप्त समाचार

### संस्कृति विभाग की समीक्षा बैठक आज, पर्यटन भवन में

**लखनऊ, (यूएनएस)।** उत्तर प्रदेश संस्कृति विभाग में संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री की अध्यक्षता में समीक्षा के लिए कल पर्यटन भवन में दोपहर 2 बजे पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह की अध्यक्षता में बैठक की जाएगी। इस बैठक में सभी अधिकारी मौजूद रहेंगे। साथ ही पर्यटन मंत्री की उपस्थिति में संस्कृति स्रोत एवं प्रशिक्षण केन्द्र, एनटीपीसी लिमिटेड रिहन्द सोनभद्र, बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय, झांसी के साथ बैठक के उपरान्त एमओयू हस्ताक्षरित किया जायेगा।

### एलडीए और पुलिस की टीम ने मड़ियाव में अभियान चला सरकारी जमीन को कराया खाली

**लखनऊ, (यूएनएस)।** अवैध तरीके से बनी झुग्गी-झोपड़ियों के खिलाफ एलडीए का अभियान जारी है। एलडीए, नगर निगम और पुलिस प्रशासन के संयुक्त अभियान में 100 से ज्यादा छोटी-बड़ी झोपड़ी हटाई गई। पिछले कई दिन से शहर सरकारी जमीन पर हुए कब्जे हटाए जा रहे हैं। करोड़ों की सरकारी जमीन पर कब्जा किया जा रहा है। मड़ियावं थाना क्षेत्र चले अभियान के दौरान सैकड़ों लोगों का हटाया गया। लखनऊ में छोटे-बड़े 50 से ज्यादा जगहों पर मलिन बस्ती बनाकर अवैध कब्जा किया गया है। इसमें कई लोग इन मलिन बस्तियों में लोगों को जगह देने के नाम पर धन उगाही भी करते हैं। इसमें 3000 से 5000 रुपए की वसूली होती है। इसकी शिकायत शासन स्तर पर पहुंची थी उसके बाद एलडीए , नगर निगम और पुलिस प्रशासन के लोगों के संयुक्त अभियान से मलिन बस्तियों को हटाने का काम शुरू किया गया है। अभी तक करीब 300 से ज्यादा लोगों से अवैध कब्जा हटाया जा चुका है। शहर में हालांकि अवैध कब्जा करने वालों में 10 हजार से ज्यादा परिवार हैं। इसमें नाले से लेकर नजूल की जमीन तक पर कब्जा किया गया है। हालांकि इसका विरोध भी शुरू हो गया है। शहर के कई सामाजिक संगठन इसके खिलाफ हैं। उनका कहना है कि गरीबों को हटाने के लिए पहले सरकार की तरफ से जगह मुहैया करानी चाहिए उसके बाद अगर अभियान चलाया जाता तो ठीक होता। ठंड में लोगों के पास इस अभियान के बाद रहने के लिए कोई जगह नहीं बचेगी।

### दो स्टूडेंट्स ग्रुप का बाल विज्ञान कांग्रेस में चयन

**बहराइच के बच्चे राज्य स्तर पर प्रोजेक्ट करेंगे प्रस्तुत, 24 दिसंबर को आयोजन**

**बहराइच, (यूएनएस)।** जिले में राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस में राज्य स्तर पर प्रोजेक्ट प्रस्तुतीकरण के लिए जनपद से 2 विद्यार्थियों के ग्रुप का चयन किया गया है। जिला समन्वयक राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस डॉ नंद कुमार शुक्ल ने बताया कि राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संचार परिषद की ओर से तीसरी जनपदीय राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस का आयोजन 10 नवंबर को सैनिक इंटर कॉलेज में किया गया था। जिसमें जनपद के बाल वैज्ञानिकों ने 'आओ अपने परितंत्र को जाने' विषय से जुड़ी स्थानीय समस्याओं का आकलन और उनके सापेक्ष वैज्ञानिक समाधान प्रस्तुत करने के लिए अपने-अपने अनुभव पत्र प्रस्तुत किए गये थे। निर्णायक मंडल द्वारा सीनियर ग्रुप में से बैरोज ब्लू बेल्स इंटर कॉलेज बहराइच के छात्र आयुष जायसवाल व मदनी महमूद और जूनियर ग्रुप से बाल शिक्षा निकेतन इंटर कॉलेज की छात्रा अनुष्का पांडे और आस्था सिंह के ग्रुप का कमेटी ने राज्य स्तर पर प्रोजेक्ट के प्रस्तुतीकरण करने के लिए चयन किया है। जिला समन्वयक डा शुक्ल ने बताया की राज्य स्तर पर इस बार प्रोजेक्ट का प्रस्तुतीकरण ऋषिकुल पतंजलि विद्यालय इलाहाबाद में 24 से 26 दिसंबर के मध्य आयोजित किया जा रहा है। राज्य स्तर से चयनित बच्चों का प्रस्तुतीकरण राष्ट्रीय स्तर पर 27 से 31 जनवरी के मध्य अहमदाबाद में होगा।

## भारत स्काउट एंड गाइड रैली का आयोजन, डीएम ने किया शुभारंभ

**बहराइच, (यूएनएस)।** जिले में आजाद इण्टर कालेज में 3 दिवसीय 19वीं जनपदीय रैली का जिलाधिकारी डॉ दिनेश चन्द्र ने दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारम्भ किया। कार्यक्रम में जनपद की 15 टीमें प्रतिभाग कर रही हैं। शुभारम्भ के बाद बाल शिक्षा निकेतन की छात्राओं ने सरस्वती वंदना तथा चंद्रशेखर आजाद श्यामा देवी मेमोरियल बालिका इंटर कॉलेज रिसिया और बाल शिक्षा निकेतन की छात्राओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। राजकीय इंटर कॉलेज बहराइच की छात्राओं ने नृत्य प्रस्तुत किया। इसके बाद जिलाधिकारी डॉ चन्द्र और अन्य अतिथियों का बैच अलंकरण विद्यालय के संरक्षक शमशाद अहमद एडवोकेट, विद्यालय प्रबन्ध कमेटी के सदस्य डॉक्टर मोहम्मद आलम सरहदी, विद्यालय के प्रधानाचार्य और जिला स्काउट कमिश्नर मनोज कुमार पांडे ने किया। जिलाधिकारी डॉ चन्द्र ने कहा कि स्काउट गाइट हमें अनुशासन में रहने की सीख देते हैं। इससे आपसी प्रेम और भाईचारा का संदेश जाता है। इनके आदर्शों को अपनाकर अनुशासित नागरिक बन सकते हैं। डीएम डॉ चन्द्र ने रैली के सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक उदयराज, प्रधानाचार्य अरुण कुमार चौधरी, गजेंद्र मणि त्रिपाठी, गिरजा शंकर पांडे, सरिता अग्रवाल, किरण यादव, मनोज कुमार यादव, प्रकाश पटेल, राजेंद्र प्रसाद, जसवंत सिंह, बृजेंद्र कुमार मिश्र, यशपाल सिंह, बृजेंद्र शर्मा और कामेश्वर सिंह आदि मौजूद रहे।

### 'प्लांट जीनोमिक्सः प्रेजेंट, पास्ट एंड फ्यूचर' पर प्रसिद्ध वैज्ञाकि प्रो. राजीव का व्याख्यान

**अलीगढ़, (यूएनएस)।** अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र, शांति स्वरूप भटनागर पुरस्कार विजेता और प्रसिद्ध वैज्ञानिक, प्रोफेसर राजीव कुमार वार्ष्णेय ने पौधों के जीनोम की आनुवंशिक संरचना, संरचना और कार्यों के अध्ययन में आगे की संभावनाओं पर चर्चा की। वे एएमयू के वनस्पति विज्ञान विभाग में 'प्लांट जीनोमिक्सः प्रेजेंट, पास्ट एंड फ्यूचर' विषय पर यूनिवर्सिटी एक्सटेंशन व्याख्यान दे रहे थे। प्रोफेसर राजीव ने बढ़ती आबादी की खाद्यन्न आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए उत्पादन बढ़ाने के लिए प्रमुख खाद्य फसलों में तनाव सहिष्णु जीन की आवश्यकता पर जोर दिया और बताया कि यह विभिन्न प्रकार के तनावों, रोग प्रतिरोधी, पोषण और उपज बढ़ाने वाले जीनों के प्रतिरोधी विशिष्ट जीन समावेश के माध्यम से प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि जीनोम को असेंबल करके, जीनोमिक संसाधनों को विकसित करके और फसल सुधार कार्यक्रमों में जीनोमिक तकनीकों को एकीकृत करके खाद्य और पोषण सुरक्षा में सुधार किया जा सकता है। प्रोफेसर राजीव ने अनुप्रयुक्त जीनोमिक्स, आणविक प्रजनन, तुलनात्मक और कार्यात्मक जीनोमिक्स, फसल जैव प्रौद्योगिकी, फसलों की आर्थिक और जर्मप्लाज्म वास्तुकला, बीज प्रणालियों को मजबूत करने और अगली पीढ़ी की अनुक्रमण तकनीकों और प्लेटफार्मों के बारे में भी बात की। प्रो गजाला परवीन (अध्यक्ष, वनस्पति विज्ञान विभाग) ने स्वागत भाषण दिया और प्रो अनवर शहजाद (कार्यक्रम संयोजक) ने धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन मुंजिला मेहदी ने किया।

### डाक्टर ने मेडिकल एजेंसी मालिक की बेटी से किया दुष्कर्म, पुलिस ने पकड़ा

**शाहजहांपुर, (यूएनएस)।** जिले में एक डाक्टर ने मेडिकल एजेंसी मालिक की बेटी को शादी का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म किया। आरोप है कि एनजीओ का रजिस्ट्रेशन कराने के बहाने बरेली और लखनऊ ले जाकर होटल में अश्लील वीडियो और फोटो ले लिए। इंस्टाग्राम पर फेक आईडी बनाकर आरोपी वीडियो वायरल करने की धमकी देकर रुपये मांग रहा है। पीड़िता की मां की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। थाना सेहरामऊ दक्षिणी क्षेत्र का रहने वाला बीएएमएस डाक्टर शाहबाज खान चौक कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ले में मेडिकल एजेंसी पर दवाएं लेने आता था। धीरे-धीरे उसने मेडिकल एजेंसी मालिक की बेटी को शादी का झांसा देकर प्रेम जाल में फंसा लिया। फोन पर बातचीत शुरू होने के बाद आरोपी पीड़िता को एनजीओ चलाने के नाम पर उसका रजिस्ट्रेशन कराने के लिए बरेली और लखनऊ ले जाने लगा। आरोप है कि वहां होटलों में आरोपी ने उसका अश्लील वीडियो और फोटो बनाकर दुष्कर्म किया। अब इंस्टाग्राम पर फेक आईडी से वीडियो और फोटो वायरल करने की धमकी देकर रुपये मांग रहा है। परेशान होकर पीड़िता ने घटना की जानकारी अपने मां--बाप को दी।

## मालगाड़ी में आग की सूचना पर अलर्ट हुआ प्रशासन, जांच के बाद की गई रवाना

**अमेठी, (यूएनएस)।** आज दोपहर वाराणसी से पानीपत जा रही कोयला लदी मालगाड़ी में आग लगने की सूचना से हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची, जहां के बाद ट्रेन को अगले गंतव्य की ओर रवाना कर दिया गया। पूरा मामला वाराणसी लखनऊ रेलखंड के मिश्रौली स्टेशन का है, जहां आज आज दोपहर इस रूट से पानीपत को जा रही कोयला लदी मालगाड़ी की एक बोगी में आग लगने की सूचना मिलते ही मिश्रौली स्टेशन पर मंगलवार की सुबह अफरा-तफरी मच गई। मिश्रौली स्टेशन मास्टर की सूचना पर रेलवे कर्मचारी के साथ फायर बिग्रेड की 2 गाड़ियां स्टेशन



पहुंची और घण्टों इंतजार के बाद मालगाड़ी मिश्रौली स्टेशन पर पहुंचने पर फायर बिग्रेड के कर्मियों और रेलवे कर्मचारियों द्वारा मालगाड़ी के प्रत्येक बोगी का निरीक्षण किया। कोयला लदे किसी भी बोगी में आग न लगे होने पर मालगाड़ी को आगे के लिए रवाना किया गया। मिश्रौली स्टेशन मास्टर केपी मीणा ने बताया कि वाराणसी रूट से कोयला लदी मालगाड़ी पानीपत को जा रही थी तभी प्रतापगढ़ स्टेशन से पहले एक बोगी में आग लगने की सूचना मिली थी। इस पर मिश्रौली स्टेशन पर आग बुझाने के लिए अलर्ट किया गया, लेकिन प्रतापगढ़ स्टेशन पर ही ट्रेन में पानी भरने के लिए लगे वाटर सप्लाई द्वारा आग लगे बोगी में पानी डाला गया। इससे मिश्रौली स्टेशन पहुंचते-पहुंचते बोगी की आग पूर्णतया बुझ गयी। किसी प्रकार का कोई नुकसान नहीं हुआ है। अग्निशमन प्रभारी अमेठी जुबेर अहमद ने बताया कि मिश्रौली स्टेशन मास्टर ने नौ बजकर 40 मिनट पर एक मालगाड़ी के डब्बों में आग लगने की सूचना दी थी। सूचना मिलते ही सहायता के लिए मुसाफिरखाना से भी एक फायर ब्रिगेड गाड़ी बुलाकर मालगाड़ी के आने के बाद प्रत्येक बोगी का निरीक्षण किया गया है। मालगाड़ी के किसी भी बोगी में आग लगा नहीं पाया गया है।

## धार्मिक स्थलों पर बिकेंगे कैदियों के बनाए रामनामी गमछे-पटके

**लखनऊ, (यूएनएस)।** बाहुबली राजन तिवारी, रमाकांत यादव, विनोद उपाध्याय. जैसे तमाम दबंगों को सलाखों के पीछे रखने वाले फतेहगढ़ केंद्रीय कारागार में कुछ नया होने जा रहा है। दरअसल, जेलों में कैदियों द्वारा लकड़ी-लोहे के फर्नीचर और बिल्कुट-आचार जैसे उत्पाद बनाने व बेचे जाने की खबर तो जानी-सुनी है, लेकिन पहली बार आस्था से जुड़े एक अलग तरह का उत्पाद बनाने की दिशा में भी कैदियों ने कदम बढ़ा दिया है। फतेहगढ़ केंद्रीय कारागार के महिला-पुरुष कैदी प्रशिक्षण के जरिये रामनामी गमछे-पटके तैयार कर रहे हैं। इसे प्रदेश के सभी धार्मिक स्थलों पर बिक्री के लिए सप्लाई किया जाएगा। इससे होने वाली कमाई में उन्हें हिस्सेदारी दी जाएगी। पारिश्रमिक अलग से मिलेगी। डीजी जेल आनंद कुमार के मुताबिक आपराधिक अतीत से बाहर निकलकर फतेहगढ़ जेल के महिला और पुरुष कैदी सरकारी योजनाओं का लाभ उठाकर आत्मनिर्भर बनने का गुर सीख रहे हैं। उन्होंने बताया कि ओडीओपी योजना के तहत फतेहगढ़ जेल में महिला और पुरुष कैदियों को ब्लॉक प्रिंटिंग का प्रशिक्षण दिलाया जा रहा है। इसके तहत वह रामनामी, राधे-राधे, ओम नमः शिवाय की छाप वाले पटके, दुपट्टे और गमछे तैयार कर रहे हैं। इसे अयोध्या, मथुरा, वाराणसी और चित्रकूट समेत प्रदेश के अन्य धार्मिक स्थलों पर बिक्री के लिए भेजा जाएगा। डीजी जेल ने बताया कि फतेहगढ़ की 12 महिला कैदियों को आईटीआई की ओर से प्रशिक्षण दिया जा रहा है। वहां गौतम बुद्ध डवलपमेंट सोसायटी संस्थान की ओर से 35 पुरुष कैदियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

## पति की मौत का खुलासा, पत्नी गिरफ्तार

**मारपीट से परेशान होकर मार डाला था, फिर नाले में फेंका था शव**

**अमेठी, (यूएनएस)।** जिले में 3 दिन पहले हुई अधेड़ की हत्या का पुलिस ने 72 घंटे के अंदर खुलासा कर दिया। घटना को अंजाम देने वाली मृतक की पत्नी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। बताया जा रहा है कि मृतक शराब का आदी था। आए दिन शराब के नशे में धुत होकर अपनी पत्नी की पिटाई करता था। इसी बात से तंग आकर पत्नी ने अपने पति की हत्या कर दी और शव को घर के पास गली में फेंक दिया। यह पूरा मामला मुसाफिरखाना थाना क्षेत्र के पूरव बेसारा गांव का है। यहां 3 दिन पहले अयोध्या प्रसाद का शव घर के पास गली में मिला था। ग्रामीणों की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी लेकिन परिजनों की तरफ से कोई तहरीर थाने में नहीं दी गई। गांव के ही एक करीबी गया प्रसाद द्वारा थाने में अज्ञात के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज करवाया गया।मुकदमा दर्ज करने के बाद पुलिस मामले की जांच में जुटी थी। जहां सर्विलांस की मदद से पुलिस ने मृतक की पत्नी सीता को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की तो उसने हत्या की बात कबूल कर ली। आरोपी पत्नी ने बताया कि उसका पति अयोध्या प्रसाद शराब का आदी था। आए दिन शराब पीकर उसकी पिटाई करता था। इतना ही नहीं वह उस पर शक भी करता था। पिटाई से आहत होकर उसने अपने पति की गला दबाकर हत्या कर दी। शव को घसीटते हुए ले जाकर घर के बगल गली में फेंक दिया। उसने अपना मोबाइल और सिम तोड़कर फेंक दिया।

### अवध स्काई स्पोर्ट्स अकादमी विजयी, अवनीश और आदित्य का कमाल

**लखनऊ, (यूएनएस)।** अवध स्काई स्पोर्ट्स अकादमी ने 18वी बीबीडी सी डिवीजन क्रिकेट लीग के मुकाबले में फ्रेंड्स क्रिकेट क्लब को आठ विकेट से हराते हुए पूरे अंक हासिल किये। टीम की जीत में मैन ऑफ द मैच अवनीश प्रताप सिंह ने चार विकेट हासिल किये तो आदित्य सिंह ने 47 रन की पारी खेली। एसकेटी ग्राउंड पर फ्रेंड्स क्रिकेट क्लब ने निर्धारित 30 ओवर में सभी विकेट गंवाकर 109 रन का स्कोर बनाया। टीम से इशान श्रीवास्तव ने सबसे ज्यादा 30 रन बनाये, उनके अलावा ताहा शकील (23) ही टिक कर खेल सके। अवध स्काई स्पोर्ट्स अकादमी से अवनीश प्रताप सिंह ने 6 ओवर में दो मैडन के साथ आठ रन देकर चार विकेट की सफलता पायी। रोशन लाल को दो विकेट की सफलता मिली। जवाब में अवध स्काई स्पोर्ट्स अकादमी ने 16.2 ओवर में दो विकेट के नुकसान पर 110 रन बनाकर मैच जीत लिया।

## एसपी ने लालगंज थाने का किया निरीक्षण, लम्बित विवेचनाएं देख चढ़ा कप्तान का पारा

**प्रतापगढ़, (यूएनएस)।** एसपी ने लालगंज कोतवाली में लंबित विवेचनाओं को लेकर दरोगाओ की देर शाम जमकर क्लास लगायी। लालगंज कोतवाली में दर्ज हुए साढ़े सात सौ मुकदमो में मात्र तीन सौ दस का अभी तक निस्तारण देख कप्तान का पारा इस कदर चढ़ा कि थानेदारो के साथ वहां मौजूद सीओ तथा प्रभारी निरीक्षक भी बगलें झांकने लगे। पुलिस कप्तान सतपाल अंतिल देर शाम अचानक लालगंज कोतवाली आ धमके। एसपी ने कोतवाली के अभिलेखों का निरीक्षण करते हुए विवेचनाओं पर नजर डाली तो लंबित विवेचनाओं को देख उनका पारा चढ़ आया। एसपी ने थानेदारों को एक एक कर प्रभारी निरीक्षक के कक्ष में तलब किया। रानीगंज कैथौला चौकी इंचार्ज निकेत भारद्वाज तथा एसआई जावेद अहमद व एसआई योगेन्द्र को पुलिस कप्तान की जमकर डांट झेलनी पड़ी। एसपी ने इन तीनों थानेदारों को फिसड्डीपन को लेकर कड़ी फटकार लगायी। पुलिस कप्तान ने सप्ताह भर का अल्टीमेटम देते हुए दरोगाओं को गुण व दोष के आधार पर विवेचनाएं निस्तारित कराए जाने के तल्ख निर्देश दिये। पुलिस कप्तान विवेचनाओं का बढ़ा ग्राफ देख सीओ की तरफ मुखातिब हुए। सीओ से पर्यवेक्षण के बाबत सवाल भी दागे, इस पर सीओ रामसूरत सोनकर बगले झांकने लगे। एसपी की भृकुटी प्रभारी निरीक्षक कमलेश पाल की तरफ तनी दिखी। प्रभारी निरीक्षक को भी एसपी ने जमकर लताड़ लगाई। कप्तान की फटकार देख सुन प्रभारी निरीक्षक कमलेश हांफ उठे। वहीं पुलिस कप्तान ने थाने के अभिलेखों के रखरखाव को भी दुरूस्त रखने को कहा। महिलाओं एवं अनुसूचित जाति के उत्पीड़न के मुकदमों में वांछितों की गिरफ्तारी हर हाल में सुनिश्चित करने का भी उन्होंने मातहतों को कड़ा फरमान सुनाया। इसके बाद एसपी सांगीपुर थाने पहुंच गये। वहां भी उन्होंने मुकदमों के निस्तारण तथा पीड़ितों के प्रार्थना पत्रों में लापरवाही पर थानाध्यक्ष जितेन्द्र सिंह को जमकर खरी खोटी सुनाई। एसपी का तल्ख पारा देख सीओ रामसूरत सोनकर लालगंज से सांगीपुर तक उन्हें समुचित प्रगति का भरोसा दिलाने में ऐडी चोटी का जोर लगाते दिखे। देर रात तक लालगंज सर्किल में पुलिस कप्तान की मौजूदगी को लेकर उदयपुर तथा संग्रामगढ़ एवं लीलापुर थानो में भी मातहत अनहोनी की आशंका से अफरातफरी में दिखे।

## 9 दिवसीय श्री राम कथा महोत्सव का भव्य शुभारंभ

**प्रथम दिवस भव्य एवं विशाल शोभायात्रा का आयोजन**

**गोण्डा, (यूएनएस)।** धार्मिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण कहे जाने वाले कर्नलगंज नगर में विभिन्न तरह के धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन बड़े ही धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ होता है। साथ ही कर्नलगंज क्षेत्र में हर वर्ष श्री हनुमान गढ़ी सेवा समिति के तत्वाधान में बड़े ही धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ श्रीमद् भागवत कथा एवं श्री राम कथा महोत्सव का आयोजन किया जाता है। जिसका नजारा आज एक बार फिर देखने को मिला, जहां आज से शुरू हो रहे 9 दिवसीय संगीतमय श्रीराम कथा महोत्सव का भव्य शुभारंभ किया गया, जिसको लेकर आज नगर में एक विशाल शोभायात्रा का आयोजन हुआ जिसका नेतृत्व ब्रह्मास्त्र विद्या शक्ति पीठाधीश्वर एवं अन्तरराष्ट्रीय कथा प्रवक्ता रसराज मृदुल जी महाराज ने किया। कर्नलगंज नगर के भैरवनाथ स्थित बालकृष्ण ग्राउंड में आज से शुरू हो रहे नौ दिवसीय संगीतमय श्री राम कथा महोत्सव में ब्रह्मास्त्र विद्या शक्ति पीठाधीश्वर तथा अंतरराष्ट्रीय कथा प्रवक्ता आचार्य श्री रसराज मृदुल जी महाराज के द्वारा भगवान श्री राम की कथा सुनाई जाएगी, जिसमें सभी क्षेत्रवासी आमंत्रित हैं। कर्नलगंज पहुंचे आचार्य रसराज मृदुल जी को देखने तथा उनका आशीर्वाद लेने के लिए हजारों की संख्या में लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी, जहां लोगों ने उनका आशीर्वाद लिया। नगर में आज से शुरू हो रहे दो दिवसीय श्रीराम कथा महोत्सव में विभिन्न तरह के कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। जिसमें प्रथम दिवस बड़े ही धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ विशाल शोभायात्रा का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों की संख्या में पुरुष व महिलाओं की मौजूदगी रही। कार्यक्रम के दूसरे दिन श्री शिव पार्वती विवाह, तीसरे दिन श्री राम जन्मोत्सव, चौथे दिन श्रीराम बाल चरित्र, पांचवे दिन श्री सीताराम विवाह महोत्सव, छठे दिन श्री राम वन गमन यात्रा केवट प्रेम, सातवें दिन भरत चरित्र, तथा आठवें दिन श्री हनुमंत चरित्र एवं सुंदरकांड के पाठ का आयोजन किया जाएगा, नौवें दिन भगवान श्री राम का भव्य राज्य अभिषेक महोत्सव आयोजित होगा।

श्री हनुमानगढ़ी सेवा समिति के तत्वाधान में आयोजित हो रहे नौ दिवसीय श्रीराम कथा महोत्सव मेंभाजपा के दर्जनों पदाधिकारियों के साथ संभावित प्रत्याशियों की मौजूदगी रही। जिन्होंने कार्यक्रम में पूरे जोश और उत्साह के साथ हिस्सा लेकर श्री राम कथा महोत्सव का शुभारंभ कराया।

### सड़कों पर कोहरे के कारण छाया सन्नाटा, अलाव का सहारा लेकर बैठे रहे लोग

**बांदा, (यूएनएस)।** बुंदेलखंड में मंगलवार को फिर से घना कोहरा छाया रहा। कड़ाके के सर्दी गलन से आम जनजीवन अस्त-व्यस्त रहा। रोड में आने जाने वाले वाहन अपनी गाड़ियों की लाइट जलाकर धीमी गति से चलते नजर आए। लोग आग का सहारा लेकर आग सेंकते हुए नजर आए। घना कोहरा होने की वजह से लोग भी अपने घरों से कम ही बाहर निकले हैं, लोगों ने बताया कि अब सर्दी गलन और बढ़ जायेगी। सर्दी को देखते हुए रैन बसेरा दुरुस्त करने, शहर सहित अन्य जगहों पर अलाव जलाने के भी निर्देशित किया गया है। अचानक बदले मौसम के मिजाज ने लोगों को सिकुड़ने में मजबूर कर दिया है। लोग घरों में दुबके हैं। दोपहर करीब 12 बजे तक कोहरा छाया रहा। सड़कों पर लोग सड़कों पर लोग आग जलाकर तापी नजर आ रहे हैं।

## दुकानों-मकानों का फिर से कराया जाए सर्वे

**ओवरब्रिज के लिए हुआ था अधिग्रहण, मुआवजे से व्यापारी नाखुश**

**अयोध्या, (यूएनएस)।** जिले के फतेहगंज में बन रहे ओवरब्रिज निर्माण के लिए हो रहे जमीन अधिग्रहण में बहुत कम मुआवजा दिया जा रहा है। साथ ही पट्टा सुदा जमीन पर भी बने भवन पर स्वामियों को कोई मुआवजा नहीं दिया जा रहा है। ऐसे में काफी व्यापारी परेशान हैं। मंगलवार को अयोध्या वरिष्ठ व्यापारी नेता मनोज जायसवाल मुआवजा देने की मांग को लेकर फतेहगंज के व्यापारियों संग जिलाधिकारी को संबोधित एक ज्ञापन एडीएम प्रशासन को सौंपा है। मनोज जायसवाल ने बताया कि क्षत्रिय बोर्डिंग से लेकर जीआईसी तक फ्लाईओवर बनना प्रस्तावित है, जल्द ही उत्तर प्रदेश सेतु निगम उस पर कार्य प्रारम्भ करेगा। इस फ्लाई ओवर के बनने से बहुत से आवास एवं व्यवसायिक प्रतिष्ठान को नोटिस सौंपी जा चुकी है। किन्तु कुछ निवासियों एवं व्यवसायियों को मुआवजे की राशि नहीं मिली है। जबकि कुछ लोग मुआवजे की राशि कम होने के कारण संतुष्ट नहीं है। मनोज जायसवाल ने कहा कि कई परिवार ऐसे है कई पीढ़ियों से रह रहे है। अब उनकी जमीन और दुकान अधिग्रहण में जा रहा है। उल्टे उन्हें मुआवजा भी नहीं मिल रहा है। कुछ लोगों को जो मुआवजा मिल भी रहा है, वह बहुत कम है। वह इतने कम समय में कहा घर बनाएंगे और कहां व्यापार करेंगे। स्थानीय व्यापारियों की मांग है कि फ्लाई ओवर के बनने का कोई विरोध नहीं किन्तु जो भी इससे प्रभावित हो रहे है। उन्हें कम से कम इतना मुआवजा मिले कि वे अपना अतिकर्मित हिस्सा तोड़वा सके, अपना घर बनवा सके एवं अपना व्यवसाय कर सके की मांग की गयी।

### गन्ने के खेत में मिला युवती का शव, देर शाम तक न लौटने पर परिजनों ने शुरू की तलाश

**गोण्डा, (यूएनएस)।** गोंडा कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के एक गांव में 20 वर्षीय युवती का संदिग्ध परिस्थितियों में गन्ने के खेत में शव मिला है। दरअसल सोमवार की शाम युवती अपने गन्ने के खेत गई थी। जब देर शाम तक घर नहीं लौटी तो परिजनों ने उसे ढूंढना शुरू किया पूरी रात परिजन युवती को ढूंढते रहे लेकिन उसका कही पता नही चला। मंगलवार की सुबह गांव से कुछ दूर बने कम्पॉजिट विद्यालय के बगल गन्ने के खेत में युवती का शव बरामद हुआ। शव मिलने से इलाके में सनसनी फैली गई। युवती का शव मिलने की सूचना पाकर आस पास के लोग इकट्ठा हो गए जिसके बाद घटना की सूचना पुलिस को दी गई। युवती का शव बरामद होने के बाद सूचना पर पहुंची पुलिस ने आशंका के आधार पर शव को कब्जे में लेकर डॉग स्क्वायड वा फॉरेंसिक टीम को भी घटना स्थल पर बुलाई गई मौकेपर पहुंची जांच टीम ने घटना स्थल का मुवायना किया और बारीकी से साक्ष्य इकट्ठा किया पुलिस ने शव का पंचनामा कराकर शव को पोस्मार्टम के लिए भेज दिया है। सोमवार को देर शाम जानवरों के लिए चारा लाने के लिए युवती अपने खेत गई थी।सुबह गांव के बाहर गन्ने के खेत में युवती का शव बरामद हुआ तो परिजनों में कोहराम मच गया सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे ले लिया है। हालाकि प्राथमिक जांच में युवती के चेहरे और पेट पर हलकी चोट का निशान देखा गया जिसको लेकर इस मौत को संदिग्ध माना जा रहा है हालाकि की परिजन भी इस घटना को सामान्य मौत ही मान रहे है।

## कृषि और एयरक्राफ्ट सेक्टर में निवेश करेगा फ्रांस

**लखनऊ, (यूएनएस)।** किसानों की आय दोगुनी करने के योगी सरकार के लक्ष्य को हासिल करने में अब फ्रांस की कंपनियां भी सहयोग करेंगी। फ्रांस में निवेश की संभावनाएं तलाशने गई टीम योगी को कृषि और एयरक्राफ्ट मेंटेनेंस जैसे क्षेत्रों में कंपनियों की ओर से निवेश के महत्वपूर्ण प्रस्ताव मिले हैं। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल के फ्रांस के पेरिस में रोड शो व बिजनेस मीटिंग के दौरान यह प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। वहीं, जलशक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह के नेतृत्व में सिंगापुर गए प्रतिनिधिमंडल ने भी सिंगापुर के व्यापारिक समुदाय के साथ 7700 करोड़ के एमओयू पर हस्ताक्षर किए हैं जबकि यूके और यूएस जैसे देशों से चार लाख करोड़ के निवेश के प्रस्ताव मिल चुके हैं। अधिकृत सूत्रों ने बताया कि श्री योगी ने फरवरी 2023 में होने जा रही ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के जरिए 10 लाख करोड़ रुपए के निवेश का लक्ष्य रखा है। डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य और आईटी मंत्री योगेंद्र उपाध्याय के नेतृत्व में फ्रांस में रोड शो व बिजनेस मीटिंग के जरिए हजारों करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए। प्रतिनिधिमंडल ने इनोटेरा एजी के सीईओ पास्कल फॉन से मुलाकात की है। जिन्होंने प्रदेश सरकार के साथ 1000 करोड़ के निवेश इंटेंट पर हस्ताक्षर किए। इस निवेश के जरिए इनोटेरा प्लेटफॉर्म का सेट-अप किया जाएगा। प्रतिनिधिमंडल सैफरन ग्रुप के सीनियर वाइस प्रेसीडेंट इंटरनेशनल एंड पब्लिक अफेयर्स मार्टिन क्लॉट्ज से मुलाकात की और उत्तर प्रदेश में निवेश योजनाओं पर चर्चा हुई। प्रतिनिधिमंडल ने उन्हें यूपीजीआईएस 2023 के लिए आमंत्रित किया है। इंटरनेशनल कॉर्पोरेशन के सीनियर वाइस प्रेसीडेंट माइकल पैसकॉफने उत्तर प्रदेश में एयरक्राफ्ट मेंटीनेंस रिपेयर और ओवरहॉल के क्षेत्र में निवेश के प्रति उत्सुकता जाहिर की।

## एक रात में दो घरों में चोरी, जेवरात एवं गृहस्थी का सामान भी उठा ले गए चोर

**अयोध्या, (यूएनएस)।** ठंड शुरु होते ही क्षेत्र में चोरी होना शुरू हो गया है एक ही रात में कोतवाली क्षेत्र के डीली गिरधर गांव में चोरों ने दो घरों को निशाना बना डाला। सुबह घटना की जानकारी होने पर पीड़ितों ने पुलिस को तहरीर दी। तहरीर मिलने के बाद पुलिस जांच में जुट गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना कोतवाली इनायत नगर क्षेत्र के डीली गिरधर गांव पूरे प्रकाश गांव में चोरों ने दो घरों के खिड़की और दरवाजे तोड़कर लाखों रुपए के कीमती जेवरात एवं गृहस्थी का सामान पार कर दिया। घटना की जानकारी के बाद दोनों पीड़ितों ने इनायत नगर कोतवाली पुलिस को कार्यवाही किए जाने हेतु तहरीर दी है। पूरे प्रकाश गांव निवासी राजेंद्र कुमार ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि उनके घर के पीछे की दीवाल में लगी खिड़की को रात में अज्ञात चोरों ने तोड़ दिया और कमरे में रखा बॉक्स उठा ले गए। बॉक्स में जेवरात एवं 11 हजार नकदी भी रखे हुए थे। चोरों द्वारा पार किया गया बॉक्स गांव के ही राम सिंह के खेत में मिला। इसके अलावा गांव के ही गोंडा में तैनात रेलकर्मी जग प्रसाद के घर में बंद ताले को चोरों ने रात में तोड़ दिया और घर में रखे बॉक्स के तालों को भी तोड़ कर खूब इत्मीनान से चोरी की। पीड़ित का आरोप है कि चोरों ने बॉक्स में रखें चांदी एवं सोने के आभूषण सहित 12 हजार रुपए नकद भी पार कर दिए हैं। दोनों पीड़ितों ने कार्यवाही के लिए पुलिस को तहरीर दिया है। हालांकि पुलिस ने अभी प्रकरण में प्राथमिकी नहीं कायम की है। इस संबंध में जब प्रभारी निरीक्षक अमरजीत सिंह से जानकारी चाही गई तो उन्होंने बताया कि हमको घटना की जानकारी नहीं है हो सकता है क्षेत्रीय दरोगा को जानकारी हो फिलहाल ऐसा है तो मुकदमा दर्ज कर अज्ञात चोरों की तलाश की जाएगी।

## कन्यादान उत्सव कल, 5 गरीब कन्याओं का होगा सामूहिक विवाह

**लखनऊ, (यूएनएस)।** श्री राधा सखी सेवा परिवार समिति द्वारा सामूहिक विवाह कन्यादान उत्सव का आयोजन 22 दिसंबर दिन गुरुवार को दोपहर 12.00 बजे श्री मौसमगंज रामलीला मैदान मानस मन्दिर डालीगंज में किया जायेगा। संस्था की संस्थापक सुषमा अग्रवाल ने बताया कि कार्यक्रम में 5 कन्याओं का कल्याण मंडप सम्पन्न होगा। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम सुबह 10.00 बजे से शाम 6.00 बजे तक चलेगा। जिसमें प्रात 11.00 बजे पांचो दूल्हों की बारात विवाह स्थल पर आएगी। दोपहर 12.15 बजे जयमाल का कार्यक्रम होगा। शाम 5.00 बजे से भजन संध्या होगी। जिसमें पवन मिश्रा व श्री राधा सेवा परिवार समिति की सखियों द्वारा विवाह गीत प्रस्तुत किए जाएंगे। बाद में पांचों कन्याओं की विदाई गोधूलि वेला में की जाएगी। उन्होंने बताया कि इस मौके पर सभी वर वधू को आशीर्वाद देने के लिए उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ दिनेश शर्मा जी, क्षेत्रीय विधायक डॉ नीरज बोरा जी व आध्यात्मिक गुरु अर्पणा निवेटिया जी उपस्थित रहेंगे।

## मायावती ने संगठन में किया बड़ा बदलाव, विश्वनाथ पाल को बनाया प्रदेश का नया अध्यक्ष

**लखनऊ, (यूएनएस)।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) सुप्रीमो मायावती ने मंगलवार को अति पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) का प्रतिनिधित्व करने वाले विश्वनाथ पाल को पार्टी का नया प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया है। पाल को बसपा अध्यक्ष के विश्वासपात्र सिपहसालारों में गिना जाता है। अयोध्या के मूल निवासी विश्वनाथ पाल अब तक पार्टी में मुख्य सेक्टर प्रभारी की भूमिका में थे। बसपा अध्यक्ष ने मौजूदा प्रदेश अध्यक्ष भीम राजभर को बिहार में कोआर्डिनेटर के पद की जिम्मेदारी दी है। मायावती ने ट्वीट कर पाल की नियुक्ति का ऐलान किया। उन्होने कहा'' वर्तमान राजनीतिक हालात को मद्देनजर रखते हुए बी.एस.पी., यू.पी. स्टेट संगठन में किए गए परिवर्तन के तहत विश्वनाथ पाल, मूल निवासी अयोधा के निवासी है। अयोध्या को बी.एस.पी. यूपी स्टेट का नया प्रदेश अध्यक्ष बनाये जाने पर उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। उन्होने कहा 'विश्वनाथ पाल, बी.एस.पी. के पुराने, मिशनरी कर्मठ व वफादार कार्यकर्ता हैं। मुझे पूरा भरोसा है कि वे विशेषकर अति-पिछड़ी जातियों को बी.एस.पी. से जोड़कर, पार्टी के जनाधार को बढ़ाने में पूरे जी-जान से काम करके सफलता जरूर अर्जित करेंगे। बसपा अध्यक्ष ने भीम राजभर के प्रति आभार जताते हुये कहा '' इनसे पहले भीम राजभर ने भी बी.एस.पी.यू.पी. स्टेट अध्यक्ष के पद पर रहकर, पार्टी के लिए पूरी ईमानदारी व वफादारी से कार्य किया है, जिनकी पार्टी आभारी है तथा इनको अब पार्टी ने बिहार प्रदेश का कोआर्डिनेटर बना दिया है।

# संक्षिप्त समाचार

## कांग्रेस नेता नौशाद हुसैन की मौत पर आयोजित हुई शोक सभा

**सुल्तानपुर, (यूएनएस)।** शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नौशाद हुसैन की सड़क दुर्घटना में मौत पर कांग्रेस दफ्तर पर शोक सभा का आयोजन किया गया। प्रदेश संगठन प्रभारी अनिल यादव की मौजूदगी में जिला कांग्रेस कमेटी में शोक सभा का आयोजन कर कांग्रेसियों ने दिवंगत नेता को श्रद्धांजलि दी। प्रदेश संगठन प्रभारी अनिल यादव और प्रदेश सचिव मोहम्मद अनीस खां की मौजूदगी में दर्जनों कांग्रेसियों ने जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा के साथ शहर अध्यक्ष की कांग्रेस के प्रति निष्ठा पर विचार व्यक्त किया। यहां उनकी याद में 2 मिनट का मौन रखा गया। कार्यक्रम के बाद अनिल यादव के साथ कांग्रेसी नौशाद हुसैन के बाजार स्थित उनके आवास पहुंचे। जहां उनको पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि भेंट की। यहां अनिल यादव ने कहा, नौशाद हुसैन कांग्रेस के सच्चे सिपाही थे। छात्र संगठन से लेकर कांग्रेस शहर अध्यक्ष तक का सफर उन्होंने तय किया। कांग्रेस संगठन के लिए काम करते हुए हमेशा उन्होंने पार्टी को मजबूत किया। उनकी समय से पहले हुई मौत से पार्टी को बहुत क्षति पहुंची है। पूरा कांग्रेस परिवार उनके परिवार के साथ दुख की इस घड़ी में शामिल हुआ है। उनके परिवार को जब भी आवश्यकता होगी कांग्रेस के लोग उनके लिए हर स्तर पर डटे रहेंगे। देर शाम शहर के ईदगाह में उन्हें सुपुर्द-ए-खाक किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ नेता प्रमोद मिश्र, लक्ष्मीकांत, विश्व हरि त्रिपाठी, ओपी चौधरी, लाल पदमा कर, सुब्रत सिंह सनी, तेज बहादुर पाठक, अनवर, वरुण मिश्रा, डीसी पांडे, विजयपाल, पवन मिश्रा, राजेश श्रीवास्तव, ओम प्रकाश दुबे, राजदेव शुक्ल सहित सैकड़ों कांग्रेसी उपस्थित रहे।

## छात्राओं को मिले स्मार्टफोन, छात्रा बोली- योगी-मोदी का धन्यवाद

**सुलतानपुर, (यूएनएस)।** जिले के गनपत सहाय पीजी कॉलेज में मंगलवार को बीकॉम के छात्र-छात्राओं को स्मार्टफोन का वितरण किया गया। फोन पाकर बीकॉम फाइनल ईयर की छात्रा शिखा तिवारी ने कहा कि योगी-मोदी को हम धन्यवाद देते हैं। हमारे पास स्मार्टफोन नहीं था। कोरोना कॉल में जब ऑनलाइन क्लासेज चलती थी तो मैं पढ़ नहीं पा रही थी। आज हुये कॉलेज में स्मार्टफोन वितरण कार्यक्रम को लेकर कॉलेज के प्रिंसिपल ने बताया कि बीकॉम के सभी 155 छात्र-छात्राओं को स्मार्टफोन वितरित किया गया है। कल बीएससी एजी और सभी बीएससी के छात्र-छात्राओं को स्मार्टफोन वितरित करेंगे। इसके अलावा 22 दिसंबर को बीए के 14 सौ से अधिक बच्चों को वितरण किया जायेगा। उन्होंने ये भी बताया कि स्कूल में 2328 बच्चे हैं सभी को स्मार्ट फोन वितरित किया जायेगा। संपन्न हुये कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा नेता व कॉलेज के प्रबंधक ओम प्रकाश बजरंगी रहे। उन्होंने कहा कि इस समय ऑनलाइन की सुविधा है। छात्र-छात्राओं को किसी तरह की कठिनाई ना आने पाये। इसके लिये उत्तर प्रदेश सरकार की मंशा है जो भी स्नातक-परास्नातक पास छात्र छात्राएं हैं क्योंकि इस समय डिजिटल क्रांति है।

## आर्य समाज के वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का समापन

**कथा वाचक ने सुनाई कथा, श्रीराम के संघर्षीय जीवन पर डाला प्रकाश**

**सुलतानपुर, (यूएनएस)।** आर्य समाज के वार्षिक उत्सव के समापन दिवस पर राम कथा वाचक कुलदीप आर्य ने मर्यादा पुरुषोत्तम राम के संघर्षों का वर्णन किया। जिसमें जैसे ही राम के राज्याभिषेक की घोषणा हुई, तुरंत मंथरा ने कैकई को भड़का कर कोप भवन पहुंचा दिया। कुलदीप आर्य महाराज ने बताया कि संयंत्र से हमेशा सचेत रहना चाहिए। षड्यंत्र हमेशा विनाश के कारण बनते हैं। राजा दशरथ ने रघुकुल रीति सदा चली आई, प्राण जाए पर वचन न जाई के अनुरूप कहे गए अपने दो वरदान कैकई को दिए, जिसमें भरत को राज्याभिषेक और राम को वनवास निहित था। इस प्रकार मर्यादा पुरुषोत्तम राम का संघर्षीय जीवन प्रारंभ हुआ। आर्य समाज मंदिर बाधमंडी पर आयोजित इस कार्यक्रम में स्वामी सूचीशदमुनि वेद सद्गमुनि व राम मगन आर्य ने भी अपनी बातें रखी। इसके पूर्व इस रात्रि कालीन सभा का प्रारंभ कांग्रेस जिला अध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। संचालन डॉ अरविंद चतुर्वेदी ने किया। उपस्थित प्रमुख लोगों में धूरेंद्र सिंह, रोहित सिंह, सौरभ त्रिपाठी, शेषमणि मिश्रा हरिव्रत मिश्रा, मनीष तिवारी, संतोष दुबे, प्रधानाचार्य अरविंद पांडे, नीलिमा चतुर्वेदी, गायत्री सिंह, अप्रतिम, वसंत यादव, राजीव सुभाष दिनेश, अरविंद पांडे, प्रधानाचार्य वीरेंद्र मिश्रा, प्रधानाचार्य अजीत द्विवेदी, मनीष मिश्रा विवेकानंद रजनीकांत जयसिंह मीनाक्षी, सीमा वर्मा कल्पना रूपा शर्मा इत्यादि रहे।

## छात्र-छात्राओं को मिले स्मार्ट फोन

**सुलतानपुर, (यूएनएस)।** सरकार की महत्वाकांक्षी योजना डिजिटल एजूकेशन (डिजी शक्ति) के तहत संत तुलसीदास पीजी कॉलेज कादीपुर में टैबलेट व स्मार्ट फोन वितरित किए गए। शैक्षणिक सत्र 2021-22 से सम्बंधित बीए तृतीय वर्ष के 548 एवं उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय से पंजीकृत 34 छात्र छात्राओं को जिला पर्यवेक्षक ओंकारनाथ मिश्रा एवं मुख्य अतिथि प्रबन्धक सौरभ त्रिपाठी एवं प्राचार्य प्रो आरएन सिंह की उपस्थिति में स्मार्टफोन,टैबलेट वितरण किया गया। इस अवसर पर छात्र छात्राओं को सम्बोधित करते हुए महाविद्यालय प्रबन्धक सौरभ त्रिपाठी ने कहा कि वर्तमान सरकार की योजनानुसार डिजी शक्ति के तहत निरू शुल्क स्मार्टफोन टैबलेट से युवाओं के शैक्षिक विकास में महत्वपूर्ण उपादेयता को सिद्ध कर रही है। स्मार्टफोन टैबलेट से आज युवाओं में सामान्य ज्ञान सहित विभिन्न तकनीकी जानकारी से छात्र छात्राएं अपने को सदैव अपडेट रखने में सक्षम हो रहे हैं। प्राचार्य प्रो आरएन सिंह ने अपने सम्बोधन में बताया कि आधुनिक युग के डिजिटल एजूकेशन के दौर में आवश्यकता इस बात की है कि युवा पीढ़ी समय के अनुरूप स्वयं को सक्षम बनाये, जिसके तद्क्रम में मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार की स्मार्टफोन टैबलेट वितरण योजना निरू सन्देह प्रासंगिक हो रही है। शैक्षणिक सत्र 2021-22 से सम्बंधित बीए तृतीय वर्ष के 548 छात्र छात्राओं को स्मार्टफोन,टैबलेट का वितरण नोडल अधिकारी व पूर्व प्राचार्य प्रो जितेन्द्र कुमार तिवारी सहित डॉ समीर पाण्डेय, डॉ विजय तिवारी डॉ चन्द्र प्रकाश श्रीवास्तव आदि के नेतृत्व में किया गया, जबकि राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय से सम्बंधित छात्र छात्राओं को नोडल अधिकारी प्रो शैलेन्द्र पाण्डेय सहित डॉ जितेन्द्र कुमार उपाध्याय, डॉ राजकुमार सिंह, डॉ राजित राम यादव एवं डॉ सुरेन्द्र प्रताप तिवारी के द्वारा वितरित किया गया। राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय के छात्र छात्राओं को सम्बोधित करते हुए समन्वयक प्रो शैलेन्द्र पाण्डेय ने बताया कि इस केन्द्र पर उत्तर प्रदेश राजर्षी टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय से सम्बद्ध वर्तमान में 103 पाठ्यक्रम संचालित हो रहे हैं। जिसके सन्दर्भ में स्मार्टफोन टैबलेट वितरण में शामिल छात्र छात्राओं को जागरूक किया गया।

## इंस्पेक्टर नीशू तोमर पर 50 हजार का इनाम, 10 दिन में दूसरी बार बढ़ी इनाम की राशि

**सुलतानपुर, (यूएनएस)।** जिले में सितंबर में पुलिस हिरासत से फरार हुये इंस्पेक्टर नीशू तोमर पर डीआईजी ने 50 हजार का इनाम घोषित किया है। दस दिन पूर्व एसपी सुल्तानपुर ने लापता इंस्पेक्टर पर 25 का इनाम रखा था। इंस्पेक्टर को बचाने के लिए कई अधिकारियों ने कोशिश की थी। इंस्पेक्टर नीशू तोमर पर जिले के हलियापुर थाने में तैनाती के दौरान एक महिला सिपाही के साथ लंबे समय तक रेप का आरोप लगा है। इस आधार पर कोतवाली नगर में जुलाई में मुकदमा दर्ज किया गया था। 22 सितंबर को जिला सत्र न्यायालय से महिला थाने की पुलिस उन्हें महिला थाने लेकर आई थी। जहां पर तत्कालीन महिला थानाध्यक्ष मीरा कुशवाहा को वो चकमा देते हुए फरार हो गए थे। इंस्पेक्टर की पत्नी कुसुम की ओर से हाईकोर्ट में हैबियस कार्पस याचिका दाखिल की गई, जिसमें पति को लाये जाने की पत्नी ने गुहार लगाई गई थी। तत्काल प्रभाव से प्रकरण को संज्ञान में लेते हुये एसपी सोमेन वर्मा ने थानाध्यक्ष महिला मीरा कुशवाहा को सस्पेंड कर दिया था। पूरे मामले की जांच सीओ सिटी राघवेंद्र चतुर्वेदी को सौंप दी थी।

# पाकिस्तानी विदेश मंत्री के खिलाफ परिवाद दाखिल, याचिका के समर्थन मे उतरे वकील

**प्रतापगढ़, (यूएनएस)।** भारतीय पीएम तथा भारत के खिलाफ पाकिस्तानी विदेश मंत्री विलावल भुटटो व पाक सरकार की मंत्री शाजिया मर्री के आपत्तिजनक बयानबाजी को लेकर मंगलवार को लालगंज सिविल न्यायालय मे परिवाद दाखिल किया गया है। ऑल इण्डिया रूरल बार एसोशिएसन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने कोर्ट मे दाखिल की गयी अपनी याचिका मे कहा है कि पाकिस्तानी विदेश मंत्री विलावल भुटटो के द्वारा भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ घोर आपत्तिजनक अपमानजनक टिप्पणी से भारत के लोगों मे आक्रोश उत्पन्न हो गया है। वहीं पाकिस्तान की मंत्री शाजिया मर्री के द्वारा भारत को परमाणु हमले की चेतावनी भी जेनेवा समझौते के अन्तर्राष्ट्रीय कानून का पाकिस्तान द्वारा सरासर किया गया उल्लंघन है। याचिका में ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने कोर्ट से पाकिस्तान के विदेश मंत्री विलावल भुटटो तथा पाकिस्तान की मंत्री शाजिया मर्री के खिलाफ भारतीय कानून के मुताबिक राष्ट्रद्रोह का मुकदमा चलाए जाने की मांग की है। याचिकाकर्ता की ओर से कोर्ट मे बहस करते हुए संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश व वरिष्ठ अधिवक्ता रमेश पाण्डेय ने कोर्ट को बताया कि उनके याची ज्ञानप्रकाश शुक्ल द्वारा इस मामले में प्रतापगढ़ के एसपी सतपाल अंतिल को रजिस्टर्ड डाक से दोनों पाकिस्तानी आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किए जाने की गुहार लगायी जा चुकी है। याचिकाकर्ता ने लालगंज कोतवाली भी पहुंचकर प्रभारी निरीक्षक कमलेश पाल व लालगंज सीओ रामसूरत सोनकर को भी एफआईआर दर्ज करने के लिए प्रार्थना पत्र सौंप रखा है। याचिका की सुनवाई करते हुए सिविल जज कुंवर दिव्यदर्शी ने लालगंज कोतवाली से प्रार्थना पत्र पर कार्रवाई का विवरण तलब करते हुए आगामी पांच जनवरी को परिवाद की पोषणीयता पर सुनवाई का न्यायिक आदेश पारित किया है। कोर्ट मे जैसे ही ज्ञानप्रकाश बनाम विलावल भुटटो आदि के मुकदमे की पुकार हुई वहां मौजूद वकीलों तथा वादकारियों मे कौतूहल भी देखने को मिला। याचिका दाखिल होने को लेकर वकील भी रूरल बार के अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल की मांग के समर्थन में दीवानी कोर्ट परिसर मे इकट्ठा हो गये।वकीलों ने भारत माता के जयकारे के साथ पाकिस्तान व बिलावल भुटटो के खिलाफ घण्टो जमकर नारेबाजी की।याचिकाकर्ता ज्ञानप्रकाश शुक्ल का कहना है कि उन्हें कोर्ट व भारतीय संविधान पर भरोसा है। उन्होंने भारत सरकार से भी मांग की है कि वह पाकिस्तानी उच्चायोग के माध्यम से पाकिस्तानी विदेश मंत्री विलावल भुटटो व मंत्री शाजिया मर्री को भारतीय अदालत मे पेश होने का सम्मन तामील कराये। बता दें पाकिस्तान के विदेश मंत्री विलावल भुटटो ने अपने बयान में भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ अपशब्दों का प्रयोग करते हुए भारत के खिलाफ जहर उगला था। वहीं पाकिस्तानी मंत्री शाजिया मर्री ने भी पाकिस्तान के परमाणु बम का हवाला देते हुए भारत के खिलाफ धमकी भरा बयान दिया था। मामले को लेकर लोगों मे पाकिस्तानी मंत्रियो के खिलाफ गुस्सा बरकरार है। मंगलवार को लालगंज कोर्ट में पाकिस्तानी विदेश मंत्री के खिलाफ परिवाद को लेकर यहां तहसील तथा बाजार मे भी इसकी चर्चा सरगर्मी से फैल गयी। लोगों की निगाह अब आगामी पांच जनवरी को अदालत के अगले आदेश पर सरगर्मी से टिकी देखी जा रही है।

# अजय राय के बयान के बाद सियासत हुई तेज

**भाजपा नेता ने राहुल गांधी पर साधा निशाना, कहा, अमेठी से माफी मांगे**

**अमेठी, (यूएनएस)।** देश की सियासत में अपनी अलग पहचान रखने वाली अमेठी में एक बार फिर सियासत तेज हो गई है। अभी लोकसभा चुनाव में लंबा समय है, लेकिन उसके बावजूद भी अमेठी में लोकसभा चुनाव को लेकर माहौल गर्म हो चुका है। अभी हाल ही में कांग्रेस के प्रांतीय अध्यक्ष अजय राय अमेठी पहुंचे थे और अमेठी में प्रदेशिक भारत जोड़ो यात्रा निकाल रहे थे। इस दौरान उन्होंने जायस में एक संबोधन के दौरान कहा कि 2024 में अमेठी से राहुल गांधी चुनाव लड़ेंगे और इस निकाय चुनाव में कांग्रेस पार्टी को वोट कीजिए, जिससे राहुल गांधी को हम सब लोग अमेठी लेकर आएं। वहीं एक बार फिर अजय राय ने मिर्जापुर में राहुल गांधी के अमेठी से चुनाव लड़ने की बात कही। इस दौरान अजय राय ने केंद्रीय मंत्री और अमेठी सांसद स्मृति ईरानी को लेकर विवादित टिप्पणी भी कर दी। प्रांतीय अध्यक्ष के विवादित बयान के बाद केंद्रीय मंत्री और सांसद स्मृति ईरानी ने राहुल गांधी को टैग करते हुए ट्वीट किया। राहुल गांधी से पूछा की आपके एक प्रांतीय अध्यक्ष 2024 में आपकी अमेठी से चुनाव लड़ने की बात कर रहे हैं। क्या आप अमेठी से चुनाव लड़ेंगे, डरेंगे तो नहीं, भागेंगे तो नहीं। अब निश्चित तौर पर यह कहा जा सकता है की जिस तरह से अमेठी लोकसभा सीट को लेकर सियासत हो रही है उसे साफ लग रहा है कि लोकसभा चुनाव में अभी भले ही वक्त है, लेकिन अमेठी में महासंग्राम शुरू हो चुका है। अमेठी के जरिए उत्तर प्रदेश में कांग्रेस अपनी पैठ को मजबूत करना चाहती है। केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी पिछले 10 सालों से अमेठी में सक्रिय हैं। कहा जाय तो 2014 में अमेठी से चुनाव हारने के बाद में वो अमेठी में लागतर बनी रहीं। चुनाव हारने के बाद राहुल गांधी ने अमेठी मुड़कर नहीं देखा। पिछले विधानसभा चुनाव में ही दो बार अमेठी आये। वहीं अजय राय के बयान को लेकर भाजपाइयों में भी काफी नाराजगी है। भाजपा के जिला महामंत्री सुधांशु शुक्ला ने कहा कि मैं राहुल गांधी से पूछना चाहता हूँ कि क्या राहुल गांधी भारत जोड़ो यात्रा महिलाओ के अपमान के लिये निकाल रहे हैं। जनता द्वारा चुनी गई सांसद स्मृति ईरानी अमेठी के विकास को लेकर समर्पित हैं। जो काम राहुल गांधी नहीं कर पाए उसे स्मृति ईरानी कर रही हैं। राहुल गांधी अपनी हार को नंही पचा पा रहे हैं। राहुल गांधी अपने नेताओं को उकसा कर ऐसा घटिया बयान दिलवा रहे हैं। राहुल गांधी जी आपको इस बयान के लिए पूरे अमेठी से माफी मांगनी पड़ेगी।

## बलिदान दिवस पर काकोरी कांड के महानायकों को किया नमन

**शाहजहांपुर, (यूएनएस)।** जिले में काकोरी कांड के महानायक पंडित रात प्रसाद बिस्मिल, अशफाक उल्ला खां और ठाकुर रोशन सिंह का आज बलिदान दिवस है। इस मौके पर डीएम समेत तमाम प्रशासनिक अधिकारियों ने तीनों महानायकों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर उनको श्रद्धांजलि दी। डीएम ने अशफाक उल्ला खां की मजार पर जाकर पुष्पांजलि अर्पित की। डीएम ने कहा कि नई पीढ़ी में देश भक्ति और देश प्रेम को जागरूक करने के लिए जिले भर में अलग अलग जगहों पर प्रशासन की तरफ से कार्यक्रम कर जागरूक किया जा रहा है। काकोरी कांड के महानायक पंडित राम प्रसाद बिस्मिल, अशफाक उल्ला खां और ठाकुर रोशन सिंह शाहजहांपुर के रहने वाले थे। यही कारण है कि शाहजहांपुर को शहीदों की नगरी से भी जाना जाता है। आज काकोरी कांड के महानायकों का बलिदान दिवस मनाया जा रहा है। ऐसे में प्रशासनिक अधिकारियों ने बलिदान दिवस पर बढ़चढ़कर हिस्सा लिया है। डीएम उमेश प्रताप सिंह समेत तमाम प्रशासनिक अधिकारियों ने नगर निगम और गांधी भवन में लगी महानायकों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया। उसके बाद डीएम ने अशफाक उल्ला खां की मजार जाकर चादरपोशी कर पुष्पांजलि अर्पित की। डीएम ने अशफाक उल्ला खां के परिजनों से मुलाकात कर उनके काफी देर चर्चा की।

## काकोरी कांड के महानायकों के बलिदान को याद कर निकाली तिरंगा यात्रा

**शाहजहांपुर, (यूएनएस)।** जिले में काकोरी कांड के महानायक पंडित राम प्रसाद बिस्मिल, अशफाक उल्ला खां और ठाकुर रोशन सिंह के बलिदान दिवस को याद करते हुए अलग अलग कार्यक्रम का आयोजन किया गया जा रहा है। आज सैंकड़ों स्कूली छात्र छात्राओं ने तिरंगा यात्रा निकालकर देश भक्ति के नारे लगाए। खिरनीबाग से अशफाक उल्ला खां की मजार तक तिरंगा यात्रा निकाली गई। इस दौरान स्कूली छात्रों के साथ स्कूल के शिक्षक शिक्षिकाएं भी साथ रहीं। उनकी सुरक्षा और यातायात सुचारू रखने के लिए भारी पुलिस बल भी तैनात रहा। शाहजहांपुर को शहीदों की नगरी कहा जाता है। क्योंकि काकोरी कांड के महानायक पंडित राम प्रसाद बिस्मिल, अशफाक उल्ला खां और ठाकुर रोशन सिंह शाहजहांपुर के रहने वाले हैं। ऐसे में काकोरी कांड के बलिदानियों का बलिदान दिवस बनाया जा रहा है। आज प्रशासन की तरफ से सैंकड़ों छात्र छात्राओं ने तिरंगा यात्रा का आयोजन गया। जिसमें राजकीय इंटर कालेज, आर्य महिला इंटर कालेज, एसपी कालेज, स्वामी धर्मान्द सरस्वती इंटर कालेज, देवी प्रसाद इंटर कालेज और इस्लामिया इंटर कालेज के सैंकड़ों छात्र छात्राओं ने तिरंगा यात्रा में भाग लिया। खिरनीबाग से शुरू होकर तिरंगा यात्रा को अशफाक उल्ला खां की मजार तक निकाला गया। जिसमें स्कूल के शिक्षक और शिक्षिकाएं भी मौजूद रहीं। सुरक्षा और यातायात सुचारू रखने के लिहाज से भारी पुलिस बल भी तैनात किया गया। तिरंगा यात्रा निकालने वाले छात्र छात्राओं ने कहा कि, उनको गर्व है कि, वह काकोरी कांड के महानायक पंडित राम प्रसाद बिस्मिल, अशफाक उल्ला खां और ठाकुर रोशन सिंह की सरजमीं पर हैं।

## प्रभात हत्याकांड में 21 दिसंबर को विशेष पेशी, हाईकोर्ट ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं को किया तलब

**लखीमपुर-खीरी, (यूएनएस)।** लखीमपुर खीरी के कस्बा तिकोनिया में युवा छात्र नेता प्रभात गुप्ता हत्याकांड में नया मोड़ आ गया है। जस्टिस रमेश सिन्हा व जस्टिस रेणु अग्रवाल की डबल बेंच में केंद्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्र टेनी पक्ष व प्रभात गुप्ता पक्ष के वकीलों को 21 दिसंबर को तलब किया गया है। इस मामले में सुनवाई के बाद बीते 10 नवंबर को फैसला सुरक्षित रखा गया था। माना जा रहा है कि फैसले से पहले पक्षकारों के वकीलों से 21 दिसंबर को न्यायाधीश स्पष्टीकरण लेंगे। रजिस्ट्रार (लिस्टिंग) को निर्देशित किया गया है कि वे पक्षकारों के अधिवक्ता को इस आदेश की सूचना दें, ताकि पक्षकारों के अधिवक्ता उक्त तिथि को न्यायालय के समक्ष उपस्थित होकर स्पष्टीकरण दें।

## पंचायत भवन ओसाह में मनाया गया सुशासन सप्ताह

**शिविर में आए 74 मामलों में 51 का मौके पर निस्तारण**

**न्यूज गाइड, संवाददाता**



**शिवगढ़,रायबरेली।** सुशासन सप्ताह के तहत पंचायत भवन ओसाह में समाधान शिविर आयोजित किया गया। शिविर में आए कुल 74 मामलों में से 51 का मौके पर ही निस्तारण हो गया। शिविर में राजस्व विभाग के 5, पंचायती राज विभाग के 16, महिला कल्याण विभाग के 7, कृषि विभाग के 31 सहित कुल 74 शिकायतें आई। इन शिकायतों में से सम्मान निधि के तहत आए 31 शिकायतों में से 26 का अधिकारियों द्वारा त्वरित निस्तारण कर दिया गया। पंचायती राज विभाग के 16 मामलों में से 16 का निस्तारण किया गया। महिला कल्याण व अन्य विभागों से सम्बन्धित आए मामलों के निस्तारण के लिए सम्बन्धित विभाग को पत्र लिखा गया। कैंप का उद्घाटन खण्ड विकास अधिकारी शिवकुमार द्वारा फीता काटकर किया गया। शिविर में समाज कल्याण विभाग से राजेश कुमार ,पंचायती राज विभाग, ग्राम विकास अधिकारी सतीश कुमार, मेनका सिंह, सहकारिता विभाग से अभिषेक सिंह, ग्राम प्रधान मनोज त्रिवेदी, पूर्व प्रधान प्रतिनिधि राकेश त्रिवेदी, क्षेत्र पंचायत सदस्य मालती देवी, सहित क्षेत्र के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# आवास विकास में फ्लैट बुकिंग की पूरी प्रक्रिया ऑन लाइन, बुकिंग के साथ ही 30 मिनट के अंदर मिलेगा

**लखनऊ, (यूएनएस)।** आवास विकास में अब फ्लैट खरीदने के लिए बिचौलिए और दलालों के चंगुल में कोई नहीं फसेगा। विभाग ने फ्लैट बुकिंग की पूरी प्रक्रियां ऑन लाइन कर दी है। इसमें एक क्लिक पर फ्लैट मिलेगा बल्कि 30 मिनट के अंदर आपके मेल पर आवंटन लेटर मिल जाएगा। उसके बाद बस रजिस्ट्री कराने का काम ऑफलाइन होगा। रजिस्ट्री के साथ ही फ्लैट पर कब्जा मिल जाएगा। इस दौरान बीच में किसी भी बाबू और अधिकारी की जरूरत नहीं पड़ेगी। आवास विकास मुख्यालय पर इसकी लांचिंग की गई। बड़ी बात यह है कि एक व्यक्ति कई जितने चाहे उतने फ्लैट खरीद सकता है। मौजूदा समय पूरे प्रदेश में आवास विकास के 10 हजार से ज्यादा फ्लैट खाली है। उनकी कई योजनाओं में 90 फीसदी तक फ्लैट खाली पड़े हैं। इसमें एक मुश्त पैसा जमा करने वालों को 5 फीसदी की छूट दी जाएगी। आवास आयुक्त रणवीर प्रसाद ने कहा कि मौजूदा समय कोई भी इंतजार नहीं करना चाहता है। यह प्रक्रियां सिस्टम को सरल बनाने के लिए की गई है। इससे फ्लैट खरीदना आसान होगा। आवास विकास की वेबसाइट के माध्यम से लोग अब ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कर खुद की पसंद का फ्लैट खरीद सकेंगे। बड़ी बात यह है कि इसमें योजना का नाम, फ्लोर और पूरा डिटेल शो करेगा, जिससे कि व्यक्ति अपनी पसंद का फ्लैट खरीद पाएगा। जैसे मूवी टिकट की बुकिंग में पसंद का सीट बुक कराया जाता है, इसमें भी वही सुविधा दी गई है। आवास विकास में पहले से फ्लैट तैयार है। ऐसे में खरीददार बुकिंग कराने के बाद रजिस्ट्री करा कर वहां रहना शुरू कर देगा। लखनऊ में वृंदावन योजना में सबसे फ्लैट खाली पड़े हैं। अधिकारियों का कहना है कि सप्लाई और डिमांड को देखते हुए फ्लैट का रेट कम नहीं किया जाएगा। लखनऊ में करीब 4000 फ्लैट अभी खाली हैं।

## ठेकेदार ने रोका ग्रामीणों का रास्ता, कई गांवों के आने-जाने का रास्ता बंद, ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

**शाहजहांपुर, (यूएनएस)।** जलालाबाद में गंगा एक्सप्रेस-वे का निर्माण करने वाली संस्था ने दियुरा से लाहसना जाने वाले रास्ते को बंद कर दिया है। इससे कई गांवों के लोगों का आने-जाने का रास्ता बंद हो गया है। सोमवार को ग्रामीणों ने इसके विरोध में प्रदर्शन किया और एसडीएम को ज्ञापन भी सौंपा। शाहजहांपुर जनपद के तहसील जलालाबाद क्षेत्र का है। क्षेत्र के गांव बड़ोखर, खूटा नगला के ग्रामीणों ने तहसील मुख्यालय जलालाबाद पहुंचकर आज दोपहर में प्रदर्शन किया और एक ज्ञापन उप जिलाधिकारी को सौंपा। ग्रामीणों ने बताया की गंगा एक्सप्रेस पर बनाने वाले ठेकेदारों ने मिट्टी डालकर रास्ता बंद कर दिया है । जिससे नगला नाथ, खंडार, राजपुरा दीयुरा लजसन आदि गांवों में जाने वाले ग्रामीणों को भारी समस्याओं का सामना करना पड़ेगा। सड़क यह लोग बंद कर रहे हैं उसे जलालाबाद तहसील व सदर तहसील के लगभग 20 गांव के लोग प्रभावित होंगे। ग्रामीणों की मांग है कि रास्ते को बंद ना किया जाए बल्कि ग्रामीणों को निकलने के लिए अंडरग्राउंड पुलिया बनाई जाए।

# धर्मांतरण कराने के आरोप में पति-पत्नी गिरफ्तार

**ब्राजील के 4 युवकों को भारत से भेजने की तैयारी, 300 लोग थे इकट्ठे**

**सीतापुर, (यूएनएस)।** जिले में हिंदुओं को ईसाई धर्म में सामूहिक धर्मांतरण करने का मामला सामने आया है। यहां चर्च के अंदर ब्राजील के 4 युवकों सहित दंपति द्वारा लोगों को ईसाई धर्म के फायदे गिनाए जा रहे थे और इस दौरान चर्च में तकरीबन 300 से अधिक लोग बुलाए गए थे। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस ने छापेमारी करते हुए दंपति सहित ब्राजील निवासी पति-पत्नी को गिरफ्तार कर लिया है और ब्राजील निवासी 4 विदेशी नागरिकों को भारत से वापस भेजने के लिए एसपी सीतापुर ने राजधानी स्थित फॉरेनर रीजनल रजिस्ट्रेशन ऑफिस से संपर्क किया है। मामला सदरपुर कोतवाली इलाके का है। यहां के ग्राम शाहबाजपुर में धर्मांतरण का मामला सामने आया है। जौनपुर जनपद के रहने वाले डेविड और उसकी पत्नी रिंकी गाइक्कार्ड मौजूदा समय में लखनऊ में रहते हैं और तकरीबन 2 साल पहले सदरपुर इलाके में कुछ जमीन खरीदकर यहां एक चर्च नुमा भवन का निर्माण कराया था और लगातार यहां प्रत्येक रविवार को आयोजन हुआ करते थे। बीती रात भी डेविड और उसकी पत्नी सहित ब्राजील के 4 लोग यहां पर आए और ईसाई धर्म का प्रचार प्रसार करने के लिए गांव और उसके आस-पास के तकरीबन 200 से 300 व्यक्तियों को उपहार देने और भोजन के लिए बुलाया गया था। इस कार्यक्रम के दौरान किसी अन्य ग्रामीण ने पुलिस को धर्मांतरण की सूचना दे दी और पुलिस ने रात में ही छापेमारी कर दी। पुलिस ने पति डेविड और उसकी पत्नी के खिलाफकेस दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है, जबकि ब्राजील के 4 युवकों पर टूरिस्ट वीजा का गलत प्रयोग करने और वापस भारत से भेजने के लिए पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है। एएसपी नरेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि इस मामले की गहनता से जांच की जा रही है जल्द ही अन्य पहलुओं पर भी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## स्कूल जा रही छात्रा को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर

**रायबरेली, (यूएनएस)।** जिले के शिवगढ़ थाना क्षेत्र में घर से स्कूल जा रही छात्रा को तेज रफ्तार चार पहिया वाहन ने टक्कर मार दिया जिससे वह साइकिल समेत सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। आनन-फानन में एंबुलेंस की मदद से उसे नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। जहां से प्राथमिक उपचार देकर डॉक्टरों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। देहली गांव की शीलू पुत्री सुरेंद्र कुमार कस्बे के एक स्कूल में हाईस्कूल की छात्रा है। रोज की तरह सुबह करीब 9रू30 बजे वह स्कूल जा रही थी की सरस्वती शिशु मंदिर शिवली के पास पीछे से आ रहे एक चार पहिया वाहन ने उसे जोरदार टक्कर मार दिया। टक्कर इतनी तेज थी कि वह उछलकर सड़क पर जा गिरी और गंभीर रूप से घायल हो गई। मौके पर इकट्ठा लोगों ने एंबुलेंस को फोन कर उसे अस्पताल पहुंचाया। जहां से प्राथमिक उपचार देकर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।


**उत्तर रेलवे**

**ई– ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक/फ्रेट, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई ऑक्शन से सम्बंधित सूचना।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ–उ०रे०–मण्डल– वाणिज्य/उ०रे० |
| नीलामी सूची सं०/ लॉट सं० | 14229-SLR-F1-PYGS-YNRK-22-3 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 19.12.2022 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 06.01.2023 समय 12:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 06.01.2023 समय 12:30 बजे |
| नीलामी सूची सं०/ लॉट सं० | 19402-SLR-F1-LKO-ADI-22-2 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 19.12.2022 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 06.01.2023 समय 12:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 06.01.2023 समय 12:40 बजे |
| नीलामी सूची सं०/ लॉट सं० | 22417-SLR-F1-BSB-NDLS-22-6 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 19.12.2022 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 06.01.2023 समय 12:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 06.01.2023 समय 12:50 बजे |
| नीलामी सूची सं०/ लॉट सं० | 12429-SLR-F2-LKO-NDLS-22-3 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 19.12.2022 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 06.01.2023 समय 12:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 06.01.2023 समय 13:00 बजे |
| नीलामी का प्रकार | Close Ended |
| वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

आज़ादी का अमृत महोत्सव No. C/SLR Leasing Contract-2019/KS दिनॉक : 20.12.2022

3385/2022

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# सम्पादकीय

## यादगार रहा फीफा

**दक्षिण अमेरिकी** देश अर्जेन्टीना एक बार फिर फुटबॉल का बादशाह बनकर सामने आया है। 18 दिसम्बर को कतर के लुसैल स्टेडियम में फीफा के फाइनल मुकाबले में अर्जेन्टीना और फ्रांस आमने-सामने थे। टक्कर बराबरी की थी। दोनों टीमें वर्ल्ड कप पर अपना नाम लिखवाना चाहती थीं। वैसे तो हर टीम जीतने के इरादे से ही मैदान में उतरती है। लेकिन फ्रांस वर्ल्ड कप जीत के सिलसिले को लगातार दूसरी बार बरकरार रखना चाहता था, ताकि ब्राजील के 60 साल पुराने रिकार्ड की बराबरी कर सके। वहीं अर्जेन्टीना इस कप पर अपनी दावेदारी चाहता था, क्योंकि उसके कप्तान और दुनिया के महानतम खिलाड़ियों में से एक लियोनेल मेसी का यह आखिरी फीफा मैच था। रिकॉर्ड सात बार बेलोन डी ओर खिताब जीतने वाले मेसी ने एक भी वर्ल्ड कप नहीं जीता था और वे शिद्दत से चाहते थे कि उनकी कप्तानी में अर्जेन्टीना यह करिश्मा कर दिखाए। रविवार रात को मेहनत और किस्मत के अनोखे मेल ने इस करिश्मे को सच कर दिखाया। जब मेसी ने वर्ल्ड कप उठाया, तो उसे हौले से चूमते हुए उन्होंने कहा मैं इसे बहुत शिद्दत से चाहता था। मुझे लग रहा था कि ईश्वर मुझे ये देंगे। ये मेरा लम्हा है। एक यादगार जीत का ये लम्हा मेसी के साथ-साथ हजारों-लाखों फुटबॉल प्रेमियों का भी था। जीत और हार में एक लम्हे का ही फर्क होता है, लेकिन असल होता है वह जज्बा जो हर हाल में जूझने और संघर्ष करने का हौसला देता है। फ्रांस और अर्जेन्टीना के बीच का मैच महज 90 मिनट का नहीं था, जिसमें एक टीम, दूसरे पर भारी पड़ गई और मैच जीत लिया गया। बल्कि आखिरी तक सबकी सांसें थमी रहीं। दूसरे हाफके बाद दोनों टीमें 2-2 और एक्सट्रा टाइम के बाद 3-3 से बराबर थीं। लेकिन फाइनल मैच का फैप्सला पेनल्टी शूट आउट से हुआ, जो 4-2 से अर्जेंटीना के हक में रहा। इस तरह 1978 और 1986 के बाद 2022 में फिर से अर्जेन्टीना चौंपियन बन गई। इस ऐतिहासिक जीत का जश्न मनाने के लिए लाखों लोग अर्जेन्टीना की सड़कों पर उतरे और अपने एक और सितारा खिलाड़ी माराडोना को याद करना नहीं भूले। फाइनल मैच में फ्रांस के लिए तीनों गोल उसके करिश्माई खिलाड़ी किलियन एमबापे ने किए। पूरे टूर्नामेंट में आठ गोल करने वाले एमबापे को शोल्डन बूटश् मिला, लेकिन वर्ल्ड कप हाथ में न उठा पाने का मलाल उनके चेहरे पर साफ झलक रहा था। ऐसे मौके पर उन्हें सांत्वना देने के लिए फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रो खुद मौजूद थे। अपने देश में खेल में राजनीति खूब देखी है और राजनीति के खेल भी देखते ही हैं। धर्म, जाति, क्षेत्र के नाम पर खिलाड़ियों से भेदभाव भी देखा है और उन्हें सरकार से मिलने वाले समर्थन और संसाधनों के लिए जूझते भी देखा है। खिलाड़ी जब अपने दम पर कुछ हासिल कर लेता है, तो औपचारिकता के साथ सरकारी बधाई तो मिल जाती है, लेकिन हारने पर ऐसा अनौपचारिक दिलासा शायद ही कभी मिले। बहरहाल, एमबापे के हाथ से इस बार मौका चूक गया, लेकिन उनके पास अभी और वक्त है। जबकि लियोनेल मेसी कतर से न केवल वर्ल्ड कप लेकर लौटे, बल्कि सात गोल करने की वजह से उन्हें प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट चुना गया। फीफा वर्ल्ड कप अपने रोमांचक फाइनल मुकाबले के साथ-साथ और भी कई बातों के लिए लंबे वक्त तक याद किया जाएगा। इस बार का आयोजन एक अरब देश कतर में किया गया, जो दुनिया के नक्शे में बहुत छोटा है, लेकिन अपने बड़े इरादों से उसने भव्य आयोजन को अंजाम दिया। पूरे आयोजन के दौरान कतर में विदेशी मेहमानों का जमावड़ा लगा रहा। धर्म और संस्कृतियों के कारण दुनिया में जो दीवारें खड़ी हुई हैं, इस आयोजन ने उन दीवारों में नयी खिड़कियां बनाई हैं, ताकि लोग एक-दूसरे को थोड़ा और करीब से देखें और इस बात को फिर से समझें कि रीति-रिवाजों, भाषाओं, धर्मों का फर्क होने के बावजूद इंसान की सोच, व्यवहार और फितरत एक जैसी ही रहती हैं। फुटबॉल पर यूरोप का दबदबा अधिक रहता है, लेकिन इस बार ये दबदबा टूटा है। अर्जेन्टीना ने वर्ल्ड कप में यूरोपीय देश फ्रांस को हराया है। हालांकि ये भी एक अजूबा है कि चौम्पियन बनी अर्जेंटीना की टीम को पहले ही मैच में सऊदी अरब के हाथों हार का सामना करना पड़ा था। ये मैच में इतिहास में दर्ज हो गया है। फीफा में इस बार मोरक्को का बेहतरीन प्रदर्शन भी फुटबॉल प्रशंसकों को लंबे वक्त तक याद रहेगा। वर्ल्ड कप शुरू होने से पहले फीफा रैंकिंग में मोरक्को का स्थान 22वां था, मगर उसने स्पेन, पुर्तगाल जैसी टीमों को हराया और सेमीफाइनल में पहुंचने वाली पहली अफ्रीकी टीम बनने का खिताब रचा। जापान की टीम ने भी बेहतरीन खेल दिखाते हुए दो पूर्व विजेताओं जर्मनी और स्पेन को हराकर ग्रुप में शीर्ष स्थान हासिल किया। खेल के साथ-साथ कई राजनैतिक, सामाजिक मुद्दे भी चर्चा का विषय बने। जिस तरह ईरान की टीम ने सरकार के कट्टर और संकीर्ण रवैये के खिलाफ राष्ट्रगान के दौरान चुप्पी साध ली, वह दृश्य बरसों तक शांतिपूर्ण विरोध और साहस की प्रेरणा देता रहेगा। इस आयोजन में मानवाधिकारों को लेकर भी सवाल उठे, खासकर प्रवासी मजदूरों के संबंध में। कुछ मानवाधिकार संगठनों का दावा है कि वर्ल्ड कप की मेजबानी के लिए निर्माण कार्यों के दौरान करीब छह हजार प्रवासी मजदूरों की मौत हुई।

# कांग्रेस में आलाकमान हावी

**वे यात्रा कार्यक्रम पर टिके हुए हैं तथा उन्हें पार्टी समर्थकों से अभूतपूर्व समर्थन मिला है. देश-विदेश के आदतन सामाजिक कार्यकर्ता भी फोटो खिचवाने के लिए उनकी पीठ पर चढ़े हुए हैं.**

**पार्टी छोड़ने के मामलों में कमी आयी है, लेकिन पार्टी को अब भी गांधी परिवार ही संचालित करता है, यह धारणा बनी हुई है. मल्लिकार्जुन खरगे पार्टी प्रमुख हैं, पर हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में सुखविंदर सिंह सुक्खू के चयन से स्पष्ट है कि परिवार ही अंतिम निर्णय लेता है।**

**देश की सबसे** पुरानी पार्टी कांग्रेस में बदलाव के बावजूद हालात पहले जैसे ही दिखते हैं. बीते महीनों में कांग्रेस ने लीक से हटते हुए कुछ अलग करने की कोशिश की है. इसने गांधी परिवार से बाहर के व्यक्ति को अध्यक्ष चुना है तथा स्थायी रूप से प्रतीक्षारत अध्यक्ष राहुल गांधी साढ़े तीन हजार किलोमीटर लंबी भारत जोड़ो यात्रा कर रहे हैं. वे यात्रा कार्यक्रम पर टिके हुए हैं तथा उन्हें पार्टी समर्थकों से अभूतपूर्व समर्थन मिला है. देश-विदेश के आदतन सामाजिक कार्यकर्ता भी फोटो खिचवाने के लिए उनकी पीठ पर चढ़े हुए हैं.

पार्टी छोड़ने के मामलों में कमी आयी है, लेकिन पार्टी को अब भी गांधी परिवार ही संचालित करता है, यह धारणा बनी हुई है. मल्लिकार्जुन खरगे पार्टी प्रमुख हैं, पर हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में सुखविंदर सिंह सुक्खू के चयन से स्पष्ट है कि परिवार ही अंतिम निर्णय लेता है. उनके शपथ ग्रहण कार्यक्रम में राहुल और प्रियंका की उपस्थिति से इस धारणा को बल मिला है. पार्टी के नीति के अनुसार एक व्यक्ति एक ही पद पर रह सकता है. पार्टी अध्यक्ष के रूप में सोनिया गांधी की पहली पसंद अशोक गहलोत को जब एक पद चुनने को कहा गया, तो उन्होंने मुख्यमंत्री बने रहना चुना, लेकिन खरगे ने अभी तक राज्यसत्ता में नेता विपक्ष के पद से इस्तीफा नहीं दिया है. सोनिया गांधी के उत्तराधिकारी के रूप में वे अपने बारे में खुद फैसला नहीं कर सकते हैं. यह मामला कांग्रेस के लिए मुश्किल हो सकता है. अगले साल के शुरू में कर्नाटक में चुनाव होगा. पार्टी में ऐसी चर्चा है कि गांधी परिवार अपने पसंदीदा दलित चेहरे को हटाने को लेकर असमंजस में है. वह ऐसे निष्ठावान व्यक्ति की तलाश में है, जो भाजपा द्वारा दिये गये लालच में न फंसे. ऐतिहासिक रूप से राज्यसभा में पार्टी ने ऊंची जाति के व्यक्ति को शायद ही नेता बनाया है. जनता पार्टी के शासन काल में कमलापति त्रिपाठी आखिरी ऐसे व्यक्ति थे. उसके बाद यह पद दलित या अल्पसंख्यक नेताओं को मिला है. मनमोहन सिंह 1998 से 2004 तक इस पद पर रहे थे. साल 2014 में भाजपा से बड़ी हार के बाद लोकसभा में खरगे और राज्यसभा में गुलाम नबी आजाद ने विपक्ष का नेतृत्व किया. जब खरगे को राज्यसभा में नेता बनाया गया, तो वरिष्ठ कांग्रेसी नेताओं को बड़ा अचरज हुआ था. पार्टी के उपनेता आनंद शर्मा को वह पद नहीं दिया गया. कांग्रेस के पास दिग्विजय सिंह, पी चिदंबरम, प्रमोद तिवारी और राजीव शुक्ला जैसे बड़े नेता हैं, पर वे या तो अभिजात्य हैं या ऊंची जातियों से आते हैं. परिवार खरगे की जगह मुकुल वासनिक या केसी वेणुगोपाल को नेता बना सकता है. स्पष्ट है कि भरोसेमंद सांसद के गुणों, जैसे प्रतिभा और योग्यता, का गांधी परिवार की कार्य-शैली में कोई स्थान नहीं है. हिमाचल प्रदेश की हार ने डबल इंजन की सरकार के भाजपा के नारे की हवा निकाल दी है. बेहतर विकास के लिए केंद्र और राज्य में एक ही दल को वोट देने का आग्रह भाजपा करती रही है. पार्टी के भीतर इस चुनावी सूत्र के घटते असर पर चर्चा होने लगी है. सबसे बड़ा सवाल यह है कि कौन-सा इंजन पार्टी को जीत दिलाने में असफल रहा. प्रधानमंत्री मोदी वास्तव में इसके सबसे ताकतवर इंजन हैं. ऐसा लगता है कि उन्होंने प्रचार में अधिक समय दिया होता, तो हिमाचल में जीत मिल जाती. इससे संकेत मिलता है कि जयराम ठाकुर मुख्यमंत्री के रूप में दमदार दूसरे इंजन नहीं थे. दूसरी ओर भाजपा ने गुजरात में लगातार सातवीं बार जीत हासिल की है. मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल दूसरे इंजन नहीं थे. वहां मोदी ही वाहन को तेजी से चला रहे थे, लेकिन गुजरात मॉडल हर जगह लागू नहीं हो सकता है. मोदी की दूसरी बड़ी जीत के बावजूद उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और असम के अलावा डबल इंजन का आख्यान कई राज्यों में कारगर नहीं हुआ है.

केसरिया खेमा महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में सरकार नहीं बना सका तथा हरियाणा, कर्नाटक और गोवा में उसे बहुमत नहीं मिला. उसे दिल्ली में दो बार और बिहार में एक बार हार मिली. भाजपा पश्चिम बंगाल के मतदाताओं को डबल इंजन पर नहीं रिझा सकी. पंजाब में तो उसे बड़ा धक्का लगा. विधानसभा चुनाव में मतदाता अपने राज्य को आगे बढ़ाने वाला इंजन चुनते हैं. उनके लिए मोदी राष्ट्रीय अभियान के पहले इंजन हैं, जो शक्तिशाली हैं. मतदाता स्थानीय नेताओं पर ऐसा भरोसा नहीं करते. साल



2024 के चुनाव से पहले एक दर्जन से अधिक राज्यों में चुनाव हैं. इसमें डबल इंजन आख्यान को आगे ले जाना भाजपा के लिए बड़ी चुनौती होगी. जब तक भाजपा मोदी की क्षमता जैसा दूसरा इंजन नहीं खोजती, जीत पाना बहुत कठिन होगा. सत्ता के गलियारों की सुगबुगाहट से परिचित लोग अनुमान लगा रहे हैं कि मोदी कुछ मंत्रियों की छुट्टी कर सकते हैं, जो ठीक से काम नहीं कर पा रहे हैं या फिर मोदी पर बहुत अधिक निर्भर हैं. भाजपा समर्थकों में ऐसी धारणा है कि कुछ मंत्री सक्षम नहीं हैं और जमीनी सच्चाई से कटे हुए हैं. फेर-बदल के बाद कैबिनेट का स्वरूप कैसा होगा, उसके बारे में कह पाना मुश्किल है. क्या कैबिनेट में राज्यसभा के अत्यधिक प्रतिनिधित्व में कटौती होगी? राज्यसभा में भाजपा के 91 सदस्यों में से 10 के पास वित्त, विदेश, पेट्रोलियम, वाणिज्य, दूरसंचार, स्वास्थ्य, शिक्षा और उद्योग जैसे महत्वपूर्ण मंत्रालय हैं. तीन मंत्रियों की पृष्ठभूमि सेना की है और उनके पास व्यावहारिक राजनीति का मामूली अनुभव है. उनमें से कुछ को हटाकर लोकसभा सांसदों को मंत्री बनाया जा सकता है, जिन्हें जल्दी ही लोगों के बीच पार्टी के लिए वोट मांगने जाना है. प्रधानमंत्री कार्यालय ने एक विशेष इकाई का गठन किया है, जिसका जिम्मा हर मंत्री के कामकाज की निगरानी करनी है. मंत्रियों का सोशल मीडिया पर लगे रहने और चाटुकारिता की प्रतिस्पर्धा करने से किसी को कैबिनेट में जगह नहीं मिलेगी. हिंदुत्व और राष्ट्रवाद के लिए सुविधा से गढ़ी गयी प्रतिबद्धता वाले नेताओं को किनारे किया जा सकता है. साल 2024 के लिए एक बार और मोदी का नारा है. मोदी ऐसे दूसरे प्रधानमंत्री और पहले गैर कांग्रेसी नेता होना चाहते हैं, जिसने स्वतंत्रता के बाद लगातार तीन चुनाव जीता हो. यह रिकॉर्ड बनाने के लिए उन्हें पहले अपनी टीम में बोझ बने लोगों से छुटकारा पाना होगा-**एजेंसी**

# युद्धरत देश और दिशाहीन विपक्ष

**सेक्युलर और कम्युनिस्ट दल, जो फिलीस्तीन, ईरान, सऊदी अरब आदि के मामलों पर अक्सर बोलते रहते हैं, भारतीय सेना के अप्रतिम शौर्य और पराक्रम पर चुप ही नहीं रहे, बल्कि सत्तारूढ़ दल को घेरने के प्रयास करते रहे. जब संसद में कांग्रेस को चीन सरकार से सवा करोड़ रुपये (राजीव गांधी फाउंडेशन) को मिलने का प्रश्न उठा, तो कांग्रेस ने सदन ही नहीं चलने दिया. तमाम कथित सेक्युलर सरकारों के मुखिया एक बार भी सैनिकों का मनोबल बढ़ाने वाले शब्द नहीं कहते।**

**भारत एक साथ** अनेक मोर्चों पर युद्धरत है. अभी चीन के साथ तवांग में हुई मुठभेड़ ने भारतीय सैनिकों के बढ़े हुए मनोबल और चीनी अहंकार के टूटने का परिचय दिया. पूरे देश ने इसका अभिनंदन किया, लेकिन क्या इसमें किसी विपक्षी दल का कोई स्वर सुनाई दिया? सेक्युलर और कम्युनिस्ट दल, जो फिलीस्तीन, ईरान, सऊदी अरब आदि के मामलों पर अक्सर बोलते रहते हैं, भारतीय सेना के अप्रतिम शौर्य और पराक्रम पर चुप ही नहीं रहे, बल्कि सत्तारूढ़ दल को घेरने के प्रयास करते रहे. जब संसद में कांग्रेस को चीन सरकार से सवा करोड़ रुपये (राजीव गांधी फाउंडेशन) को मिलने का प्रश्न उठा, तो कांग्रेस ने सदन ही नहीं चलने दिया. तमाम कथित सेक्युलर सरकारों के मुखिया एक बार भी सैनिकों का मनोबल बढ़ाने वाले शब्द नहीं कहते. उनका देश वहीं तक सीमित होता है, जहां तक उनके वोट होते हैं. अगर ऐसा नहीं है, तो भारतीय सेना के जवानों के शौर्य के प्रति उनका यह उदासीन रवैया देखने को नहीं मिलता. विपक्ष के साथ मुश्किल यह है कि वह हर काम को वोट के नजरिये से देखता है. चीन से 1962 से ही हमारा रक्तरंजित वैमनस्य चला आ रहा है. दोनों देशों के हजारों वर्ष पुराने संबंध हैं. महाभारत में मानसरोवर और चिन देश का उल्लेख मिलता है. कौटिल्य के अर्थशास्त्र में भी चीन का उल्लेख है. एक सहस्त्राब्दी पूर्व भारत से दो सौ से अधिक बौद्ध विद्वान चीन गये और वहां बौद्ध मत का प्रसार किया. कुमारजीव को तंग वंश के राजा ने राजगुरु की उपाधि दी थी. आज भी चीन में उनके दस से अधिक मंदिर हैं.

कुंगफू से चीन को भारत के कांची क्षेत्र से गये बोधिधर्म ने परिचित कराया. वहां उनका नाम अत्यंत आदर से लिया जाता है. फिर ऐसा क्या हुआ कि वह अपने सबसे निकटतम मित्र और गुरु के विरुद्ध हुआ? इसका कारण चीन की कम्युनिस्ट विचारधारा में ढूंढा जा सकता है. जबसे चीन में इस विचारधारा का उद्भव हुआ, भारत के प्रति शत्रुता का विस्तार हुआ. चीन के कम्युनिस्ट विस्तारवादी राष्ट्रीयता को मानते हैं. उनकी जिद है कि जहां-जहां चीन ने अतीत में अपने क्षेत्र घोषित किये, उन्हें वापस लेना है. भारतीय भूभाग में अक्साई चिन (अक्षय चिह्न) से लेकर अरुणाचल तक वह अनेक भारतीय क्षेत्र चीन के मानता है. दक्षिण चीन सागर में भी उसने जापान से लेकर अनेक सागर तटीय देशों के साथ शत्रुता बांध रखी है. भारत के नाथुला एवं तवांग क्षेत्रों के निकट अनेक नये कृत्रिम गांव बनाकर चीनी सैनिकों को बसा दिया है. श्रीलंका, मालदीव, नेपाल, पाकिस्तान को ऋण देकर तथा निवेश कर भारत के विरुद्ध घेराबंदी उसका कूटनीतिक आक्रमण ही है. शी जिनपिंग 2013 में पहली बार चीन के राष्ट्रपति बने और उन्होंने अपने पूर्ववर्ती च्यांग छेमिन की नीतियां उलटते हुए हिंसक आक्रामकता को अपनाया. भारत की चीन के साथ कुल सीमा 3488 किलोमीटर है. चीन इसे केवल दो हजार किलोमीटर मानता है. घुसपैठ की सर्वाधिक घटनाएं लद्दाख और अरुणाचल में हुई क्योंकि ये क्षेत्र उसके लिए अधिक सामरिक महत्व के हैं. साल 1967 में चूमर घाटी में भारत ने चीन को जबरदस्त चोट पहुंचायी थी और उसके बाद हुए समझौते के चलते गलवान की घटना से पहले 53 वर्षों में दोनों देशों के सैनिकों के बीच एक भी गोली नहीं चली. वर्ष 1993 में हुए समझौते में उल्लेख है कि सीमा पर कोई हथियार जमा नहीं होंगे, सैनिकों की बड़ी संख्या में तैनाती नहीं होगी, यदि कोई सैन्य अभियान करना है, तो एक-दूसरे को सूचना दी जायेगी. कारगिल युद्ध के समय चीन ने पाकिस्तान का साथ नहीं दिया था. शी के आने के बाद चीन ने सभी पूर्व समझौते तोड़े. हर वैश्विक मंच पर भारत का तीव्र विरोध शी के अहंकार और विस्तारवाद का परिचयात्मक मुख्य बिंदु बना है. माना जा रहा है कि भारतीय सीमा क्षेत्र में चीनी सेना मुठभेड़ करती रहेगी. आवश्यक



है कि सीमा वाले प्रदेश सीमावर्ती क्षेत्रों से पलायन रोकें और अच्छी इंफ्रास्ट्रक्चर सुविधाएं दें, जो आज नहीं हो रहा है. शत्रुता के बावजूद चीन से आयात में कमी नहीं आयी है. इस परिस्थिति के दो संदेश हैं- एक, भारत को चीन से बड़ी आर्थिक शक्ति होना होगा और दूसरा, हमारी सैन्य शक्ति अधिक बलशाली बनानी होगी. नरेंद्र मोदी सरकार ने सैन्य शक्ति के अनेक महत्वपूर्ण उपाय किये हैं. पर देश की एकजुटता और रक्षा के संबंध में सबका एक साथ आना आवश्यक होता है. साल 1962 के युद्ध में कम्युनिस्टों ने चीन का साथ दिया था. इस पर कांग्रेस सरकार ने श्वेत पत्र जारी किया था. सुरक्षा पर बंटा हुआ राजनीतिक नेतृत्व शत्रु की सबसे बड़ी सहायता करता है।-**एजेंसी**

## आलेख

# कर संग्रहण में वृद्धि

**प्रत्यक्ष कर में कॉर्पोरेशान टैक्स, व्यक्तिगत आयकर तथा प्रतिभूति लेन-देन कर शामिल होते हैं. प्रत्यक्ष कर संग्रहण में इस उल्लेखनीय वृद्धि से यह स्पष्ट संकेत मिलता है कि अर्थव्यवस्था कोरोना महामारी के असर से बहुत हद तक निकल चुकी है तथा कंपनियों एवं व्यक्तियों की आमदनी में बढ़ोतरी हो रही है. इस वर्ष की पहली दो तिमाहियों में सकल घरेलू उत्पादन में अपेक्षित वृद्धि के साथ करों के संग्रहण को देखा जाना चाहिए. उल्लेखनीय है कि पिछले माह कई महीनों के अंतराल के बाद मुद्रास्फीति की दर छह प्रतिशत से नीचे आयी है।**

**वर्तमान वित्त वर्ष** 2022-23 में भारत के प्रत्यक्ष कर संग्रहण में 25.90 प्रतिशत की बड़ी बढ़ोतरी हुई है. आयकर विभाग द्वारा जारी सूचना के अनुसार, 17 दिसंबर तक कुल संग्रह की राशि 13,63,649 करोड़ रुपये रही. इसी अवधि में पिछले वर्ष 10,83,150 करोड़ रुपये संग्रहित किये गये थे. प्रत्यक्ष कर में कॉर्परेशान टैक्स, व्यक्तिगत आयकर तथा प्रतिभूति लेन-देन कर शामिल होते हैं. प्रत्यक्ष कर संग्रहण में इस उल्लेखनीय वृद्धि से यह स्पष्ट संकेत मिलता है कि अर्थव्यवस्था कोरोना महामारी के असर से बहुत हद तक निकल चुकी है तथा कंपनियों एवं व्यक्तियों की आमदनी में बढ़ोतरी हो रही है. इस वर्ष की पहली दो तिमाहियों में सकल घरेलू उत्पादन में अपेक्षित वृद्धि के साथ करों के संग्रहण को देखा जाना चाहिए. उल्लेखनीय है कि पिछले माह कई महीनों के अंतराल के बाद मुद्रास्फीति की दर छह प्रतिशत से नीचे आयी है. मुद्रास्फीति में कमी से लोगों की आमदनी पर सकारात्मक असर पड़ेगा और भविष्य में कर संग्रहण में भी बढ़त बरकरार रहेगी. इस क्रम में यह भी ध्यान में रखना चाहिए कि कुल प्रत्यक्ष कर संग्रहण में वृद्धि के साथ वास्तविक संग्रहण में भी 19.81 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है. यह आंकड़ा 11,35,754 करोड़ रुपये है, जो पिछले वित्त वर्ष में इसी अवधि में 9,47,959 करोड़ रुपये रहा था. वर्ष 2021-22 में कुल प्रत्यक्ष कर संग्रहण 14.10 लाख करोड़ रुपये हुआ था. इसे मद्देनजर रखते हुए चालू वित्त वर्ष में संग्रहण का लक्ष्य 14.20 लाख करोड़ रुपये निर्धारित किया गया था. ताजा आंकड़ों से इंगित होता है कि वित्त वर्ष के अंत तक न केवल इस लक्ष्य को हासिल किया जायेगा, बल्कि उससे अधिक राजस्व सरकारी कोष में आयेगा. प्रत्यक्ष कर जमा करने के बाद विभिन्न रियायतों के तहत कुछ राशि करदाताओं को वापस की जाती है. वर्तमान वित्त वर्ष में अब तक 2.28 लाख करोड़ रुपये वापस किये गये हैं. इसमें भी बीते साल इसी अवधि की तुलना में 68 प्रतिशत की भारी वृद्धि हुई है. पिछले कुछ वर्षों से कराधान प्रणाली में अनेक सुधार किये गये हैं तथा तकनीक को व्यापक स्तर पर अपनाया गया है. इससे कर जमा करने में सुविधा भी हुई है और पारदर्शिता भी आयी है. तकनीकी सुविधाओं के विस्तार ने करदाताओं के लिए आय और कर का विवरण देना सुगम हो गया है तथा उन्हें कार्यालयों के फेरे नहीं लगाने पड़ते हैं. हर खाता चूंकि अब पैन कार्ड और आधार संख्या से जुड़ा हुआ है, तो कर विवरण के पत्र पर सूचनाएं पहले से ही भरी होती हैं और कर दाता उसमें संशोधन कर सकता है या अपनी शिकायत दर्ज करा सकता है. नये करदाताओं की संख्या बढ़ना भी उत्साहजनक है और अर्थव्यवस्था के लिए अच्छा संकेत है।-**एजेंसी**

## दैनिक राशिफल

**मेष:** क्रोध के कारण पारिवारिक सदस्यों के साथ सम्बंध बिगड़ेंगे। आपकी वाणी और व्यवहार झगड़े का कारण बन सकते हैं। दुर्घटना से बचें। बीमारी के पीछे धन खर्च होगा।

**वृषभ:** आज के दिन की शुरुआत भय के साथ होगी। शरीर में सुस्ती और थकान रहेगी। कोई भी कार्य पूरा न होने पर हताशा होगी। भाग्य साथ न देता हुआ प्रतीत होगा। व्यर्थ में पैसे खर्च होंगे।

**मिथुन:** अधूरे कार्यों की पूर्णता के लिए आज का दिन शुभ है। परिवार में आनंद और उल्लास रहेगा। स्वास्थ्य बना रहेगा। कार्यों में यश और कीर्ति मिलेगी। नौकरीपेशा वालों को लाभ होगा।

**कर्क :-** अच्छे मन से दिन व्यतीत करने की गणेशजी सलाह देते हैं, क्योंकि आज का दिन शारीरिक और मानसिक रूप से उद्वेगपूर्ण रहेगा। पेट दर्द परेशान करेगा। धन खर्च की संभावना है।

**सिंह:** आज मानसिक अस्वस्थता रहेगी। परिजनों के साथ मनमुटाव की स्थिति आएगी। माताजी की तबीयत खराब हो सकती है। नकारात्मक विचारों से हताशा उत्पन्न होगी।

**कन्या:** बिना विचारे साहस करने के प्रति गणेशजी चेतावनी देते हैं। भावनात्मक सम्बंध स्थापित होंगे। मित्रों और स्नेहीजनों के साथ मुलाकात होगी। विरोधियों का डटकर सामना करेंगे।

**तुला:** आज की मानसिक वृत्ति नकारात्मक रहेगी। क्रोध आवेश में वाणी पर संयम खोने से पारिवारिक सदस्यों के साथ विवाद होगा। अनावश्यक खर्च बढ़ेंगे। स्वास्थ्य खराब होगा।

**वृश्चिक:** आज का दिन शुभ होगा। शारीरिक और मानसिक रूप से प्रसन्नता रहेगी। पारिवारिक सदस्यों के साथ खुशी से समय बीतेगा। धन लाभ का योग है।

**धनु:** आज आप सांसारिक बातें भूलकर आध्यात्मिक प्रवृत्तियों में संलग्न रहेंगे। गहरी चिंतनशक्ति आपके मानसिक भार को हल्का करेगी। बोलने पर संयम रखने से अनर्थ से बच जाएंगे।

मकरः आज का दिन हर क्षेत्र में लाभदायक है। स्नेहीजनों और मित्रों से मिलना होगा। प्रिय व्यक्तियों के साथ मुलाकात रोमांचक रहेगी। व्यापार-धंधे में आय वृद्धि होगी।

**कुंभ:** हर कार्य सरलतापूर्वक हल होंगे और उनमें सफलता मिलेगी। कार्यक्षेत्र में अनुकूल परिस्थिति बनेगी। सरकारी कार्य निर्विघ्न पूरे होंगे। स्वास्थ्य बना रहेगा। धन प्राप्ति का योग है।

**मीन:** आप जीवनसाथी की निकटता का सुख प्राप्त कर सकेंगे। परिवार के साथ सामाजिक समारोह में बाहर घूमने या पर्यटन पर जाएंगे और आनंद में समय व्यतीत होगा।




## आज का सुविचार

:- सुविचार :-

**रिश्तों की कदर भी पैसों की तरह ही करनी चाहिए क्योंकि दोनों को कमाना मुश्किल है पर गँवाना आसान।**

## संक्षिप्त समाचार

### शैक्षिक भ्रमण पर सरकारी स्कूल के 60 बच्चे, झांसी और ओरछा किला घुमाया जाएगा

**उरई/जालौन, (यूएनएस)।** जालौन में प्राथमिक और पूर्व माध्यमिक विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों का शैक्षिक स्तर सुधारने के लिए पहली बार सरकारी विद्यालय के बच्चों को शैक्षिक भ्रमण पर भेजा गया है। जिससे बच्चों को बाहरी शिक्षा के बारे में भी जानकारी हासिल हो सके और उनका बौद्धिक स्तर सुधारा जा सके। 60 बच्चों का पहला बैच नदीगांव विकासखंड के ग्राम खुटेला से भेजा गया। यूपी सरकार प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक स्कूलों की शिक्षा को बेहतर बनाने के प्रयास में जुटी है। इस प्रयास में बच्चों को शैक्षिक भ्रमण पर भेजा जा रहा है, जिससे सरकारी स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों को किताबी शिक्षा के साथ-साथ बाहरी शिक्षा के बारे में भी जानकारी हासिल हो सके। इसी क्रम में बेसिक शिक्षा अधिकारी सचिन कुमार की अनुमति पर नदीगांव विकासखंड के ग्राम खुटेला के प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक विद्यालय में कक्षा 4 से 8 तक पढ़ने वाले 60 बच्चों को शैक्षिक भ्रमण पर भेजा गया। इस शैक्षिक भ्रमण का खर्चा प्राथमिक विद्यालय व पूर्व माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक प्रेमनारायण सिंह, सहायक अध्यापक सर्वेश कुमार, सहायक अध्यापिका भूरी देवी, सोनम सिंह और वंदना कुमारी ने अपनी जेब से खर्च से दिया। सभी बच्चों को झांसी और ओरछा बस करके ले जाया गया। बच्चों को झांसी तथा ओरछा के किले के बारे में जानकारी दी जाएगी, जिससे उन्हें किताबी शिक्षा के साथ-साथ ऐतिहासिक धरोहर और उनके इतिहास के बारे में जानकारी हो सके। सरकारी स्कूल के बच्चों को बस के माध्यम से मंगलवार को पूर्व माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक प्रेम नारायण सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। खुटेला प्राथमिक विद्यालय के सहायक अध्यापक सर्वेश कुमार शर्मा ने बताया कि बच्चों के शैक्षिक भ्रमण के बारे में खंड शिक्षा अधिकारी के साथ-साथ बेसिक शिक्षा अधिकारी सचिन कुमार को जानकारी दी थी। अनुमति मिलने पर उन्हें शैक्षिक भ्रमण पर ले जाया जा रहा है। बच्चों को झांसी और ओरछा किला के बारे में और झांसी के इतिहास के बारे में जानकारी दी जाएगी।

### आरड्यूनों की कार्यशाला में बच्चों ने सीखा प्रोजेक्ट बनाना

**आंचलिक विज्ञान नगरी में उमड़ा स्कूली बच्चों का जन-समूह**

**लखनऊ, (यूएनएस)।** बच्चों में रोबोटिक्स व आर्टिफीशियल इन्टेलीजेंस के प्रति जागरूकता विकसित करने के उद्देश्य से आंचलिक विज्ञान नगरी में आरड्यूनों-आईडीई की एक वर्कशाप का आयोजन किया गया। जिसमें सेंट जोसेफ सेंट्रल एकाडमी सहित अन्य विद्यालयों के बच्चों उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस कार्यशाला का उद्देश्य बच्चों में रोबोटिक्स के प्रति रूचि उत्पन्न करना था। बच्चों ने सीखने के बाद आरड्यूनों की सहायता से कई मॉडल बनाये। कार्यशाला में आंचलिक विज्ञान नगरी के टक्निकल अधिकारी डी0ए0 रावत व शिक्षा अधिकारी कार्तिक चटर्जी ने बच्चों को आरड्यूनों के उपयोग की जानकारी प्रदान की। वही बच्चे भी इस कार्यशाला से काफी उत्साहित दिखे। विज्ञान के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने के उद्देश्य से बड़ी संख्या में स्कूली बच्चों को विज्ञान नगरी का भ्रमण कराया जा रहा है। राजधानी समस्त सरकारी व सहायता प्राप्त व ग्रामीण क्षेत्र के स्कूली बच्चों को विज्ञान नगरी का निःशुल्क भ्रमण कराया जा रहा है। जहां वे दैनिक जीवन में विज्ञान से रूबरू हो रहे है। शिक्षा निदेशालय द्वारा सभी स्कूलों को निर्देश दिये गये है कि वे अपन बच्चों को विज्ञान नगरी का भ्रमण करा कर उनकों विज्ञान के प्रति जागरूक करें। इसी के चलते विज्ञान नगरी में स्कूली बच्चों का जन-समूह उमड़ रहा है।

### राष्ट्रीय खो-खो प्रतियोगिता के लिए राजधानी के चार खिलाड़ी चयनित

**लखनऊ, (यूएनएस)।** खो-खो फेडरेशन आफ इण्डिया द्वारा रायबरेली के मोती लाल नेहरू स्टेडियम में राष्ट्रीय जूनियर बालक-बालिका खो-खो प्रतियोगिता हेतु चयन-ट्रायल का आयोजन किया गया। दो दिनों तक चले इस ट्रायल कैम्प में पूरे उत्तर प्रदेश के 258 खिलाड़ियों ने भाग लिया। जिसमें राजधानी के चार खिलाड़ियों ने चयनित होकर उ0प्र0 के साथ अपने विद्यालय का नाम रोशन किया है। राष्ट्रीय खो-खो प्रतियोगिता के लिये केन्द्रीय विद्यालय, आरडीएसओ की अनामिका, सेंट जोसेफ माण्टेसरी स्कूल राजाजीपुरम् की अदिति सिंह का बालिका वर्ग में तथा गांधी विद्यालय इण्टर कालेज, आलमबाग के अर्ष यादव व कृष्णा मिश्रा का चयन बालक वर्ग में हुआ है। राष्ट्रीय खो-खो प्रतियोगिता का आयाजन पश्चिम बंगाल कोलकाता के हुगली शहर में किया जायेगा। भारतीय खो-खो संघ के विशेषज्ञ खिलाड़ियों सुधा तिवारी, डा0 प्रीति, डा0 हर्षिता त्रिपाठी, अवनीश कुमार, अरूण प्रताप, हरफुल सिंह व सना पाण्डेय आदि ने चयन प्रक्रिया को संपन्न कराया।

### एलयू में फूड फेस्टिवल इंटीग्रेटिंग इंडिया का हुआ आयोजन

**लखनऊ, (यूएनएस)।** यूपी बीएन एनसीसी 64 लखनऊ विश्वविद्यालय एलयू के कैडेटों ने एक फूड फेस्टिवल का आयोजन किया गया। जहां उन्होंने अपने पारंपरिक नृत्य के साथ 11 राज्यों का भोजन व भगत सिंह पर स्किट भी हुई। लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय मुख्य अतिथि रहे थे। कैडेटों ने भारत की विविधता के लिए विंडो सीट प्रस्तुत की और अतुल्यनीय भारत का प्रदर्शन किया। साथ ही कुलपति ने बताया कि कैडेटों को एकजुट रहने और एकता और विविधता के आदर्शों को संजोने के लिए प्रेरित किया। इस फूड फेस्टिवल में गुजरात ने ढोकला, दाबेली, जलेबी फाफड़ा प्रस्तुत किया। उत्तर प्रदेश ने आलू कचौरी, खीर, पान का प्रतिनिधित्व किया। आंध्र प्रदेश ने डोसा, हैदराबादी बिरयानी और गाजर का हलवा पेश किया। राजस्थान ने दाल बाटी चूरमा, मोहन थाल, कलाकंद, मिर्ची वड़ा का प्रतिनिधित्व किया। केरल ने रसम चावल, इडली सांभर, नारियल चटनी, चावल की खीर का प्रतिनिधित्व किया। जम्मू और कश्मीर ने कहवा चाय, कश्मीरी पुलाव, कश्मीरी साग, सेवियाज का प्रतिनिधित्व किया। महाराष्ट्र ने मोदक, बसुंदी, पाव भाजी का प्रतिनिधित्व किया। बिहार ने लिट्टी चोखा, खजुरिया, सत्तू शरबत का प्रतिनिधित्व किया। पश्चिम बंगाल ने पुचका चाट, मोमोज और रशोगुल्ला का प्रतिनिधित्व किया। उत्तराखंड ने मंडुआ की रोटी, कुमाउनी रायता, बाल मिठाई का प्रतिनिधित्व किया। पंजाब ने छोले बथुरे, आलू पराठे, लस्सी का प्रतिनिधित्व किया।

### विश्वविद्यालय मे दूरसंचार के लिए जन जागरूकता कार्यशाला का हुआ आयोजन

**लखनऊ, (यूएनएस)।** लखनऊ विश्वविद्यालय नवीन परिसर के इंजीनियरिंग संकाय के इलेक्ट्रॉनिक्स एवं संचार विभाग और दूरसंचार विभाग भारत सरकार के संयुक्त सहयोग से दूरसंचार जनजागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में विभिन्न उपयोगी विषयों जैसे मानव शरीर पर ईएमएफविकिरण के प्रभाव, दूरसंचार सुरक्षा पहलुओं और 5जी मोबाइल प्रौद्योगिकी का परिचय विषयों पर विषय विशेषज्ञों ने अपने विचार व्यक्त किए। साथ ही टेलीकॉम सिक्योरिटी विषय पर छात्रों के लिए क्विज का भी आयोजन किया गया। जिसमें पास 10 छात्रों को दूरसंचार विभाग भारत सरकार द्वारा सर्टिफिक्रेट से सम्मानित किया गया। कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में आर.के.एम श्रीवास्तव (सीनियर डीडीजी, डीओटी), महिधर पंत (डीडीजी, डीओटी) एवं यतीश कठेरिया (डीडीजी रूरल, डीओटी) उपस्थित रहे। साथ ही वक्ता के रूप में रविंद्र वर्मा (एडीजी सिक्योरिटी, डीओटी), अमित कुमार (एडीजी कंप्लायंस, डीओटी) और देवल सक्सेना (एडीजी टेक्नोलॉजी, डीओटी) ने अपने विचार व्यक्त किए। इस कार्यशाला में इंजीनियरिंग संकाय के डीन प्रोफेसर अशोक कुमार सिंह के संरक्षण एवं डॉ. सिद्धार्थ सिंह, डॉ. एम.के. जैन, इंजी. सुशील गुप्ता और इंजी. अवनीश जयंक मौजूद रहे।

### एबीवीपी द्वारा चलाए जा रहे मिशन साहसी अभियान के तहत प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

**लखनऊ, (यूएनएस)।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद एबीवीपी लखनऊ विश्वविद्यालय इकाई द्वारा मिशन साहसी अभियान के अंतर्गत निरूशुल्क आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ किया गया। यह शिविर मंगलवार से प्रारंभ होकर शुक्रवार तक चलेगा। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा यह अभियान पूरे अवध प्रांत में संचालित किया जा रहा है। प्रांत सह मंत्री अक्षय प्रताप सिंह ने बताया कि इस निरूशुल्क प्रशिक्षण अभियान के लिए सैकड़ों छात्राओं ने पंजीकरण किया है। जिसमें से 64 छात्राएं पहले दिन शिविर में शामिल हुईं। इस अभियान को चार दिन निरंतर संचालित किया जाएगा। प्रशिक्षक शिवानी ने विभिन्न आत्मरक्षा की तकनीकों को समझाया। इस अवसर पर सलोनी शुक्ला, सूर्यांश , नवीन , अभिषेक मिश्र, हिमांशु सिंह, अदिति, पल्लवी एवं अभिनव उपस्थित रहे।

# कांग्रेस द्वारा सैकड़ों जरूरतमंदों को बांटे गए कंबल

## कंबल पाकर खिल उठे मुरझाए चेहरे

**न्यूज गाइड, संवाददाता**




**शिवगढ़,रायबरेली।** कांग्रेस पार्टी के शिवगढ़ ब्लॉक कार्यालय में गरीब, बेसहारा, वृद्धों, दिव्यांगों एवं जरूरतमंदों को कंबल वितरण किया गया। ब्लॉक अध्यक्ष एडवोकेट गौरव मिश्रा ने बताया कि रायबरेली सांसद सोनिया गांधी द्वारा हर साल की तरह गरीब,बेसहारा, वृद्धों दिव्यांगों एवं जरूरतमंदों को ठंड में राहत पहुंचाने के लिए कंबल वितरण किया जाता है। इस बार क्षेत्र की नवसृजित शिवगढ़ नगर पंचायत से कंबल वितरण कार्यक्रम की शुरुआत की गई है। उन्होंने बताया कि पहले दिन सुखरानी, जगदेई, रामादेई, साकिरा, रामरती, धनराजा, रामफेर, सुखनंदन, दुखीराम सहित 100 से अधिक जरूरतमंदों को कंबल वितरण किया गया। श्री मिश्रा ने कहा कि कांग्रेस ही एक ऐसी पार्टी है जो हमेशा जन सरोकार के कार्य करती रहती हैं। सांसद सोनिया गांधी द्वारा हर साल समूचे जिले में कंबल वितरण कराए जाने के साथ ही हमेशा अग्नि पीड़ितों और बारिश के कहर से बेघर हो चुके जरूरतमंदों की जाती है। कंबल पाकर मुरझाए चेहरे खुशी से खिल उठे। लाभार्थियों ने सांसद सोनिया गांधी और कांग्रेसियों को खूब दुआएं दी। इस मौके पर वरिष्ठ कांग्रेसी नेता गिरिजेश श्रीवास्तव, रामकिशोर मौर्या, केतार पासी, आशीष त्रिवेदी, संजय सिंह, अनिल शुक्ला, सत्येंद्र रावत, नागेंद्र सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

### 5 करोड़ की जमीन से हटाया गया कब्जा, नगर निगम सीमा में आने पर चला बुलडोजर

**अलीगढ़, (यूएनएस)।** जिले में सरकारी जमीन पर कब्जा करने वाले अवैध अतिक्रमणकारियों पर लगातार प्रशासन का बुलडोजर गरज रहा है। क्वार्सी गांव में सालों से अवैध कब्जे वाली ग्राम समाज की जमीन पर नगर निगम का बुलडोजर चला और 5 करोड़ कीमत की जमीन को कब्जा मुक्त कराया गया। क्वार्सी का यह क्षेत्र हाल ही में हुए सीमा विस्तार और वार्ड की संख्या बढ़ाए जाने के बाद नगर निगम के क्षेत्र में शामिल हुआ है। जिसके बाद नगर निगम लगातार अवैध कब्जेदारों के खिलाफ कार्रवाई कर रही है और अवैध कब्जे से सरकारी जमीन को मुक्त करा रही है। अलीगढ़ का क्वार्सी अभी तक ग्राम पंचायत में शामिल था और यहां ग्राम पंचायत की जमीन पर अवैध कब्जे थे। अब सीमा विस्तार के बाद इस क्षेत्र को नगर निगम में शामिल किया गया है। जिसके बाद निगम ने सरकारी जमीनों को चिह्नित कर कार्रवाई शुरू कर दी है। नगर आयुक्त अमित आसेरी के निर्देश पर अपर नगर आयुक्त राकेश कुमार यादव की देखरेख में सहायक नगर आयुक्त ठाकुर प्रसाद सिंह और संपत्ति लिपिक विजय गुप्ता ने सरकारी जमीन को कब्जे से मुक्त कराया। क्वारसी गांव में 5 करोड़ की गाटा संख्या 324 एवं 326 के कुल क्षेत्रफल 4370 वर्ग मीटर पर कब्जा था, जिसके अब मुक्त करा लिया गया है।नगर आयुक्त अमित आसेरी ने बताया कि नगर निगम लगातार सर्वे कराकर कब्जे वाली सरकारी जमीनों को चिन्हित कर रहा है। जिन भी स्थानों पर जमीनों पर अवैध कब्जे किए गए हैं, वहां पर कार्रवाई की जाएगी और सरकारी जमीन को मुक्त कराया जाएगा। इसके साथ ही सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जे करने वाले भू-माफियाओं और कब्जेदारों को भी चिन्हित किया जाएगा। अल्टीमेटम देने के बाद भी अगर उन्होंने सुधार नहीं किया तो उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी और मुकदमें दर्ज कराए जाएंगे। जिससे कि वह भविष्य में सरकारी जमीनों पर नजर न बनाएं।

### विवादित बयान पर कांग्रेस नेता की बढ़ी मुश्किलें, राष्ट्रीय महिला आयोग ने अजय राय को भेजा नोटिस

**लखनऊ, (यूएनएस)।** केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी पर दिए गए विवादित बयान पर कांग्रेस नेता अजय राय की मुश्किलें बढ़ती हुई नजर आ रही है। दरअसल, विवादित बयान को लेकर राष्ट्रीय महिला आयोग नोटिस भेजा है। इस मामले में अजय राय को 28 दिसंबर को दोपहर 12 बजे पेश होने का आदेश दिया है। बता दें कि कांग्रेस पार्टी 'भारत जोड़ो यात्रा'कश्मीर से कन्याकुमारी के निकाली गई जो भारत के विभिन्न प्रदेशों से होकर गुजर रही है। वहीं उत्तर प्रदेश में इसकी कमान अजय राय ने संभाला है। सोनभद्र में 'भारत जोड़ो यात्रा'के दौरान बीजेपी सांसद स्मृति ईरानी को लेकर अजय राय ने विवादित टिप्पणी की। उन्होंने अमेठी में लटके-झटके देखने आती हैं स्मृति ईरानी। हालांकि इसे लेकर भारतीय जनता पार्टी ने अजय राय के खिलाफ रॉबर्ट्सगंज थाने में मुकदमा दर्ज कर दिया है। वहीं अब महिला आयोग ने भी नोटिस भेज दिया है। वहीं इस बयान के बात बीजेपी सांसद स्मृति ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर ट्वीट कर हमला बोला। उन्होंने कहा कि सुना है राहुल गांधी जी आपने अपने किसी प्रांतीय नेता से अभद्र तरीके से 2024 में अमेठी से लड़ने की घोषणा करवाई है। तो क्या आपका अमेठी से लड़ना क्या समझूँ? दूसरी सीट पर तो नहीं भागेंगे? डरेंगे तो नहीं??? वहीं जब लटके झटके वाले बयान ने राजनीतिक तूल पकड़ा तो अजय राय ने सफाई दी। उन्होंने सफाई देते हुए कहा कि हमने आम बोलचाल कि भाषा में बोला है कि जो काम लटका हुआ है, जो रास्ते टूटे हुए है उस पर झटके लग रहे है, इसी संदर्भ मे मैन लटके झटके वाला बयान दिया है। कांग्रेस नेता अजय राय ने कहा कि अमेठी गांधी परिवार की सीट है वहां से राहुल जी कई बार जीते हैं राजीव जी संजय गांधी सारे परिवार के लोग वहां से रहे। जिस तरीके से सेवा की है भी जनता याद करती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के शासन काल में अमेठी में कल कारखाने लगे है। देख लीजिए चाहे भेल का कारखाना हो चाहे डेल का कारखाना जितने भी फैक्ट्रियां लगी है सारी फैक्ट्री आज बंदी की कगार पर है। जगदीशपुर का पूरा का पूरा इंडस्ट्रीज एरिया लगी हुई है वहां पर लोगों ने बताया कि आधे से ज्यादा कल कारखाने बंद पड़े हैं।

## जेएनएमसी में एमबीबीएस, बीडीएस के नए छात्रों के लिए वाइट कोर्ट समारोह आयोजित

**अलीगढ़, (यूएनएस)।** अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के जवाहर लाल नेहरू मेडीकल कालिज के आडीटोरियम में बैचलर ऑफ मेडिसिन एंड बैचलर ऑफ सर्जरी (एमबीबीएस) और बैचलर ऑफ डेंटल सर्जरी (बीडीएस) के नए छात्रों की व्हाइट कोर्ट सेरेमनी आयोजित हुई जिसमें उन्होंने सफेद कोट पहनकर चिकित्सा पेशे की नैतिकता को बनाए रखने का संकल्प लिया और एक नए करियर की शुरुआत की। इस अवसर पर उन्होंने हिप्पोक्रकेट शपथ भी ली। नए छात्रों को संबोधित करते हुए एएमयू के वाइस चांसलर प्रो. तारिक मंसूर ने कहा कि आप सभी इस नई यात्रा की शुरुआत कर रहे हैं और उम्मीद है कि आप ज्ञान और कौशल से जुड़ेंगे और रिश्तों के मायने समझेंगे। छात्रों को यह ध्यान रखना चाहिए कि वे चिकित्सा और दंत विज्ञान के प्रतिष्ठित व्यवसायों में प्रवेश कर रहे हैं जिसमें सेवा और व्यक्तिगत बलिदान बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि जेएनएमसी और डॉ. जियाउद्दीन अहमद डेंटल कॉलेज भारत के सर्वश्रेष्ठ कॉलेजों में से एक हैं और यहां एक अनूठा वातावरण है जो छात्रों को चिकित्सा और दंत चिकित्सा के क्षेत्र में कई विकासों के बारे में बताता है और अकादमिक उपलब्धियों के लिए तैयार करने में मदद करता है। ये दोनों कॉलेज एएमयू का एक विशेष हिस्सा हैं, छात्रों को संस्कृति से समृद्ध करते हैं और उच्च शिक्षा के विशिष्ट संस्थान हैं जहां छात्रों को भविष्य के जीवन के लिए अच्छी तरह से प्रशिक्षित किया जाता है। प्रो. एमयू रब्बानी (डीन, फैकल्टी ऑफ मेडिसिन) ने कहा कि छात्र सफेद कोट पहनकर कुछ नैतिक मानकों को बनाए रखने की प्रतिज्ञा करते हैं।यह उनके माता-पिता के लिए भी एक यादगार पल है, जिन्हें वह डॉक्टर और दंत चिकित्सक बनते देखना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य देखभाल पेशा जीवन बचाने का एक अवसर है और डॉक्टरों को अपनी क्षमता के अनुसार रोगियों का इलाज करना चाहिए, रोगी की गोपनीयता का सम्मान करना चाहिए और आने वाली पीढ़ी को चिकित्सा और स्वास्थ्य के सिद्धांतों से परिचित कराना चाहिए। प्रोफेसर राकेश भार्गव (प्रिंसिपल, जेएनएमसी) ने कहा कि अगले साढ़े चार वर्षों में मेडिकल और डेंटल छात्रों को आधुनिक शिक्षण और अनुसंधान और उपचार के सिद्धांतों से अवगत कराया जाएगा। उन्होंने नए छात्रों से विनम्रता, साहस, त्याग और धैर्य जैसे गुणों को विकसित करने का आग्रह किया। प्रो राजेंद्र कुमार तिवारी (प्रिंसिपल, जेडएडीसी) ने कहा कि सफेद कोट समारोह सिर्फ एक रस्म नहीं है बल्कि एक छात्र के आगामी करियर और पेशे की जिम्मेदारियों को समझने का अवसर है। सभी नए छात्रों को यह ध्यान रखना चाहिए कि वे जिस पेशे में प्रवेश कर रहे हैं, उसमें रोगियों के हितों को प्राथमिकता देना और ईमानदारी के मानकों को स्थापित करना सर्वोपरि है। प्रोफेसर तमकीन खान (स्त्री रोग एवं प्रसूति विभाग) ने छात्राओं को हिप्पोक्रेटिक शपथ दिलाई। डॉ. शगुफ्ता मोईन (जैव रसायन विभाग, जेएनएमसी) ने धन्यवाद प्रस्ताव दिया, जबकि डॉ. नफीस फैजी (सामुदायिक चिकित्सा विभाग) ने कार्यक्रम का संचालन किया। जेएनएमसी एवं जेडएडीसी के वरिष्ठ चिकित्सकों ने नवागुंतक छात्रों को व्हाइट कोट पहनाया। कार्यक्रम के दौरान छात्रों के अभिभावकग्रण भी मौजूद रहे।

## मल्लापुरम केन्द्र के कानून के छात्रों ने किया केरल हाई कोर्ट का दौरा किया

**अलीगढ़, (यूएनएस)।** अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के मल्लापुरम केंद्र, केरल के कानून विभाग के 51 छात्रों के एक समूह ने केरल उच्च न्यायालय की कानूनी सेवा समिति के सहयोग से केरल उच्च न्यायालय का दौरा किया, जहां उन्होंने अदालती कार्यवाही में भाग लिया। न्यायपालिका और कानूनी पेशे के व्यावहारिक पहलुओं का ज्ञान प्राप्त करने के लिए न्यायाधीशों के साथ बातचीत भी की। यह दौरा करियर प्रमोशन प्रोग्राम के तहत आयोजित किया गया था। न्यायमूर्ति ए मुहम्मद मुश्ताक, न्यायमूर्ति अनु शिरमन, न्यायमूर्ति सीएस डियाज और न्यायमूर्ति कौसर एडप्पागथ ने केरल विधिक सेवा प्राधिकरण के सदस्य सचिव के साथ छात्रों के साथ बातचीत की और कानून के छात्र होने से लेकर उच्च न्यायालय के न्यायाधीश बनने तक के अपने अनुभवों को बताया। उन्होंने कोर्ट की कार्यवाही, फाइल तैयार करने, इंटर्नशिप और अन्य संबंधित मामलों के बारे में छात्रों के सवालों के जवाब भी दिए। डॉ नसीमा पीके (अध्यक्ष, कानूनी सहायता प्रकोष्ठ) ने कोर्ट विजिट का आयोजन किया और मोहसिन चौहान (छात्र प्रभारी) ने समन्वयक के रूप में कार्य किया। छात्रों के साथ डॉ शाइस्ता नसरीन, एडवोकेट एमटी सलाम (प्रभारी शिक्षक, एलएसी) और एडवोकेट नीमा नूर भी थीं। दूसरी ओर एएमयू मल्लापुरम केंद्र के लैंग्वेज एंड कल्चरल क्लब ने उच्चारण में सुधार आवाज और स्वर के तटस्थीकरण पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जिसमें ऑस्ट्रेलियाई डॉ अमीर हसन (मुख्य कार्यकारी निदेशक, सेंटर नॉलेज सिटी, कोझिकोड) ने छात्रों को प्रशिक्षित किया। फैसल केपी (निदेशक, एएमयू मलप्पुरम केंद्र) ने छात्रों से आग्रह किया कि वे अपने अंग्रेजी भाषा कौशल में सुधार करें क्योंकि यह प्रभावी संचार का आधार है। कार्यशाला संयोजक डॉ जमीला टी ने धन्यवाद ज्ञापन किया जबकि डॉ सैयद हयात बाशा (संयुक्त संयोजक) ने अतिथि वक्ता का स्वागत किया।

### एएमयू प्रोफेसर द्वारा ऑनलाइन व्याख्यान

**अलीगढ़, (यूएनएस)।** अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के कॉमर्स विभाग में मास्टर ऑफ टूरिज्म एंड ट्रैवल मैनेजमेंट (एमटीटीएम) पाठ्यक्रम की समन्वयक, प्रोफेसर शीबा हामिद ने कश्मीर केंद्रीय विश्वविद्यालय के पर्यटन अध्ययन विभाग के मास्टर ऑफ टूरिज्म एंड ट्रेवल मैनेजमेंट एंड बी. वोक. (पर्यटन एवं आतिथ्य प्रबंधन) के नए बैच के छात्रों के लिए आयोजित 'इंडक्शन कम ओरिएंटेशन प्रोग्राम' में ऑनलाइन मुख्य भाषण प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि यात्रा और पर्यटन उद्योग, संबंधित क्षेत्रों के योगदान के साथ, आने वाले वर्षों में कई गुना बढ़ने की उम्मीद है। इस उद्योग में नौकरी अत्यधिक रोमांचक और साहसिक हो सकती है और यहां तक कि इसमें अच्छी आय की भी आशा की जा सकती है। भारत में, यात्रा उद्योग में 2025 तक 46 मिलियन रोजगार के अवसर पैदा होने की उम्मीद है। सरकार की पहल उन लोगों के लिए एक उज्ज्वल भविष्य खोल रही है जो इस क्षेत्र में अपना करियर बनाना चाहते हैं। उन्होंने आगे कहा कि इस क्षेत्र में पदोन्नति और रोजगार के उज्ज्वल अवसर हैं क्योंकि कुशल कर्मचारियों की कमी है। यात्रा और पर्यटन में अंतर्दृष्टि विकसित करने के लिए उन्होंने नए प्रवेशकों को डिजिटल और पारस्परिक और संचार कौशल, और भौगोलिक और गंतव्य ज्ञान विकसित करने के लिए प्रोत्साहित किया।

### विशुनापुर-रमपुरवा व सुजौती को जोड़ने वाली सड़क का नवीनीकरण होगा

**डीएफओ ने दी स्वीकृति, 6 किमी. तक मार्ग का निर्माण 24 घंटे के अंदर शुरू होगा**

**बहराइच, (यूएनएस)।** जिला मुख्यालय से 100 किमी. की दूरी पर स्थित सीमावर्ती क्षेत्र थाना सुजौली में विशुनापुर-रमपुरवा व सुजौली तथा लखीमपुर से जुड़ने वाले बिछिया की सड़क के नवीनीकरण का कार्य शुरू होते ही रुक गया। सालों से खराब आम्बा से लेकर बिछिया बाजार होते हुए गिरिजापुरी पेट्रोलपम्प तक जाने वाले 6 किलोमीटर पीडब्ल्यूडी सड़क को नवीनीकरण की मंजूरी मिलते ही कार्य शुरू हुआ। तीन से चार दिनों तक कार्य तेजी से चला भी करीब एक किलोमीटर तक कि सड़क बनी भी। इस बीच विधायक प्रतिनिधि आलोक जिंदल ने सड़क नवीनीकरण कार्य का उद्घाटन भी किया। लेकिन उसी दिन के बाद से कार्य बंद हो गया। सालों से गड्ढों में हिचकोले खा रहे क्षेत्रीय ग्रामीणों को राहत मिलते ही वह निराशा में बदल गई। लोगों में वन विभाग द्वारा कार्य बंद कराने की चर्चा होने लगी। इस मामले में डीएफओ आकाशदीप बधावन से बात करने पर उन्होंने बताया कि सड़क जंगलों के बीच है। ऐसे में कार्य रोका गया था, लेकिन नवीनीकरण के कार्य के लिए 24 घंटे के भीतर ही स्वीकृति दे दी गई है। इस मामले में अवर अभियंता बृजेश प्रताप सिंह से बात हुई तो उन्होंने बताया कि सड़क नवीनीकरण कार्य को वन विभाग की ओर से स्वीकृति मिल चुकी है। लेकिन प्लांट में खराबी के कारण रोका गया है एक से दो दिन में कार्य पुनः शुरू हो जाएगा।

### गुलिस्तान-ए-सैयद में 24 दिसम्बर को क्राइसेन्थियम, कोलियस एंव गुलाप पुष्प प्रदर्शनी का आयोजन

**अलीगढ़, (यूएनएस)।** अलीगढ मुस्लिम विश्वविद्यालय के लैण्ड एण्ड गार्डन्स विभाग द्वारा 24 एवं 25 दिसम्बर 2022 को क्राइसेन्थियम, कोलियस एवं रोज शो का आयोजन गुलिस्तान-ए-सैयद पार्क पर किया जा रहा है। लैण्ड एण्ड गार्डन्स विभाग के प्रभारी प्रो. जकी अनवर सिद्दीकी ने बताया है कि 23 दिसम्बर 2022 को प्रतियोगी अपने अपने गमले गुलिस्तान-ए-सैयद पार्क पर लगायेंगे तथा 24 दिसम्बर 2022 को प्रात 8 बजे से 9.30 बजे तक गमलों की जजिंग होगी। सुबह 10 बजे पुष्प प्रदर्शनी का उद्घाटन अमुवि कुलपति प्रो. तारिक मंसूर करेंगे तथा जिलाधिकारी अलीगढ़ इन्द्र विक्रम सिंह और अमुवि रजिस्ट्रार मोहम्मद इमरान उद्घाटन सत्र के सम्मानित अतिथि होंगे। 25 दिसम्बर 2022 को प्रो. मोहम्मद गुलरेज, सहकुलपति सायं 3 बजे विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरित करेंगे तथा प्रो. मोहम्मद मोहसिन खान, वित्त अधिकारी एवं प्रो. अब्दुल अलीम, डीन छात्र कल्याण सम्मानित अतिथि होंगे। 26 दिसम्बर 2022 को दोपहर 2.30 बजे गुलिस्तान-ए-सैयद पार्क पर फूलों के गमलों को विक्रय किया जायेगा। इच्छुक व्यक्ति पार्क पर पहुंचकर विभाग द्वारा तैयार गमलों को खरीद सकते है।

## रैन बसेरे का डीएम ने किया शुभारम्भ, बोले किसी प्रकार की न हो असुविधा

**बहराइच, (यूएनएस)।** जिले में अत्यधिक ठण्ड एवं शीतलहरी से उत्पन्न होने वाली समस्याओं के दृष्टिगत निराश्रित एवं असहाय तथा कमजोर वर्ग के असुरक्षित व्यक्तियों, दूर दराज से आने वाले यात्रियों को राहत पहुंचाए जाने के उद्देश्य से नगर पालिका परिसर बहराइच में स्थापित किये गये रैन बसेरे का जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चन्द्र ने शुभारम्भ किया। इस अवसर पर डीएम डॉ. चन्द्र ने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद, बहराइच बाल मुकुन्द मिश्रा को निर्देश दिया कि नगर क्षेत्र में स्थापित सभी रैन बसेरों पर शासन द्वारा निर्धारित मानक के अनुसार माकूल बन्दोबस्त किए जाए, ताकि रैन बसेरों की शरण में आने वालों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। जिलाधिकारी डॉ चन्द्र ने कहा कि मा. मुख्यमंत्री के निर्देश है कि ठण्ड के मौसम में निराश्रित एवं असहाय तथा कमजोर वर्ग के लोगों तथा दूर दराज से शहर आने वाले ऐसे लोग जिनके पास रहने की व्यवस्था नहीं है। उन्हें राहत पहुंचाए जाने के लिए रैन बसेरों का संचालन किया जाए। डीएम डॉ. चन्द्र ने बताया कि इसके अतिरिक्त नगर क्षेत्र में मेडिकल कालेज, बस स्टेशन में भी रैन बसेरे संचालित किए जा रहे है। जबकि रेलवे स्टेशन पर भी शीघ्र ही रैन बसेरे का संचालन शुरू कर दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि इसके अलावा जिले में अलाव की व्यवस्था तथा असहाय लोगों को कम्बल का वितरण करने हेतु समस्त तहसीलों व नगर निकायों को निर्देशित भी किया गया है। इस अवसर पर अध्यक्ष नगर पालिका परिषद बहराइच के प्रतिनिधि हाजी रेहान खां भी मौजूद रहे।

## सपा विधायक ने प्रशासन पर उठाए सवाल

**बोले रेप पीड़िता का फर्जी खाता खोल उड़ाए गए पैसों का सही से जांच नहीं कर रहा प्रशासन**

**रायबरेली, (यूएनएस)।** जिलें में रेप पीड़िता के नाम पर फर्जी खाता खोलकर हड़पी गई सहायता राशि के मामले में सपा के पूर्व कैबिनेट मंत्री व विधायक डॉ. मनोज कुमार पांडे ने की सख्त कार्रवाई की मांग। मनोज पांडे ने कहा कि एक नहीं कई ऐसे मामले हैं, जिनमें फर्जी खाता बनाकर रेप पीड़ितों की सहायता राशि हड़पी गई है। सभी मामलों की विस्तृत जांच होनी चाहिए। पैसे से नहीं वापस किया जा सकता रेप पीड़िता का सम्मान। सरकारी धन की सहायता देकर सरकार केवल रेप पीड़िता के साथ खड़ी हो सकती है। आगे कहा कि अगर कार्रवाई नहीं हुई और इस मामले को अगर जिला प्रशासन के अधिकारियों ने संज्ञान नहीं लिया तो वह इस मामले को आगे तक ले जाएंगे। बता दें गदागंज में एक साल पहले दुष्कर्म का शिकार हुई युवती को तीन लाख रुपये की आर्थिक मदद देने में खेल की आशंका है। शिकायत के बाद सीओ सिटी और अतिरिक्त मजिस्ट्रेट की टीम ने जांच शुरू कर दी है। आरोप है कि दुष्कर्म पीड़िता को मदद नहीं मिली, लेकिन जिस खाते में तीन लाख रुपये शासन से आए, उसमें से एटीएम से 1.20 लाख रुपये निकाल लिए गए। जांच में पाया गया कि पीड़िता के बैंक खाते में दूसरे की फोटो और आधार लगाया गया है। मामला संज्ञान में आने के बाद जिला प्रोबेशन अधिकारी कार्यालय में हड़कंप मच गया है।

गदागंज की एक युवती के साथ एक साल पहले दुष्कर्म हुआ था। मामले में मुकदमा दर्ज कराया गया था। कुछ दिनों पहले शहर के डिग्री कॉलेज चौराहा स्थित एक बैंक में पीड़िता के नाम खाता खुलवाया गया था। इस दौरान हेरफेर कर खाते में पीड़िता की फोटो की जगह शहर की एक युवती की फोटो व मोबाइल नंबर दर्ज करा दिया गया। खाता खुलवाने के दौरान आधार नंबर भी किसी तीसरे व्यक्ति का लगाया गया। पिछले माह रेप पीड़िताओं को मिलने वाले अनुदान के तहत पीड़िता के खाते में तीन लाख रुपये आए थे। खाते सेमोबाइल नंबर शहर की युवती का जुड़ा था खाते में एक साथ तीन लाख रुपये का मैसेज देखते ही वह प्रोबेशन अधिकारी कार्यालय पहुंच गई, लेकिन उसे टरकाकर वापस भेज दिया गया। इसी बीच किसी ने एटीएम के माध्यम से 1.20 लाख रुपये कई तारीखों में निकालइसके बाद शहर की युवती ने डीएम और एसपी से शिकायत की तो मामला खुला। इसके बाद सीओ सिटी वंदना सिंह और अतिरिक्त मजिस्ट्रेट राजेंद्र शुक्ला ने जांच शुरू की। सीओ सिटी ने गुरुवार को बैंक शाखा पहुंचकर अभिलेखों को खंगाला था। सीओ सिटी ने बताया कि दुष्कर्म की पीड़िता के नाम खुले खाते में तीन लाख रुपये आए हैं। बैंक खाते में दूसरी युवती की फोटो और मोबाइल नंबर डाला गया है आधार नंबर पर किसी तीसरे व्यक्ति का है।

### प्रो. आरिफनजीर कला संकाय के नए डीन बने

**अलीगढ़, (यूएनएस)।** अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग के प्रोफेसर आरिफ नजीर को कला संकाय का डीन नियुक्त किया गया है। उनका कार्यकाल दो साल का होगा। उन्होंने 20 दिसंबर को पदभार ग्रहण किया था। हिन्दी विभाग के वरिष्ठ शिक्षक प्रो आरिफ हिंदी विभाग के वरिष्ठ व्याख्याता, ने 2013 से 2016 तक विभाग के अध्यक्ष के रूप में कार्य किया और 2019 तक कला संकाय में आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ से संबंधित कार्य की देखरेख में डीन के समर्थन के लिए नोडल अधिकारी भी रहे। प्रो. आरिफ ने यूजीसी अनुसंधान परियोजनाओं को पूरा किया है, दस से अधिक पुस्तकें लिखी हैं। उनके विभिन्न पुस्तकों में नौ अध्याय हैं और आधिकारिक पत्रिकाओं में कई शोध पत्र प्रकाशित किए हैं। उन्होंने कई पत्रिकाओं का संपादन किया है और विभिन्न अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय सम्मेलनों में पत्र प्रस्तुत किए हैं। प्रोफेसर आरिफ नजीर 1989 में एएमयू में व्याख्याता के रूप में शामिल हुए और बाद में रीडर और प्रोफेसर बने। उनकी विशेष रुचियों में भारतीय संस्कृति, मध्यकालीन हिंदी कविता, रहीम की कविता, भारतेन्दु साहित्यिक रचनाएँ, कार्यात्मक हिंदी, अनुवाद, द्विभाषी कम्प्यूटरीकरण और आलोचना शामिल हैं।

# उत्तर प्रदेश के अग्रणी स्वास्थ्य कर्मियों के बीच वायु प्रदूषण जागरूकता अभियान का आगाज

- फ्रंटलाइन स्वास्थ्य कर्मियों के माध्यम से माताओं, बच्चों को प्रदूषण से बचाव का प्रयास
- आशा, एनम व आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के लिए क्लाइमेट एजेंडा ने जारी की प्रशिक्षण पुस्तिका

**न्यूज गाइड, संवाददाता**



**वाराणसी।** काशी विद्यापीठ ब्लाक स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में क्लाइमेट एजेंडा द्वारा उत्तर प्रदेश के अग्रणी स्वास्थ्य कर्मियों के बीच वायु प्रदूषण जागरूकता अभियान का आगाज किया गया. अभियान के इस उद्घाटन कार्यक्रम में शहर के सात स्वास्थ्य उपकेंद्रों से जुडी एनम कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया और एक प्रशिक्षण पुस्तिका का विमोचन किया गया. इस अवसर पर वाराणसी में आयुष्मान भारत योजना के नोडल अधिकारी एवं काशी विद्यापीठ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉ आर के सिंह और क्लाइमेट एजेंडा की निदेशक एकता शेखर मौजूद रहे. आज के प्रशिक्षण सत्र में काशी विद्यापीठ ब्लाक के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉ आर के सिंह ने क्लाइमेट एजेंडा द्वारा जारी प्रशिक्षण पुस्तिका का विमोचन किया. सभी सम्बंधित उपकेंद्रों की स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए डॉ सिंह ने कहा~ जन स्वास्थ्य के विरूद्ध वायु प्रदूषण एक उभरती हुई चुनौती है. इस चुनौती का सफलतापूर्वक सामना करने के लिए ऐसे कार्यक्रम और अभियान निसंदेह लाभकारी साबित होंगे. प्रशिक्षण पुस्तिका एवं ऐसे ही प्रशिक्षण सत्रों के माध्यम से अगर हम सभी स्वास्थ्य कर्मियों तक यह सन्देश पहुंचा सकें, तो निश्चय ही पहले से घोषित वैश्विक विकास लक्ष्य संख्या तीन को हासिल करना आसान हो जाएगा, जिसके अंतर्गत जन स्वास्थ्य को सुनिश्चित करने का वादा किया गया है.÷ अभियान को शुभकामना देते हुए डॉ सिंह ने कहा कि पर्यावरण सुरक्षा और जन स्वास्थ्य आपस में जुड़े हुए मसले हैं जिन पर साथ मिल कर अधिक से अधिक काम करने की जरुरत है. अभियान के बारे में संस्था की निदेशक एकता शेखर ने बताया~÷वायु प्रदूषण का मानव स्वास्थ्य पर पड़ने वाला नुकसानदेह असर अब जग जाहिर है. इससे बचाव के तौर तरीकों को सामान्य व्यवहार में शामिल करा कर ही एक बेहतर और स्वस्थ भविष्य की कल्पना की जा सकती है. राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एन एच एम) के अंतर्गत मात्रि मृत्यु दर और शिशु मृत्यु दर को लगातार कम करने की दिशा में प्रयास जारी है, जिसमें फ्रंट लाइन स्वास्थ्य कर्मियों की बेहद शानदार भूमिका है. इन फ्रंट लाइन स्वास्थ्य कर्मियों की देश के लाखों करोड़ों घरों तक सीधी पहुँच से इस प्रयास को वह मुकाम मिल सकता है जहां से हम अगली पीढ़ियों के लिए एक स्वच्छ और स्वस्थ भारत की कल्पना को साकार होते देख सकते हैं इस अवसर पर माधोपुर पीएचसी से डॉ आलोक प्रकाश, लोहता पीएचसी से डॉ उमेश सिंह, काशी विद्यापीठ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से डॉ निधि पाण्डेय, कैन्टोमेंट से डॉ मधु पाण्डेय, डॉ ए पी सिंह, क्लाइमेट एजेंडा से इज्मत अंसारी, आशुतोष श्रीवास्तव, ब्रिजेश पटेल समेत बड़ी संख्या में स्वास्थ्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## मण्डलायुक्त ने शहर के सौंदर्यीकरण के लिए एलडीए में की बैठक

**लखनऊ, (यूएनएस)।** लखनऊ विकास प्राधिकरण की अध्यक्ष व मण्डलायुक्त डॉ. रोशन जैकब ने शहर के सौंदर्यीकरण व स्मार्ट रोड के सम्बंध में प्राधिकरण भवन में बैठक की। इस दौरान उन्होंने नगर निगम के अधिकारियों को कहा कि स्मार्ट रोड के लिए चयनित की सड़कों से तीन दिन में अवैध अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए हैं। साथ ही लालबत्ती चौराहे से लेकर इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान तथा हेरिटेज जोन के मार्ग पर अनावश्यक रूप से लगे यूनीपोल व प्रचार बोर्ड तथा बस स्टैंड को तत्काल प्रभाव से हटाने को कहा हैं। बैठक में प्राधिकरण के उपाध्यक्ष डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी ने बताया कि लालबत्ती चौराहे से लेकर इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान तक सौंदर्यीकरण के कार्य हेतु कंसलटेंट से सर्वे कराके प्रस्ताव तैयार कराया गया है। सुधार के सम्बंध में भी बिन्दु उल्लेखित किये गये हैं। मण्डलायुक्त द्वारा हजरतगंज चौराहे के सम्बंध में वार्ता कर पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को निर्देशित किया गया। डब्ल्यूआरआई की रिपोर्ट पर लोकल कंसलटेंट से सुझाव लेकर चौराहे के उन्नतीकरण का कार्य जल्द शुरू कराएं। पेड़ों पर आकर्षक लाइटिंग का कार्य कर प्राधिकरण व वन विभाग की टीम ज्वाइंट सर्वे करके प्रस्ताव तैयार कर लें। प्राधिकरण के उपाध्यक्ष द्वारा अवगत कराया गया कि शहीद पथ के सौंदर्यीकरण को लेकर कंसलटेंट से प्रस्ताव तैयार करा लिया गया है। लेकिन एनएचएआई द्वारा अभी तक इसके लिए एनओसी नहीं दी गयी है। मण्डलायुक्त ने एनएचएआई के अधिकारियों को शीघ्र एनओसी जारी करने के निर्देश दिये। बैठक में डीएफओ रवि कुमार, प्राधिकरण के सचिव पवन कुमार गंगवार, अपर नगर आयुक्त पंकज सिंह एवं अभय पाण्डेय एवं मुख्य अभियंता महेश कुमार वर्मा समेत कई विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## निशुल्क परामर्श के साथ दवा वितरण

**लखनऊ, (यूएनएस)।** निराला नगर स्थित माधव सभागार के सामने नायरा फाउंडेशन के बैनर तले डॉ रोहित गुप्ता ने दौ से अधिक लोगो को त्वचा,नाखून और बाल सबंधी बीमारी इलाज का निशुल्क परामर्श के साथ दवाई वितरित किया। डॉ रोहित गुप्ता कहते है कि आज के बदलते परिवेश और वातावरण मे लोगो को त्वचा और बालो सम्बन्धी विविध समस्याओ का सामना करना पड़ रहा है, विडंबना ये है कि लोग इन समस्याओ की अनदेखी करते है ,जो बाद मे बड़ी मुश्किल का कारण बनती है। इन्ही बातो को ध्यान में रखते हुए त्वचा,नाखून और बाल सबंधी समस्याओ के संबंध मे परामर्श दिया इस कैंप मे मुहासे, मुहासो के दाग, गंजापन, झाईया चेहरे का कालापन, अनचाहे बालो, हाइड्रा फेसियल, सफेद दाग, एकजिमा, आँखों के कॉलेस्ट्रोल और नाखूनो की सर्जरी का किया के संबंध मे परामर्श दिया गया।

## पचास हस्तशिल्पियों को दिया गया एक दिवसीय प्रशिक्षण

### प्रशिक्षण में ट्रेनर्स ने दी नई डिजाइनों व मार्केटिंग की जानकारी

**न्यूज गाइड, संवाददाता**



**बछरावां रायबरेली।** कार्यालय विकास आयुक्त (हस्तशिल्प), वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा रिसर्च एंड डेवलपमेंट योजना के तहत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन बछरावां के महाराजगंज रोड स्थित सोनी ब्रदर्स मैरिज लान में किया गया। कार्यशाला में सभी पचास हस्तशिल्पयों को कार्यालय विकास आयुक्त (हस्तशिल्प) लखनऊ के सहायक निदेशक रजा आलम ने विभागीय योजनाओं के बारे में अवगत कराया। उन्होंने हस्तशिल्प कारीगरों को स्किल डेवलप करने, नई डिजाइन तैयार करने तथा मार्केटिंग के लिए मिलने वाले सपोर्ट के बारे में जानकारी दी। प्रमोद कुमार अमरदीप पांडे डॉ कविता सिंह चंदन सिंह शालिनी सिंह ने भी हस्तशिल्पियों को उन्नत डिजाइन एवं मार्केटिंग के बारे में जानकारी दी। सेमिनार का आयोजन करने वाली संस्था नवनीत सिंह हैंडीक्राफ्ट प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड के निदेशक जितेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि एक दिवसीय सेमिनार में गांव से 50 हस्तशिल्प ने प्रशिक्षण लिया है। इस अवसर पर प्रेमा सिंह, प्रियंका सिंह, रुखसाना बानो, गरिमा, सरोज सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं।

## अवैध झुग्गी झोपड़ियों के खिलाफ सड़कों पर उतरेगी हिन्दू महासभा

**मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर की प्रदेश से झुग्गी झोपड़ियों को हटाने की मांग**



**लखनऊ, (यूएनएस)।** अखिल भारत हिन्दू महासभा ने उत्तर प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में तेजी के साथ अवैध रूप से स्थापित हो रही झुग्गी-झोपड़ियों को देश की आंतरिक सुरक्षा के लिये खतरा बताते हुये इसके खिलाफ सड़कों पर उतरने की तैयारी कर रही है। इन तैयारियों के बीच पार्टी के शीर्षस्थ नेताओं के साथ बैठक के बाद हिन्दू महासभा के प्रदेश अध्यक्ष ऋषि त्रिवेदी ने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र भेजकर प्रदेश की राजधानी सहित पूरे प्रदेश में सरकारी जमीनों पर स्थापित अवैध झुग्गी झोपड़ियों रह रहे लोगों के बीच रोहिग्याओं और बंगलादेशियों के भी शामिल होने की आशंका को देखते हुये तत्काल प्रभाव से जांच कर कड़ी काररवाई की मांग की है। इसके साथ ही पार्टी ने सरकारी जमीनों पर झुग्गी झोपड़ियों एवं उनमें रहने वालों के लिये विद्युत, जल कनेक्शन एवं सुलभ षौचालय की सुविधा के साथ गलत प्रपत्रों के आधार पर वोटर कार्ड, राशन कार्ड और आधार कार्ड उपलब्ध करवाने वालों के खिलाफ भी कड़ी काररवाई की मांग उठायी है। मुख्यमंत्री को पत्र भेजने के साथ ही पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष ऋषि त्रिवेदी ने पार्टी की सभी जिला एवं नगर इकाईयों को भी निर्देशित किया है कि जिलों एवं नगरों में स्थापित अवैध झुग्गी झोपड़ियों को हटवाये जाने की मांग को लेकर जिलाधिकारियों को ज्ञापन सौंपे और इस मामले में काररवाई के लिये कोई कदम प्रशासनिक स्तर पर नहीं उठाया जाता है, तो अखिल भारत हिन्दू महासभा जल्द ही पूरे प्रदेश भर पर सड़कों पर उतरने के लिये बाध्य होगी। मुख्यमंत्री को भेजे गये पत्र में अखिल भारत हिन्दू महासभा के प्रदेश अध्यक्ष ऋषि त्रिवेदी ने कहा है कि इन झुग्गी-झोपड़ियों में अधिकांश लोग रोहिग्यां और बंगलादेषी नागरिक षामिल है, जिन्हें विभिन्न राजनैतिक दलों के क्षेत्रीय एवं वार्ड स्तर के नेताओं ने वोटबैंक की खातिर बसाने का काम किया है, इसलिये कोई भी दल इन अवैध झुग्गी झोपड़ियों में रह रहे लोगों के खिलाफ बोलने से बच रहे है। मालूम हो कि ऐसी ही झुग्गी झोपड़ियों में रह रहा प्रतिबन्धित संगठन पीएफआई का सदस्य भी गिरफ्तार किया जा चुका है।

## मनाई गई संत गाडगे महाराज की पुण्यतिथि

**बस्ती, (यूएनएस)।** रुधौली क्षेत्र के मुड़ाडीहा उर्फ भोपालपुर में आल इंडिया दलित एक्शन कमेटी के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रवीन चौधरी के अगुवाई में बुद्ध बिहार पर राष्ट्रीय संत गाडगे जी महाराज की पुण्यतिथि मनाई गई। प्रदेश उपाध्यक्ष प्रवीन चौधरी ने संत गाडगे के चित्र पर पुष्प अर्चन किया। प्रदेश अध्यक्ष प्रवीन चौधरी ने कहा स्वच्छता अभियान के जनक, अंधविश्वास, पाखण्ड विरोधी गाडगे महाराज जी ने अपना घर परिवार छोड़कर समाज की सेवा के लिए निकल पडे महाराष्ट्र के कोने कोने में अनेक धर्मशालाएं, अस्पताल, यूनिवर्सिटी, छात्रावास, का निर्माण कराये समाज में उनका योग्यदान बहुत ही महत्वपूर्ण हैं। प्रवीन चौधरी ने कहा राष्ट्रीय संत गाडगे जी महाराज गांव गांव जाकर खुद साफ सफाई का कार्य करते थे। लोगों से चंदा मागकर उस पैसै से सामाजिक कार्य मे लगाते थे। लोगों को अंधविश्वास स्वच्छता आदि कार्यो के लिए जागरुक करने का कार्य करते थे। धोबी समाज से जन्मे गाडगे महाराज अपना पूरा जीवन समाज के लिए संघर्ष करते रहे। वो गांव गांव लोगों को नाच गाकर भी लोगों को समझाने कार्य करते थे। जिसको देखने के लिए गांव गांव के लोग इक्कठा होकर सुनते थे। गाडगे महाराज जी कहते थे हम सभी लोग मिलकर अपने घर के आसपास की सफाई अगर करते हैं।तो पूरा देश स्वच्छ रहेगा आज उन्हीं कि स्वच्छता अभियान के आधार पर भारत सरकार स्वच्छता अभियान जैसी योजना लागू किये। प्रवीन चौधरी ने बताया 23 दिसम्बर को राष्ट्रीय संत गांडगे जी महाराज की पुण्यतिथि लखनऊ स्थित अम्बेडकर पार्क में मनया जायेगा। जिसमें मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष हिमांशु गौतम होंगे। उन्होंने बताया बस्ती जिले से सैकड़ों कार्यकर्ता 23 दिसम्बर को लखनऊ जायेंगे। इस अवसर पर संजय कुमार, देवा आजाद, विकास कुमार, मनोज कुमार, दिलीप कुमार, सूरज कुमार आदि लोग उपस्थित रहे।

## सपा युवजन सभा के पूर्व जिलाध्यक्ष का निधन

**उरई/जालौन, (यूएनएस)।** जालौन में समाजवादी पार्टी युवजन सभा के पूर्व जिलाध्यक्ष सुरेंद्र मौखरी की हृदयघात से मौत हो गई। इस घटना की जानकारी जैसे ही उनके शुभचिंतकों को हुई वह सन्न रह गये। उनके घर पर भीड़ उमड़नी शुरू हो गई। सुरेंद्र मौखरी ने कम उम्र में ही राजनीति में अपना प्रभुत्व जमा लिया था। सपा नेता सुरेंद्र मौखरी उरई कोतवाली क्षेत्र के मौखरी गांव के रहने वाले हैं। वह लोहिया और मुलायम सिंह यादव के पथ पर चलकर राजनीति में आए थे। कम उम्र में उन्होंने जालौन में एक अलग पहचान बना ली थी। साथ ही सबसे कम उम्र में जालौन जनपद के युवजन सभा के जिलाध्यक्ष बने। इस दौरान मायावती सरकार में उन्होंने सरकार की नीतियों के खिलाफ जमकर संघर्ष किया। साथ ही बड़े-बड़े आंदोलनों में शिरकत की। यहीं से उनकी पहचान बनी और मुलायम सिंह यादव, शिवपाल यादव और अखिलेश यादव के करीबी बन गए। बाद में उन्होंने जिला पंचायत सदस्य का चुनाव लड़ा, जिसमें जीत हासिल की। 2016 में जब समाजवादी पार्टी की सरकार थी, जिला पंचायत चुनाव में उन पर पार्टी लाइन से हटकर चुनाव लड़ने का आरोप लगा। उस दौरान मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने राष्ट्रीय अध्यक्ष की कमान संभाली। शिवपाल यादव का करीबी मानते हुए उन्हें पार्टी से 6 साल के लिए निष्कासित कर दिया गया।

## बीए की छात्रा का शव खेत में मिला, कीचड़ से सने थे पैर और कपड़े

**लखनऊ, (यूएनएस)।** नगराम इलाके में एक छात्रा का शव खेतों में मिला है। छात्रा सुबह शौच के लिए अपनी मां और बहन के साथ निकली थी, लेकिन घने कोहरे की वजह से सभी एक दूसरे से आगे पीछे हो गए। मां और छोटी बहन घर लौट आई, लेकिन छात्रा नहीं लौटी। करीब 2 घंटे बीएतजार के बाद परिजनों ने तलाश शुरू की तो पिता को गांव के बाहर बाग के पास खेत में शव पड़ा मिला। उसके कपड़े कीचड़ से सने हुए थे। छात्रा बीए में पढ़ती थी। मामला असली गढ़ी गांव का है। घटनास्थल पर पहुंचे डीसीपी साउथ, राहुल राज ने बताया कि आज सुबह 20 साल की छात्रा का शव गांव से मिला है। उसके शरीर पर चोट के निशान नहीं हैं। परिजन जो भी तहरीर देंगे उसके आधार पर मुकदमा दर्ज कर कर आगे की कार्रवाई की जाएगी। असली गढ़ी गांव में रहने वाले रामजीत यादव ने बताया कि बड़ी बेटी नैंसी (20) मंगलवार सुबह करीब 6 बजे मां और छोटी बहन के साथ घर से करीब 500 मीटर दूर अपनी बाग की तरफ शौच के लिए गई थी। बेटी के पैरों की चप्पल गायब है, पानी का डिब्बा भी नहीं मिला। मेरी बेटी की हत्या की गई है। बचने के लिए उसने संघर्ष किया है, क्योंकि उसके कपड़ों पर कीचड़ लगा है। मां के मुताबिक नैंसी सबसे आगे चल रही थी। उसके पीछे मैं अपनी छोटी बेटी के साथ थी। घने कोहरे और अंधेरे के कारण नैंसी काफी आगे निकल गई तो हम लोग पीछे ही रुक गए। उसके बाद हम लोग घर लौट आए, लेकिन नैंसी नहीं आई। हमें लगा वो दूर गई थी तो कुछ देर में लौट आएगी। करीब साढ़े 8 बजे तक जब नैंसी नहीं लौटी तो परिवार के लोगों ने तलाश शुरू की। रामजीत के मुताबिक, मैं बेटी को खोजते हुए बाग की ओर गया तो देखा की गेहूं के खेत में बेटी की लाश पड़ी हुई है। उसके कपड़े कीचड़ से सने हुए थे। जबकि आस-पास कहीं भी खेतों में पानी नहीं लगा था। ऐसा लग रहा था कि बेटी की हत्या कहीं और की गई और यहां बाग के पास उसकी लाश फेंकी गई है। मृतक नैंसी यादव मोहनलाल गंज के महेश प्रसाद डिग्री कॉलेज में बीए सेकंड इयर की छात्रा थी। नैंसी अपने माता-पिता की सबसे बड़ी बेटी थी। नैंसी की तीन छोटी बहनें निशी, मानसी, शिवांशी और एक भाई शिवम है। इसी डिग्री कॉलेज में नैंसी के साथ उसकी छोटी बहन निशी भी बीए फर्स्ट ईयर में पढ़ती है। पिता किसान हैं। खेती बाड़ी कर घर का खर्च चलाते हैं।

## सर्दी में बेबस यात्री, बसों में खिड़कियों के शीशे गायब, सीटें भी टूटी

**बांदा, (यूएनएस)।** चित्रकूटधाम मंडल की खटारा रोडवेज बसों की टूटे शीशे सर्दी में सफर के दौरान यात्रियों की परेशानी बढ़ा रहे हैं। दिन में तो अधिक परेशानी नहीं होती है, लेकिन रात में इन बसों में सफर मुश्किल भरा हो रहा है। परिवहन निगम के चित्रकूटधाम मंडल में 399 रोडवेज बसों का बेड़ा है। इनमें से 60 फीसदी बसों की हालत खस्ता होने से यात्री बीएड में ठिठुर रहे हैं। 10 लाख किलो मीटर और 11 साल का मानक पूरा कर चुकी ज्यादातर बसें खटारा हैं। किसी बस में खिड़की में शीशे नहीं तो किसी में पीछे की एक दो सीट ही गायब हैं। बस की बॉडी चारों तरफ से खुली है। रस्सी व लोहे के तार बांधकर काम चलाया जा रहा है।24 से अधिक बसें खराब स्थिति में वर्कशाप में खड़ी हैं। फतेहपुर, चिल्ला, नरैनी आदि मार्गो में बसों का आभाव है। बसों की से यात्रियों को कई-कई घंटे बीएतजार करना पड़ता है। यात्रियों को सबसे ज्यादा दिक्कत सुबह-शाम होती है। पिछले दिनों एमडी ने बसों की सीटों व शीशों को ठीक करने के लिए निर्देश दिए थे। लेकिन इस पर अमल नहीं किया गया। रोडवेज बस अड्डा में पड़ताल की गई तो हकीकत सामने आई। रोडवेज की 75 फीसद बसों में ऑलवेदर,फॉग लाइट व वाइपर नहीं हैं। फॉग लाइट हर प्रकार के वातावरण में काम करती है। कोहरे की धुंध में भी चालक को दूर की गतिविधिया नजर आ जाती हैं। कोहरा अधिक होने पर चालक वाइपर से शीशे को साफ करता है। इसके न होने से चालक को बार-बार बस रोककर शीशे को साफ करना पड़ता है। ऐसे में दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। बस स्टैंड में खड़ी बांदा डिपो की बांदा-कालिंजर बस की हालत इतनी जर्जर थी कि ड्राइवर ने आगे व पीछे की बाड़ी व बस के पीछे की दो सीटों को लोहे के तार से बांध रखा था। यही स्थिति फतेहपुर डिपो की बस की थी। जो बांदा से फतेहपुर जा रही थी। बस के ज्यादातर एक-एक शीशे गायब थे। दरवाजा भी नहीं था। गेट से हवा आ रही थी। स्वराज कालोनी निवासी क्षत्रपाल सिंह का कहना है कई बसों में शीशे ही नहीं हैं। ऐसे में बीएडी-बीएडी हवा सीधे कानों में प्रवेश करती है। सीटें के ऊपर की रैक्सीन फट गई है। ब्रेकर व गड्ढे में हालत बिगड़ जाती है। पैसा देने के बाद भी सुविधाएं नहीं मिल रही हैं। गंछा के द्वारिका यादव का कहना है कि ज्यादातर बसों में वाइपर नहीं हैं। कोहरे में चालक 100 मीटर चलने के बाद बस रोककर शीशे को साफ करता है। बसों की बॉडी के पेंच खुल गए हैं। पूरी बॉडी शोर मचाती चलती है। पिछले दिनों बीच सफर में कालिंजर मार्ग पर बस के पीछे का हिस्सा लटक गया था। रोडवेज के बेडे में जल्द अच्छी स्थिति की निजी बसें शामिल की जाएंगी।

## संक्षिप्त समाचार

### बालू का अवैध खनन मिला, 11.62 लाख वसूली के निर्देश

**बांदा, (यूएनएस)।** सदर तहसील क्षेत्र के हटेटी पुरवा में 1292 घनमीटर बालू का अवैध खनन मिलने पर पट्टाधारक से 11.62 लाख रुपये राजस्व वसूली के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही यहां खनन और परिवहन पूरी तरह प्रतिबंधित करने के भी निर्देश जारी किए गए हैं। लगभग 10 दिन पूर्व एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, खान निरीक्षक और पुलिस क्षेत्राधिकारी ने हटेटी पुरवा में किशुन की भूमि में बालू खनन की जांच की। यहां 1292 घनमीटर बालू का अवैध खनन पाया गया। अधिकारियों की रिपोर्ट के बाद डीएम ने कड़ा रुख अपनाते हुए खनन और परिवहन पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी है। साथ ही भूमि स्वामी से 11 लाख 62 हजार 800 रुपये जमा कराने के निर्देश जारी किए हैं। उधर, चार दिनों में बालू और गिट्टी के अवैध परिवहन के आरोप पर 17 वाहनों को सीज किया गया है। उन्हें पुलिस की सुपुर्दगी में दिए गए हैं।

### टेट की तैयारी कर रही छात्रा ने किया सुसाइड, आत्महत्या का कारण स्पष्ट नहीं

**उरई/जालौन, (यूएनएस)।** जालौन में टेट परीक्षा की तैयारी कर रही एक 24 साल की छात्रा ने घर पर फांसी लगाकर जान दे दी। परिवार के लोगों ने बेटी को फांसी फंदे पर लटके देखा था। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस दलबल के साथ मौके पर पहुंची। जहां युवती के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। साथ ही पुलिस आत्महत्या का कारण जानने में जुटी है। घटना उरई कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला गोपालगंज की है। यहां के रहने वाले देवपाल राजपूत की 24 साल की बेटी रानी राजपूत डीएलएड की परीक्षा उत्तीर्ण करके यूपीटेट और सीटेट की परीक्षा की तैयारी कर रही थी। छात्रा ने सोमवार देर शाम घर पर कमरे में फांसी लगाकर जान दे दी। जब उसके पिता देवपाल और बड़ा भाई मनोज घर से बाहर काम के सिलसिले में गए हुए थे। देर रात जब पिता व भाई घर आए तो उन्होंने छात्रा को आवाज दिया। बहुत देर तक नहीं बोलने पर वो लोग उसके कमरे में गए। उसके कमरे का अंदर से दरवाजा बंद था। उन लोगों ने खिड़की से देखा तो छात्रा को फांसी पर झूलता देखा। वो लोग उसे तत्काल नीचे उतारकर जिला अस्पताल उरई लेकर आए। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत बताया। इस घटना की सूचना जैसे ही पुलिस को हुई वो मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने तत्काल उसके शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फिलहाल परिवार वाले उसकी खुदकुशी की वजह के बारे में कुछ भी नहीं बता पा रहे हैं।

### मशीन में फंसकर कंधे से नीचे कटा मासूम का हाथ, केजीएमयू के डॉक्टरों ने सिर्फ 8 घंटे में जोड़ा

**लखनऊ, (यूएनएस)।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के केजीएमयू में एक ऐसा मामला सामने आया है, जिसके बारे में जानकर आप हैरान रह जाएंगे। जहां एक बच्चे का कटा हुआ हाथ ऑप्रेशन करके दोबारा जोड़ा गया। इस काम को करने में डॉक्टरों को लगभग 8 घंटे का समय लगा, जिसके बाद उन्हें यह सफलता हासिल हुई। वहीं केजीएमयू के डॉक्टरों ने रिप्लांटेशन के जरिए बच्चे का हाथ जोड़कर से दोबारा सामान्य जीवन दिया है। इस दौरान बच्चे को 3 यूनिट खून भी चढ़ाया गया क्योंकि हाथ कटने के बाद खून काफी बह चुका था। जानकारी मुताबिक मामला उत्तर प्रदेश में अमेठी के रहने वाले शिवांश (14 वर्ष) का है। जिसका दाहिना हाथ तेल निकालने वाली मशीन में फंसने से कंधे के नीचे से पूरी तरह से कट गया था। जिसके बाद आनन-फानन में परिजन उसको लेकर नजदीकी अस्पताल मुंशीगंज पहुंचे। जिसके बाद वहां पर उन्हें सलाह दी गई कि वे बच्चे को केजीएमयू ले जाएं और उसके कटे हुए हाथ को आइस बैग में सुरक्षित रखें। आपको बता दें कि केजीएमयू में रीप्लांटेशन के जरिए डॉक्टरों ने बच्चे का हाथ सफलतापूर्वक जोड़ दिया। बच्चे के साथ यह हादसा उसके चाचा के घर पर हुआ था। वहीं से परिजन उसे एंबुलेंस से पहले नजदीकी अस्पताल और फिर केजीएमयू लेकर आए थे। शिवांश के माता-पिता को तो मामले की जानकारी अस्पताल पहुंचने पर ही हुई। केजीएमयू पहुंचने पर बच्चे के हाथ के कटे हुए हिस्से को पुनः प्रत्यारोपण के लिए तैयार करने से जुड़ी प्रक्रियाओं के दायरे में रखा गया। हाथ को दोबारा जोड़ने की इस पूरी प्रक्रिया में डॉक्टरों को 7 से 8 घंटे का समय लगा। अस्पताल तक आने में काफी मात्रा में खून बह जाने के कारण बच्चे को 3 यूनिट खून की आवश्यकता भी पड़ी। ज्ञळडन् में बच्चे की फिजियोथेरेपी भी हुई।

### एएमयू के पूर्व छात्रों ने चलाया हस्ताक्षर अभियान

**बोले, वीसी की हो सीबीआई जांच, यूनिवर्सिटी में बढ़ गया है परिवारवाद और भ्रष्टाचार**

**अलीगढ़, (यूएनएस)।** उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के वाइस चांसलर प्रो. तारीक मंसूर के खिलाफ अब पूर्व छात्रों और शहरवासियों ने मोर्चा खोल दिया है। छात्रों द्वारा उन्हें बर्खास्त करने और उनके समय में हुई नियुक्तियों की जांच करने की मांग की जा रही है। इन्हीं मांगों को लेकर पूर्व छात्रों ने सोमवार को हस्ताक्षर अभियान चलाया है। बता दें कि अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के पूर्व छात्रों ने वाइस चांसलर के विरोध में मोर्चा खोला है। पूर्व छात्रों का कहना है कि, एएमयू के वीसी प्रो. तारीक मंसूर के समय में जमकर भ्रष्टाचार किया गया है। उन्होंने नियमों के खिलाफ जाकर अपने बेटे, बहू, भांजी और परिवार के कई लोगों को यूनिवर्सिटी में नौकरी दी है। इसके साथ ही उन्होंने एएमयू की जमीनों को मनमाने तरीके से अपने रिश्तेदारों को बेच दिया। छात्रों का यह भी कहना है कि, वीसी ने एएमयू की जमीन अपने भांजे को बेंच दी, जिसके बाद उन्होंने इसमें अपना एक स्कूल खोला है। इसलिए इनके समय में हुई नियुक्तियों और सारे खरीद फरोख्त की सीबीआई से जांच होनी चाहिए। एएमयू के पूर्व छात्र और भाजपा के पूर्व प्रवक्ता डॉ निशित ने कहा कि, एएमयू में हिंदुओं की अनदेखी की जा रही है। देश के बंटवारे की नींव रखने वाली ऑल इंडिया मुस्लिम कांफ्रेंस का यूनिवर्सिटी में प्रजेंटेशन किया जा रहा है, जिसे बंद किया जाना चाहिए। इसके साथ एएमयू एक्ट में संशोधन होना चाहिए, क्योंकि यहां लगातार हिंदुओं की अनदेखी की जाती है और भर्तियों में योग्य होने के बाद भी उन्हें नियुक्ति नहीं दी जाती। उन्होंने कहा कि इसी मांग के साथ उन्होंने हस्ताक्षर अभियान चलाया है, जिसे राष्ट्रपति को भेजा जाएगा।

### शातिर चोरों पर लगी गैंगस्टर, पुलिस ने आरोपियों पर की कार्रवाई, गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी

**अलीगढ़, (यूएनएस)।** जिले में अपराध पर रोकथाम करने के लिए पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी है। रोरावर पुलिस ने आमजनों के घरों में चोरी करने वाले दो शातिर अपराधियों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई की है, जिससे कि उनके ऊपर निगरानी की जा सके। एसएसपी कलानिधि नैथानी के निर्देश पर कार्रवाई की गई है और अब आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जाएगी। आरोपियों के साथ ही पुलिस उनके रिश्तेदारों और परिचितों पर भी नजर बनाकर रखेगी, जिससे कि आरोपी भविष्य में आमजनों को किसी तरह का नुकसान और परेशानी न पहुंचा सकें। दोनों की तलाश में लगातार पुलिस छापेमारी कर रही है। दोनों आरोपियों टप्पल और चंडौस थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं और गैंग बनाकर काम करते हैं। दोनों के खिलाफ रोरावर में दो और थाना सासनीगेट में एक नामजद मुकदमा दर्ज हैं। इसके अलावा आरोपियों ने जिले में कई अपराधिक घटनाओं को अंजाम दिया है। जिसके चलते पुलिस ने टप्पल के कस्बा कांजीपाड़ा निवासी इस्लाम पुत्र सुलेमान और चंडौस के गांव रामपुर शाहपुर निवासी सद्दाम उर्फ पड्ध्डा पुत्र सलमान के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई की है। इसमें इस्लाम को गैंगलीडर और सद्दाम को गैंग के सदस्य के रूप में नामजद किया गया है। दोनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने के साथ ही पुलिस ने अब आरोपियों की संपत्ति का व्यौरा जुटाना शुरू कर दिया है। आरोपियों की संपत्ति की जानकारी होने के बाद इने गैंगस्टर एक्ट की धाराओं के तहत जब्त किया जाएगा, जिसके बाद इसकी नीलामी होगी। अलीगढ़ में अभी तक गैंगस्टर के आरोपियों की 95 करोड़ रुपए से ज्यादा की चल और अचल संपत्ति जब्त की जा चुकी है और पुलिस की कार्रवाई लगातार आरोपियों के खिलाफ जारी है। एसएसपी कलानिधि नैथानी ने बताया कि आमजनों को भयमुक्त और अपराध मुक्त माहौल उपलब्ध कराने के लिए अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है। किसी भी अपराधी को बक्शा नहीं जाएगा।

# गहलोत ने साधा भाजपा पर निशाना, बोले, भारत जोड़ो यात्रा से हिली एनडीए सरकार

एजेंसी



**जयपुर।** राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने मंगलवार को कहा कि कांग्रेस की 'भारत जोड़ो यात्रा कामयाबी के साथ जारी है और यात्रा ने केंद्र में सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार को हिला दिया है, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व गृहमंत्री अमित शाह घबरा गए हैं। यात्रा के साथ चल रहे गहलोत ने यहां आयोजित दैनिक संवाददाता सम्मेलन में यह दावा किया। यात्रा की सफलता की बात करते हुए उन्होंने कहा, ''यात्रा का जहां तक सवाल है ... मैं समझता हूं कि इसने राजग सरकार को हिलाकर रख दिया है। प्रधानमंत्री (नरेंद्र) मोदी जी, (गृहमंत्री) अमित शाह जी घबरा गए हैं। भाजपा के (जेपी) नड्डा साहब व अन्य भाजपा वाले विचलित हो गए हैं... चिंतित हो गए हैं। इसके साथ ही गहलोत ने श्मुख्यधारा की मीडिया पर यात्रा को उचित कवरेज नहीं देने का आरोप दोहराया। उन्होंने आरोप लगाया कि मीडिया पर उनका कवरेज नहीं करने का दबाव है और मीडिया इस दबाव में आ रहा है। गहलोत ने कहा कि यात्रा महंगाई, बेरोजगारी व सामाजिक सद्भाव जैसे सामाजिक सरोकार लेकर चल रही है। उन्होंने कहा कि इन मुद्दों को लेकर राहुल गांधी का कारवां चल पड़ा है और यह रुकने वाला नहीं है। उन्होंने कहा कि यात्रा बहुत कामयाबी से चल रही है और लोग जुड़ते जा रहे हैं। उन्होंने सवाल किया किया कि हजारों लोगों का यात्रा के इंतजार में घंटों खड़े रहना क्या दर्शाता है। यात्रा के सक्रिय राजनीति से संबंधों का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इस तरह की यात्रा का राजनीति से सीधा संबंध नहीं होता, लेकिन राजनीति में हर गतिविधि चाहे कोई धरना हो या प्रदर्शन, उसका एक संदेश होता है। उन्होंने कहा कि इसमें राहुल गांधी पूरी तरह कामयाब हुए हैं। गहलोत ने कहा कि यात्रा का राजस्थान में बहुत प्रभाव रहा है और कोई जिला ऐसा नहीं है जहां के लोग इसमें नहीं आए। गहलोत ने कहा कि स्वास्थ्य को कानूनी अधिकार बनाने के लिए केंद्र सरकार को स्वास्थ्य का अधिकार कानून बनाना चाहिए। उन्होंने अपनी सरकार की चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना (जिसके तहत 10 लाख रुपये का स्वास्थ्य बीमा दिया जाता है) का जिक्र करते हुए कहा कि इस योजना को पूरे देश में लागू किया जाना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि कोई भी भूखा न सोए इसके लिए भी संसद में एक कानून बनाया जाए। उन्होंने कहा कि वह राज्य के आगामी बजट में ओला, उबर, स्विगी, जोमैटो आदि ऐप आधारित सेवाओं के श्रमिकों के कल्याण के लिए कोई योजना पेश करेंगे। गहलोत ने कहा कि राहुल गांधी ने सोमवार को ऐसे श्रमिकों की दुर्दशा के बारे में बात की थी और उन्हें सामाजिक सुरक्षा भी प्रदान की जानी चाहिए। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा कि राजस्थान में यात्रा बहुत सफल रही और राजस्थान में आज आखिरी दिन है। यात्रा राजस्थान में लगभग 485 किलोमीटर की दूरी तय करने के बाद बुधवार को हरियाणा में प्रवेश करेगी। रमेश ने यात्रा के लिए राजस्थान में की गई व्यवस्थाओं की प्रशंसा की और 10 में से 10 अंक दिए। रमेश ने बताया कि यात्रा में नौ दिनों का अवकाश रहेगा और इस दौरान अन्य राज्यों के यात्री अपने घर जाएंगे और यात्रा के साथ चलने वाले कंटेनर रखरखाव के काम के लिए भेजे जाएंगे। गांधी और अन्य नेता 24 दिसंबर की रात को अवकाश के लिए दिल्ली पहुंचेंगे। नौ दिनों के विराम के बाद यात्रा फिर से शुरू होगी तो यह उत्तर प्रदेश, हरियाणा (द्वितीय चरण), पंजाब और जम्मू-कश्मीर को कवर करेगी। इससे पहले यात्रा सुबह अलवर के कटी घाटी पार्क से शुरू हुई और लोहिया का तिजारा में दोपहर का विराम हुआ। पार्टी प्रवक्ता के अनुसार पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत चन्नी ने भी सुबह यात्रा में हिस्सा लिया।

## गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई ने विदेश मंत्री जयशंकर से मुलाकात की

**नई दिल्ली, एजेंसी।** विदेश मंत्री एस जयशंकर और गूगल एवं अल्फाबेट के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) सुंदर पिचाई के बीच मंगलवार को हुई बैठक में भारत के डिजिटल परिवर्तन तथा वैश्विक रणनीतिक विकास पर मुख्य रूप से चर्चा हुई। पिचाई ने सोमवार को कहा कि गूगल 100 से अधिक भारतीय भाषाओं के लिए 'वॉयस' और 'टेक्स्ट सर्च' पर काम कर रहा है तथा देश में महिलाओं के नेतृत्व वाले स्टार्टअप की मदद के लिए 7.5 करोड़ डॉलर खर्च करेगा। जयशंकर ने ट्वीट किया, ''आज दोपहर गूगल और अल्फाबेट के सीईओ सुंदर पिचाई से मिलकर अच्छा लगा। भारत के डिजिटल परिवर्तन और वैश्विक रणनीतिक विकास पर चर्चा की।'' एक दिन पहले पिचाई ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की थी।

## कोविड-19 से जान गंवाने वालों के परिजनों के लिए 50 हजार रुपये की अनुग्रह राशि को मंजूरी दी गई: सरकार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सरकार ने मंगलवार को कहा कि केंद्र ने राज्यों को इसकी अनुमति दी है कि वे कोविड-19 के कारण जान गंवाने वालों के परिवारों को 50-50 हजार रुपये की अनुग्रह राशि देने के लिए राज्य आपदा मोचन कोष (एनडीआरएफ) का उपयोग करें। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आपदा मोचन से संबंधित राष्ट्रीय नीति के अनुसार, आपदा मोचन की बुनियादी जिम्मेदारी राज्य सरकारों की है।

## यूक्रेन युद्ध के 2023 में खत्म होने की उम्मीद है: संरा महासचिव गुतारेस

**संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी।** संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने 2023 में यूक्रेन युद्ध खत्म होने की प्रबल उम्मीद जतायी है। साथ ही गुतारेस ने प्रदर्शनकारियों के खिलाफ ईरानी सरकार की कार्रवाई की निंदा की और सभी देशों से घोर दक्षिणपंथियों से पैदा होने वाले आतंकवादी खतरों से निपटने का आग्रह किया। गुतारेस ने सोमवार को साल के अंत में एक संवाददाता सम्मेलन में व्यापक मुद्दों पर बात की। गुतारेस ने कहा कि उन्हें निकट भविष्य में यूक्रेन में युद्ध समाप्त करने के लिए वार्ता की कोई संभावना नजर नहीं आती है, बल्कि पहले से ही बढ़ रहे सैन्य संघर्ष के जारी रहने की आशंका है। हालांकि, उन्होंने द्वितीय विश्व युद्ध के बाद से यूरोप में सबसे विनाशकारी संघर्ष को 2023 के अंत तक रोकने के लिए हर संभव प्रयास करने का आह्वान किया और उन्हें ऐसा होने (युद्ध का अंत) की पूरी उम्मीद है।

## भाजपा विधायक ईश्वरप्पा का दावा: बोम्मई ने मुझे फिर से मंत्री बनाने का आश्वासन दिया है

**बेंगलूरु, एजेंसी।** कर्नाटक भाजपा के नाराज विधायक के एस ईश्वरप्पा ने मंगलवार को दावा किया कि मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने उन्हें जल्द ही मंत्री बनाने का आश्वासन दिया है। उन्होंने कहा कि उनके साथ वरिष्ठ विधायक रमेश जरकीहोली को भी मंत्रिमंडल में शामिल किया जा सकता है। ईश्वरप्पा ने इस साल की शुरुआत में राज्य के ग्रामीण विकास और पंचायती राज मंत्री के पद से इस्तीफा दे दिया था। बेलगावी के एक ठेकेदार ने उडुपी के एक होटल में 2020 में एक सरकारी काम में 40 प्रतिशत कमीशन की मांग का आरोप लगाते हुए कथित रूप से आत्महत्या कर ली थी। इसके बाद ईश्वरप्पा ने इस्तीफा दे दिया था। शिवमोगा विधायक ने उन्हें मंत्री पद नहीं दिए जाने के विरोध में बेलगावी में चल रहे कर्नाटक विधानसभा के शीतकालीन सत्र में शामिल नहीं होने का फैसला किया था। उन्होंने यहां संवाददाताओं से कहा, ÷मुख्यमंत्री ने मुझे क्लीन चिट मिलने के बाद पार्टी आलाकमान से बात करने और मुझे कैबिनेट में शामिल करने का आश्वासन दिया है। विधायक ने कहा, मुझे ही नहीं बल्कि रमेश जरकीहोली को भी मंत्री बनाया जाएगा क्योंकि उन्हें भी क्लीन चिट मिल गई है।÷ उनकी शिकायत यह थी कि जांच एजेंसी द्वारा उन्हें क्लीन चिट दिए जाने के बावजूद उन्हें कैबिनेट में जगह नहीं दी गई। जरकीहोली ने कथित 'नौकरी के लिये सेक्सश् घोटाले को लेकर इस्तीफा दे दिया था।

## बंधक संकट: पाकिस्तान सरकार और तालिबान आतंकियों के बीच वार्ता में कोई प्रगति नहीं

एजेंसी

**पेशावर।** पाकिस्तान के अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में दो दिन पहले आतंकवाद-रोधी केंद्र पर कुछ लोगों को बंधक बनाए जाने के मामले में संघीय सरकार और तालिबान आतंकियों के बीच वार्ता का कोई परिणाम नहीं निकला है। आतंकवाद-रोधी विभाग (सीटीडी) ने रविवार को कुछ आतंकवादियों को गिरफ्तार किया था तथा उनसे पुलिस थाने में पूछताछ की जा रही थी। तभी, इनमें से एक आतंकवादी ने रविवार को पुलिसकर्मी से एके-47 छीन ली और गोलियां चलानी शुरू कर दी। उक्त आतंकवादी ने इमारत में रखे गये अन्य आतंकवादियों को मुक्त कराया और उन्होंने परिसर को अपने कब्जे में ले लिया। उन्होंने कई पुलिसकर्मियों को बंधक बना लिया। गोलीबारी में कम से कम दो पुलिसकर्मियों की मौत हो गयी, जिसके बाद अधिकारियों ने सेना के विशेष बल को अलर्ट पर रखा। बन्नू में मंगलवार को स्थिति तनावपूर्ण रही, क्योंकि पुलिस और सुरक्षा एजेंसियों ने छावनी क्षेत्र की घेराबंदी कर रखी है, जहां यह केंद्र स्थित है। इलाके के निवासियों को घर के अंदर रहने के लिए कहा गया है। गतिरोध तीसरे दिन जारी रहने पर सुरक्षा अलर्ट जारी किया गया और बन्नू जिले में सभी स्कूल और कॉलेज बंद हैं। क्षेत्र में मोबाइल फोन सेवाएं भी बंद कर दी गई हैं। तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) दक्षिण या उत्तरी वजीरिस्तान के कबायली जिलों में टीटीपी कैदियों के सुरक्षित मार्ग की मांग पर कायम है। टीटीपी ने कहा कि गतिरोध की शुरुआत के बाद से सुरक्षा बलों का रवैया दर्शाता है कि बल उनकी मांग मानने को तैयार नहीं हैं। टीटीपी के एक प्रवक्ता मुहम्मद खुरासानी ने कहा कि सीटीडी पुलिस थाने में कैदियों के साथ सुरक्षा अधिकारियों के अमानवीय व्यवहार के कारण यह कदम उठाया गया। वर्ष 2007 में कई आतंकवादी संगठनों के अग्रणी समूह के रूप में स्थापित टीटीपी ने पिछले महीने जून में संघीय सरकार के साथ हुए संघर्ष विराम समझौते को रद्द कर दिया और अपने आतंकियों को देश भर में आतंकवादी हमले करने का आदेश दिया। इस बीच, मंगलवार तड़के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में कम से कम 50 आतंकवादी एक पुलिस थाने में घुस गए और एक पुलिस कांस्टेबल को घायल कर दिया। घटना दक्षिण वजीरिस्तान के कबायली जिले के वाना में पूर्वाह्न करीब एक बजे हुई। जिले के मुख्य पुलिस अधिकारी ने कहा, ''50 से अधिक आतंकवादी पुलिस स्टेशन में घुस गए और गोलियां चलाईं, जिसमें एक कांस्टेबल घायल हो गया। वे गोला-बारूद, हथियार और अन्य उपकरण ले गए।'' जवाबी गोलीबारी में एक आतंकी मारा गया। पुलिस ने कहा कि बाकी आतंकी भागने में सफल रहे। पुलिस ने कहा कि फिलहाल अपराधियों को पकड़ने के लिए तलाशी अभियान जारी है।

## भाजयुमो नेता और उसके साथियों ने गरीब के घर पर चलाया बुलडोजर, हिरासत में लिया गया

**बरेली।** अपराधियों पर उत्तर प्रदेश सरकार की श्बुलडोजरश् कार्रवाई की चर्चा के बीच बरेली में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सहयोगी संगठन भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) के एक नेता और उसके पिता को बुलडोजर चलाकर एक मजदूर की झोपड़ी उजाड़ने के आरोप में हिरासत में लिया गया है। इस मामले में पुलिस ने भारतीय जनता युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष प्रदीप यादव और उसके पिता सहित चार लोगों के खिलाफ नामजद और 15 अज्ञात लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। यादव समेत तीन आरोपियों को हिरासत में ले लिया गया है। पुलिस क्षेत्राधिकारी गौरव सिंह ने मंगलवार को बताया कि फरीदपुर कस्बे के बीसलपुर मार्ग पर मजदूर सीताराम का परिवार वर्ष 2007 से झोपड़ी बनाकर रह रहा था। आरोप है कि प्रदीप यादव उसकी झोपड़ी की जगह पर कब्जा करने की कोशिश कर रहा था। इससे परेशान होकर सीताराम ने इस मामले को अदालत में वाद दायर किया था, जिसकी सुनवाई चल रही है। सिंह ने बताया कि आरोप है कि सोमवार रात को भाजयुमो के मंडल अध्यक्ष प्रदीप यादव और उसके साथी बुलडोजर लेकर सीताराम की झोपड़ी पर पहुंचे और लाठी-डंडों से पूरे परिवार को पीटा।

# थॉमस कप और राष्ट्रमंडल खेलों की जीत ने भारतीय बैडमिंटन के लिए 2022 को बनाया यादगार

एजेंसी



*पीवी सिंधु के धैर्य, युवा लक्ष्य सेन के उत्साह तथा सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी के दृढ़ निश्चय से भारतीय खिलाड़ियों ने बीडब्ल्यूएफ (विश्व बैडमिंटन महासंघ) टूर में छह व्यक्तिगत खिताब भी जीते।*

**नई दिल्ली।** थॉमस कप की ऐतिहासिक जीत और राष्ट्रमंडल खेलों में अभूतपूर्व सफलता से भारत ने वर्ष 2022 में विश्व बैडमिंटन की महाशक्ति बनने की तरफ मजबूत कदम आगे बढ़ाए। पीवी सिंधु के धैर्य, युवा लक्ष्य सेन के उत्साह तथा सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी के दृढ़ निश्चय से भारतीय खिलाड़ियों ने बीडब्ल्यूएफ (विश्व बैडमिंटन महासंघ) टूर में छह व्यक्तिगत खिताब भी जीते। ओलंपिक में दो बार की पदक विजेता सिंधु ने इस वर्ष तीन खिताब अपनी झोली में डाले। इनमें सैयद मोदी इंटरनेशनल, स्विस ओपन सुपर 300 टूर्नामेंट और सिंगापुर ओपन सुपर 500 टूर्नामेंट शामिल हैं। इसके अलावा उन्होंने बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक भी जीता। इसके बाद हालांकि टखने की चोट के कारण उन्हें सत्र में बाकी समय बाहर रहना पड़ा। केवल सिंधु ही नहीं भारतीय पुरुष खिलाड़ियों ने भी इस वर्ष में यादगार प्रदर्शन किया। उन्होंने बैंकॉक में थॉमस कप जीतकर इस प्रतियोगिता में चीन और इंडोनेशिया का वर्चस्व समाप्त किया। सेन ने अपना पहला सुपर 500 खिताब जीता और राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक हासिल किया। इसके अलावा उन्होंने दो अन्य टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया। सात्विक और चिराग के लिए भी यह साल काफी यादगार रहा। उन्होंने विश्व टूर में दो खिताब के अलावा राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक और विश्व चैंपियनशिप में पहली बार कांस्य पदक जीता। सेन और सात्विक-चिराग ने इंडियन ओपन सुपर 500 टूर्नामेंट में खिताब से शुरुआत की। अल्मोड़ा के रहने वाले सेन पुलेला गोपीचंद के बाद ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप के फाइनल में जगह बनाने वाले पहले भारतीय बने। इसके अलावा जर्मन ओपन के फाइनल में भी पहुंचे। भारतीयों को वास्तविक सफलता मई के महीने में थॉमस कप में मिली। एचएस प्रणय और किदांबी श्रीकांत की अगुवाई में भारत ने पहली बार इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट को जीता।श्रीकांत ने इस दौरान शानदार प्रदर्शन करके लगातार छह मैच जीते जबकि प्रणय ने टखने की चोट के बावजूद अच्छा खेल दिखाया। फाइनल में सेन ने भी अच्छा प्रदर्शन किया जबकि सात्विक और चिराग की जोड़ी ने भारत को खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाई। इस ऐतिहासिक जीत का जश्न अभी थमा भी नहीं था कि भारतीय खिलाड़ियों ने अगस्त में बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में बेहतरीन प्रदर्शन करके छह पदक जीते जिसने तीन स्वर्ण, एक रजत और दो कांस्य पदक शामिल हैं। सिंधु ने जहां स्वर्ण पदक का लंबा इंतजार खत्म किया वहीं सेन तथा सात्विक-चिराग की जोड़ी ने भी सोने का तमगा हासिल किया। गायत्री गोपीचंद और त्रीसा जॉली की महिला युगल जोड़ी ने कांस्य पदक जीता लेकिन भारत को मिश्रित टीम स्पर्धा में रजत पदक से संतोष करना पड़ा। सात्विक और चिराग की जोड़ी ने इसके बाद विश्व चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतकर इतिहास रचा। वह इस प्रतियोगिता में पदक जीतने वाली पहली भारतीय पुरुष जोड़ी बनी। इन दोनों ने इसके बाद पेरिस में भी अपना जलवा दिखाया तथा फ्रेंच ओपन के रूप में अपना पहला सुपर 750 खिताब जीता। प्रणय के लिए भी यह साल अच्छा रहा और उन्होंने निरंतर अच्छा प्रदर्शन किया। प्रणय इस वर्ष विभिन्न टूर्नामेंट में सात बार क्वार्टर फाइनल, दो बार सेमीफाइनल और एक बार फाइनल में पहुंचे। भारत के जूनियर खिलाड़ियों ने भी अच्छा प्रदर्शन किया तथा शंकर मुथुस्वामी ने विश्व जूनियर चैंपियनशिप में रजत पदक जीतकर सुर्खियां बटोरी। वह लड़कों के एकल में विश्व के नंबर एक खिलाड़ी भी बने। तस्नीम मीर भी लड़कियों के वर्ग में नंबर एक पर पहुंचने में सफल रही। उन्नति हुड्डा ने जनवरी में 14 साल की उम्र में ओडिसा ओपन के रूप में अपना पहला बीडब्ल्यूएफ खिताब जीता। पैरा बैडमिंटन खिलाड़ियों ने भी इस दौरान अच्छा प्रदर्शन किया। पैरालंपिक में स्वर्ण पदक जीतने वाले प्रमोद भगत ने विश्व चैंपियनशिप में एकल में अपना चौथा स्वर्ण पदक हासिल किया। महिला वर्ग में मनीषा रामदास ने स्वर्ण पदक जीता। वर्ष 2023 में ओलंपिक क्वालीफिकेशन शुरू हो जाएंगे और ऐसे में भारतीय खिलाड़ी पेरिस ओलंपिक में जगह बनाने के लिए अपनी तरफ से कोई कसर नहीं छोड़ेंगे।

# देश-विदेश डायरी

## हाउस जनवरी 6 समिति ने ट्रंप के खिलाफ आपराधिक आरोप लगाने का किया आग्रह

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी संसद परिसर (कैपिटल हिल) में 2021 में हुए हमले की जांच कर रही 'हाउस जनवरी 6 समिति' ने सोमवार को न्याय मंत्रालय से पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ आपराधिक आरोप लगाने का आग्रह किया। समिति ने पूर्व राष्ट्रपति की जवाबदेही तय करने का आग्रह भी किया। कांग्रेस के इतिहास में अभी तक की सबसे गहन जांच के बाद समिति ने ट्रंप और उनके सहयोगियों के खिलाफ आपराधिक आरोपों की सिफारिश की। समिति में सात डेमोक्रेट और दो रिपब्लिकन सांसद शामिल हैं। समिति ने अपनी अंतिम रिपोर्ट का एक लंबा सारांश भी जारी किया, जिसमें निष्कर्ष निकाला गया कि ट्रंप ने चुनाव के नतीजे पलटने के लिए '' व्यापक स्तर पर साजिश रची। गौरतलब है कि ट्रंप ने तीन नवंबर 2020 को हुए राष्ट्रपति चुनाव में हार स्वीकार नहीं की थी और उन्होंने चुनाव में धोखाधड़ी के आरोप लगाए थे। ट्रंप के इन आरोपों के बीच उनके समर्थकों ने छह जनवरी को संसद भवन परिसर में कथित तौर पर हिंसा की थी।समिति ने जिन चार आरोपों के तहत ट्रंप के खिलाफ मुकदमा चलाने का आग्रह किया है वे आधिकारिक कार्यवाही में बाधा डालना, अमेरिका को धोखा देने की साजिश रचना, झूठे बयान देना और किसी विद्रोह को भड़काना या उसमें मदद करना है। हालांकि, समिति के सुझावों को लेकर न्याय मंत्रालय पर कानूनी कार्यवाही का कोई दबाव नहीं है, क्योंकि संघीय अभियोजक पहले से ही अपनी जांच कर रहे हैं और वे ही ट्रंप के खिलाफ मुकदमा चलाने को लेकर अंतिम फैसला लेंगे।

## पर्याप्त आपूर्ति के बीच ग्वारसीड वायदा कीमतों में गिरावट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** हाजिर बाजार में उत्पादक क्षेत्रों से आपूर्ति बढ़ने के बीच वायदा कारोबार में मंगलवार को ग्वारसीड की कीमत 68 रुपये की गिरावट के साथ 6,053 रुपये प्रति 10 क्विन्टल रह गई। एनसीडीईएक्स में ग्वारसीड के जनवरी माह में आपूर्ति वाले अनुबंध की कीमत 68 रुपये या 1.12 प्रतिशत की गिरावट के साथ 6,053 रुपये प्रति 10 क्विन्टल रह गई। इसमें 450 लॉट के लिए कारोबार हुआ। बाजार सूत्रों ने कहा कि उत्पादक क्षेत्रों से आपूर्ति बढ़ने के कारण मुख्यतः ग्वारसीड वायदा कीमतों में गिरावट आई।

## मजबूत हाजिर मांग के बीच तांबा वायदा कीमतों में तेजी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मजबूत हाजिर मांग के बीच वायदा कारोबार में मंगलवार को तांबे की कीमत 0.45 प्रतिशत की तेजी के साथ 708.65 रुपये प्रति किलोग्राम हो गयी। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज में तांबे का दिसंबर महीने में आपूर्ति वाला अनुबंध 3.20 रुपये या 0.45 प्रतिशत की तेजी के साथ 708.65 रुपये प्रति किलोग्राम हो गया। इसमें 4,147 लॉट के लिए कारोबार हुआ। बाजार विश्लेषकों ने कहा कि कारोबारियों द्वारा अपने सौदों का आकार बढ़ाने से तांबा वायदा कीमतों में तेजी आई।

## कमजोर हाजिर मांग से धनिया के वायदा भाव में गिरावट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** हाजिर बाजार में कमजोरी के रुख बीच सटोरियों ने अपने सौदों के आकार को घटाया जिससे वायदा कारोबार में धनिया की कीमत 348 रुपये की गिरावट के साथ 8,706 रुपये प्रति क्विंटल रह गई। एनसीडीईएक्स में धनिया के दिसंबर महीने में आपूर्ति वाले अनुबंध की कीमत 348 रुपये या चार प्रतिशत की गिरावट के साथ 8,706 रुपये प्रति क्विंटल रह गई। इसमें 10 लॉट के लिए कारोबार हुआ। बाजार विश्लेषकों ने कहा कि हाजिर बाजार में कमजोर मांग के कारण मुख्यतः धनिया वायदा कीमतों में गिरावट आई।

## ताजा सौदों की लिवाली से बिनौलातेल खली वायदा कीमतों में तेजी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मजबूत हाजिर मांग के बीच सटोरियों ने ताजा सौदों की लिवाली की जिससे वायदा कारोबार में मंगलवार को बिनौला तेल खली की कीमत 129 रुपये की तेजी के साथ 2,881 रुपये प्रति क्विंटल हो गई। एनसीडीईएक्स में बिनौलातेल खली के दिसंबर माह में डिलिवरी वाले अनुबंध की कीमत 129 रुपये यानी 4.48 प्रतिशत की तेजी के साथ 2,881 रुपये प्रति क्विंटल हो गई जिसमें 1,110 लॉट के लिए कारोबार हुआ। बाजार विश्लेषकों ने कहा कि हाजिर बाजार में मवेशीचारा निर्माता कंपनियों की मांग बढ़ने के बीच कारोबारियों द्वारा अपने सौदों का आकार बढ़ाने से यहां बिनौलातेल खली वायदा कीमतों में तेजी आई।

## रुपया 13 पैसे की गिरावट के साथ 82.75 प्रति डॉलर पर

**मुंबई, एजेंसी।** अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपया मंगलवार को 13 पैसे की गिरावट के साथ 82.75 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। स्थानीय शेयर बाजार में कमजोरी के रुख और वैश्विक बाजारों में कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों के बीच निवेशकों द्वारा सतर्कता का रुख बरतने से रुपये में गिरावट आई। बाजार सूत्रों ने कहा कि इसके अलावा विदेशी पूंजी की निकासी और जोखिम लेने की धारणा के कमजोर होने से रुपये में गिरावट दर्ज हुई। उन्होंने कहा कि अपने प्रमुख प्रतिद्वन्द्वी मुद्राओं की तुलना में डॉलर में भारी गिरावट आने से रुपये की हानि पर अंकुश लग गया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 82.69 के स्तर पर कमजोर खुला और कारोबार के अंत में यह 13 पैसे की गिरावट दर्शाता 82.75 रुपये प्रति डॉलर पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान रुपये ने 82.69 के उच्चस्तर और 82.88 के निचले स्तर को छुआ। इससे पिछले कारोबारी सत्र में रुपया 82.62 प्रति डॉलर के भाव पर बंद हुआ था। इस बीच, दुनिया की छह प्रमुख मुद्राओं की तुलना में डॉलर की मजबूती को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.74 प्रतिशत घटकर 103.95 रह गया। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड वायदा 0.73 प्रतिशत बढ़कर 80.38 डॉलर प्रति बैरल हो गया। बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 103.90 अंक घटकर 61,702.29 अंक पर बंद हुआ। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) पूंजी बाजार में शुद्ध बिकवाल रहे और उन्होंने सोमवार को 538.10 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर बेचे।

## सोना 38 रुपये मजबूत, चांदी में 328 रुपये की गिरावट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली सर्राफा बाजार में मंगलवार को सोना 38 रुपये बढ़कर 54,740 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। इससे पिछले सत्र में सोने का भाव 54,702 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। हालांकि, चांदी की कीमत 328 रुपये की गिरावट के साथ 67,984 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज के जिंस शोध विभाग के वरिष्ठ उपाध्यक्ष, नवनीत दमानी ने कहा, ''ब्याज दरों में और वृद्धि होने की संभावना के बीच आरंभिक कारोबार के दौरान सोने की कीमत में गिरावट के बाद स्थिर के रुख के साथ कारोबार हुआ। कारोबारियों की निगाह चीन में कोविड की स्थिति पर है।'' अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोना 1,794 डॉलर प्रति औंस पर स्थिरता के रुख के साथ कारोबार कर रहा था। जबकि चांदी गिरावट के साथ 23.13 डॉलर प्रति औंस रह गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज में शोध विश्लेषक, दिलीप परमार ने कहा, ''एशियाई कारोबार में सोने की कीमतों में स्थिरता रही। कॉमेक्स में सोने की हाजिर कीमत 1,794 डॉलर प्रति औंस पर अपरिवर्तित रही।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं सम्पादक विद्यावती दूबे द्वारा बी डी प्रिन्टींग प्रेस गणेशपुर, रहमानपुर निकट रघुनन्दन आशियाना फैजाबाद रोड, चिनहट, लखनऊ से मुद्रित तथा- C 3/76, विभूतिखण्ड गोमती नगर लखनऊ से प्रकाशित । मो0 9450615356, फोन नं. 0522- 4102634

CMYK



# आखिर क्यों अपने ही शो में मलाइका अरोड़ा ने अपनी बहन की सरेआम की बेइज्जती



**बॉलीवुड की फिट** और फाइन एक्ट्रेस कही जाने वाली मलाइका अरोड़ा इन दिनों खूब सुर्खियां बटोर रही हैं। दरअसल मलाइका इन दिनों छोटे परदे पर प्रसारित होने वाला रियलिटी शो मूविंग इन विद मलाइका को लेकर ढेरो लाइमलाइट बटोर रही हैं। अभिनेत्री के शो में आए दिन नए-नए खुलासे होते रहते हैं। कभी एक्ट्रेस के पर्सनल लाइफ को लेकर चौकाने वाली बातें सामने आती है तो कभी अपने लव लाइफ को लेकर। वही शो को लेकर अब एक और बड़ी खबर सामने आ रही हैं। दअरसल हाल ही में इस शो के लेटेस्ट एपिसोड में मलाइका अरोड़ा की फैमिली उनकी मां, बेटा अरहान खान और बहन अमृता अरोड़ा भी नजर आए। लेकिन एपिसोड में दोनों बहनों के बीच काफी ज्यादा अनबन दिखी,जो अब सोशल मीडिया पर आग की तरह फैल रही हैं। मलाइका अरोड़ा के रियलिटी शो मूविंग इन विद मलाइका का लेटेस्ट एपिसोड काफी मजेदार था। अमृता अरोड़ा को इस एपिसोड में मलाइका अरोड़ा और उनके बेटे अरहान के साथ लंच करते हुए देखा गया।लेकिन दर्शको का ध्यान दोनों के लंच पर नहीं बल्कि उनके बीच हुई तू-तू-मैं-मैं पर गयी। जहां दोनों बहन कैट फाइट करती हुई दिखी। दरअसल हालिया एपिसोड में मलाइका अरोड़ा अपनी बहन अमृता का मजाक उड़ाते दिखी। वही इस बात से खफा अमृता अरोड़ा ने मलाइका के शो के लेटेस्ट एपिसोड में अपनी राय भी रखी है। एपिसोड में अमृता अरोड़ा को मलाइका अरोड़ा से कहते सुना गया कि,तुमने लगभग सारे जोक्स मेरी ही बारे में किए थे....मेरे बड़े कपड़े पहनने से लेकर मेरे खाली बैठने तक..सभी कुछ मेरे बारे में था। यह सब कुछ ऐसा था जो तुम मुझे फोन करके भी बता सकती थीं। मुझसे पूछ सकती थी कि क्या तुम्हारे ऐसे करने से मुझे कोई दिक्कत तो नहीं है।श

अमृता अरोड़ा की बात को सुनकर मलाइका अरोड़ा भी चुप नहीं रही। अभिनेत्री बोलीं, स्टैंडअप कॉमेडी इसी तरह से होती है। इसके जवाब में अमृता भड़कते हुए बोलती हैं, तो क्या तुम स्टैंडअप कॉमेडी के चक्कर में किसी एक ही इंसान पर चढ़ाई कर देते हैं?हालांकि इसके बाद अमृता ने लंच भी अकेले सोफे पर बैठ कर करती हुई दिखी। जिसके बाद फिर मलाइका अरोड़ा ने अमृता अरोड़ा के पास जाकर अपनी छोटी बहन से माफी मांगी। वही यह तो थी एपिसोड की कुछ झलकियां लेकिन अब पूरा एपिसोड कितना इंट्रेस्टिंग होगा ये देखना काफी दिलचस्प होने वाला हैं। **-एजेंसी**

# सर्दियों में शरीर को अंदर से गर्म रखेंगी ये चीजें, नहीं पड़ेगी बार-बार चाय पीने की जरुरत



**ठंड ने दस्तक** दे दी है और लोगों ने शरीर को गर्म रखने के लिए गर्म कपड़ों और रुम हीटर का इस्तेमाल शुरु कर दिया है। लेकिन ये सारी चीजें आपके शरीर को सिर्फ बाहर से ही गर्म रखती हैं। वहीं शरीर को अंदर से गर्म रखने के लिए खान-पान पर ध्यान देने बहुत ही जरुरी है। डाइट में ऐसी चीजें शामिल करें जिनकी तासीर गर्म हो। ऐसा करके आप खुद को सर्दी और फ्लू जैसे इंफेक्शन से बचा सकते हैं। आईए जानते हैं इस मौसम में गर्म तासीर के खाने कौन से हैं जो आपके शरीर को अंदर से गर्म रखने का काम करेंगे।

**शहद**

शहद में कई ऐसे पोषक तत्व पर्याप्त मात्रा में पाए जाते हैं जो आपके शरीर में उर्जा देते हैं। शहद हमारे इम्यून सिस्टम को मजबूत बनाने का काम करता है। इसके साथ ही गले की खराश को दूर करता है और सर्दियों में होने वाली आम परेशानयों से भी लड़ने में मदद करता है।

**देसी घी**

सर्दियों में आपको देसी घी को अपनी डाइट में जरुर शामिल करना चाहिए। इससे आपके शरीर की गर्मी और टेंपरेचर को बैलेंस करने में मदद मिलती है, क्योंकि इसमें फैटी एसिड पर्याप्त मात्रा में पाया जाता है।

**गुड़**

गुड़ में पर्याप्त मात्रा में कैलरी होती है। ये शरीर को अंदर से गर्म रखने में बहुत फायदेमंद है। शरीर को गर्म रखने के लिए गुड़ को मीठे व्यंजनों में मिलाकर इस्तेमाल किया जा सकता है।

**तिल**

सर्दियों में तिल को कई तरीकों से डाइट में शामिल किया जा सकता है। खासतौर पर मिठाइयां बनाने में इसका काफी ज्यादा इस्तेमाल किया जाता है। तिल के बीज आपके शरीर को गर्म रखते हैं। कई मायनों में तिल फायदेमंद मना जाता है।

**दालचीनी**

दालचीनी में ऐंटि -ऑक्सिडेंट और एंटिबायोटिक गुण मौजूद होते हैं। इसे आप किसी भी मीठी डिश, नमकीन, बेकिंग और स्नैक्स में डाल सकते हैं। इसकी तासीर गर्म होती है। सर्दियों में इसका सेवन करने से शरीर में मेटाबॉलिज्म बढ़ता है, जिससे शरीर में गर्मी पैदा होती है। दलचीनी का पानी पीने से खांसी भी ठीक हो जाती है। **-एजेंसी**

# अब होगा वरुण धवन का डिजिटल डेब्यू, प्रियंका चोपड़ा स्टारर सीरीज के इंडियन ओरिजिनल में आएंगे नजर



**बॉलीवुड एक्टर** वरुण धवन को लेकर बड़ी खबर सामने आई है जिसे सुनकर उनके चाहने वालों की खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। वरुण को हाल ही में उनकी फिल्म भेड़िया में देखा गया था जिसे दर्शकों से मिला-जुला रिस्पॉन्स मिला है। वरुण अपनी हर फिल्म में अपनी एक्टिंग से फैंस का दिल जीत लेते हैं। बिग स्क्रीन पर अपनी एक्टिंग का दम दिखाने के बाद वरुण जल्द ही अब अपना ओटीटी डेब्यू करने वाले हैं। दरअसल, प्राइम वीडियो और रूसो ब्रदर्स के एजीबीओ की अपनी तरह की पहली ग्लोबल-इवेंट सीरीज सिटाडेल यूनिवर्स के भारतीय इन्स्टॉल्मन्ट की घोषणा हो गई है। सबसे खास बात ये है कि इस लोकल ओरिजिनल स्पाई सीरीज से वरुण धवन अपना ओटीटी स्ट्रीमिंग डेब्यू करेंगे। सिटाडेल यूनिवर्स के भारतीय इन्स्टॉल्मन्ट की शूटिंग जनवरी में स्टार्ट होगी। सिटाडेल के इंडियन इंस्टॉलमेंट के नाम की अभी घोषणा नहीं की गई है, लेकिन फिल्म के कलाकार और टीम की की जानकारी साझा कर दी गई है। अनटाइटल्ड सिटाडेल सीरीज में वरुण धवन मुख्य भूमिका निभाएंगे और इस सीरीज की कहानी सीता आर. मेनन और राज एंड डीके ने मिलकर लिखा है। सीरीज के कलाकारों और क्रू मेम्बर्स से जुड़े खुलासे जल्द ही किए जाएंगे।यह सीरीज दुनिया भर के 240 से अधिक देशों और क्षेत्रों में प्राइम मेंबर्स के लिए उपलब्ध होगी।

वहीं अपने ओटीटी डेब्यू को लेकर एक्टर वरुण धवन ने कहा कि अपने स्ट्रीमिंग डेब्यू पर बात करते हुए वरुण धवन ने कहा, ÷प्राइम वीडियो मेरे लिए घर जैसा है, और मैं उनके साथ स्ट्रीमिंग स्पेस में इस सफर को शुरू करने के लिए रोमांचित हूं। इस शानदार यूनिवर्स का हिस्सा बनना मेरे करियर का एक बहुत ही ऐतिहासिक पल है। मैं रुसो ब्रदर्स के काम का बहुत बड़ा फैन रहा हूं और अब में इसकी शूटिंग शुरू करने का और इंतजार नहीं कर सकता। बता दें कि रुसो ब्रदर्स के एजीबीओ और डेविड वील के सिटाडेल यूनिवर्स के फर्स्ट-टू-लॉन्च सीरीज में हॉलीवुड स्टार रिचर्ड मैडेन और बॉलीवुड एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा लीड रोल में है। जो 2023 में प्रीमियर के लिए तैयार है। अपनी इस हॉलीवुड सीरीज को लेकर देसी गर्ल पिछले काफी वक्त से सुर्खियों में बनी हुई हैं। वहीं सिटाडेल यूनिवर्स की भारतीय इन्स्टॉल्मन्ट में रिचर्ड मैडेन के किरदार में वरुण धवन के नाम पर मुहर लग गई है।

# उर्फी जावेद को रेप और जान से मारने की धमकी देने वाला ब्रोकर गिरफ्तार, पुलिस ने बिहार से धर दबोचा



**उर्फी जावेद की पहचान** उनके कपड़ों से होती है लेकिन अब उनके कपड़े ही उनकी मुसीबत बन गए हैं। आम लोगों से लेकर सेलिब्रिटीज तक उर्फी को टारगेट करते हैं। हर कोई उनकी चॉइस के लिए उन्हें खरी-खोटी सुनाता है और ये सिलसिला यूं ही चलता आ रहा है। फर्क सिर्फ इतना है कि पहले लोग उन्हें सोशल मीडिया पर ट्रोल करते थे, उनके पोस्ट पर भद्दे कमेंट या ज्यादा से ज्यादा गंदी गालियां देते थे। वहीं, अब लोग उर्फी को फोन कर उन्हें जान से मारने और उनका रेप करने की धमकियां देते हैं। हाल ही में एक ऐसा ही मामला सामने आया था, जब उर्फी ने खुलासा किया था कि फोन पर उनके किसी पहचान वाले ने उनके साथ ये हरकत की है। उर्फी ने ये भी रिवील किया था कि धमकी देने वाला उर्फी का पुराना ब्रोकर है। एक्ट्रेस ने इस मामले की कंप्लेंट भी दर्ज करवाई थी। उन्होंने सबूत के तौर पर नवीन की कॉल रिकॉर्डिंग दी थी, जिसके बाद पुलिस एक्शन में आ गई और उस शख्स की तलाश शुरू कर दी। अब इस केस में बड़ा अपडेट सामने आया है। उर्फी ने चाहने वालों के लिए खुशखबरी है। दरअसल, अब लेटेस्ट रिपोर्ट्र्स के मुताबिक उर्फी को धमकी देने वाला ये शख्स अब पुलिस की गिरफ्त में है। आपको बता दें, उर्फी को व्हाट्सएप के जरिए रेप और जान से मारने की धमकी देने वाला ब्रोकर नवीन गिरि बिहार से गिरफ्तार कर लिया गया है और ये सब मुंबई पुलिस की समझदारी और सूझ-बुझ के चलते हुआ। मुंबई पुलिस ने सख्त कार्रवाई करते हुए आरोपी को पटना से दबोच लिया। आपको बता दें, नवीन गिरी हर बार उर्फी जावेद को नए-नए नंबरों से फोन करके धमकियां देता था। जिसके बाद पुलिस की 3 सदस्यों की टीम ने बिहार जाकर पटना के एक होटल से उस शख्स को गिरफ्तार कर लिया। कल रात ही पुलिस नवीन को लेकर मुंबई के लिए रवाना हो गई थी। अब पुलिस ने नवीन के खिलाफ आईटी एक्ट और धमकी देने की धाराएं लगाते हुए मुकदमा दर्ज कर लिया है। छानबीन में पता चला है कि नवीन एक रियल स्टेट ब्रोकर है, जिसने उर्फी को एक फ्लैट किराये पर दिलाया था। वहीं, आरोपी ने दावा किया है कि उर्फी जावेद ने उसकी कमीशन नहीं दी है, जिसे मांगने के लिए वो उर्फी को अक्सर व्हाट्सएप पर कॉल करके धमकी देता था। सिर्फ इतना नहीं बल्कि नवीन ने इंस्टाग्राम और फेसबुक पर भी उर्फी के खिलाफ अपशब्द लिखे थे।

# राजामौली की इस ब्लॉकबस्टर फिल्म पर एक्ट्रेस रत्ना पाठक ने कह डाली ऐसी बात, सुनते ही भड़क उठेंगे फैंस



**एसएस राजामौली** साउथ के एक ऐसे डॉयरेक्टर है जिनकी हर एक फिल्म का लोगों को ब्रेसब्री से इंतजार रहता है। 'बाहुबली' के दोनों ही पार्ट ने बॉक्स ऑफिस पर किस कदर धमाल मचाया, ये बात शायद किसी को याद दिलाने की जरूरत नहीं है। इसके बाद फिल्म 'आरआरआर' की बात करें तो, ये फिल्म इस साल की ब्लॉकबस्टर फिल्मों में से एक है। जिस फिल्म को सबने अपना ढेर सारा प्यार दिया, हैरानी की बात है कि वो फिल्म मशहूर एक्ट्रेस रत्ना पाठक को पसंद नहीं आई। 25 मार्च 2022 को राम चरण और जूनियर एनटीआर स्टारर फिल्म 'आरआरआर' ने सिनेमाघरों में तहलका मचा दिया। दुनिया भर में करीब 1200 करोड़ से अधिक की कमाई करने के साथ ही फिल्म ने कई अवॉर्ड भी अपने नाम किए। ये सारी बातें तो इसी ओर इशारा करती है कि ये फिल्म लोगों को बेहद पसंद आई होगी, लेकिन हाल ही में अभिनेत्री रत्ना पाठक शाह ने फिल्म को लेकर ऐसी बात कही है, जो शायद हो सकता है कि फिल्म के फैंस को कुछ खास पसंद न आए। दरअसल, हाल ही में रत्ना पाठक एक बुक लॉन्च इंवेंट में पहुंची हुई थी जहां उन्होंने कहा कि जब तक फिल्म निर्माता उनके काम को गंभीरता से नहीं देखेंगे, तब तक दर्शकों को एसएस राजामौली जैसी फिल्में देखते रहना होगा।

# तैमूर अली खान की छोटी बहन राहा कपूर ने अपने भाई के बर्थडे को बनाया स्पेशल, भेजा ये खास तोहफा

**बॉलीवुड के** क्यूटेस्ट स्टार किड में से एक कहे जाने वाले तैमूर अली खान ने हाल ही में अपना छठा जन्मदिन सेलिब्रेट किया। जिसके लिए उनकी मां ने श्स्टार वॉरश् थीम्ड एक बर्थडे पार्टी भी रखी। अब तैमूर के बर्थडे को लेकर एक इन्साइड सोर्स से पता चला है कि तैमूर भैया के बर्थडे को उनकी छोटी बहन,राहा कपूर ने और भी स्पेशल बना दिया हैं। जब उन्होंने अपने भाई को ये प्यारा सा बर्थडे प्रेजेंट दिया। दरससल एक करीबी सूत्र ने इस बात का खुलासा किया हैं की तैमूर के बर्थडे पर उनकी बहन राहा कपूर ने एक खास तोहफा अपने भाई के लिए भेजा था। जाहिर-सी बात है, तैमूर का यह गिफ्ट राहा की तरफसे, उनकी मां आलिया भट्ट ने भेजा है। एक इन्साइड सोर्स ने बताया है कि तैमूर को राहा ने कई सारे गिफ्ट भेजे हैं जिनसे वो काफी खुश हैं। कहा जा रहा है कि मामी आलिया भट्ट ने राहा की तरफ से तैमूर को मार्वल सुपरहीरोज के कस्टमाइज्ड गिफ्ट्स भेजे हैं। इन गिफ्ट्स को पाकर तैमूर बहुत खुश हुए हैं क्योंकि वो भी मार्वल सुपरहीरोज के बहुत बड़े फैन हैं। वही रिपोर्ट की माने तो खबरे ऐसी भी सामने आई थी की राहा के जन्म लेने पर तैमूर काफी खुश हुए थे। और तैमूर ने अपनी छोटी बहन राहा से मिलने की इच्छा भी जताई थी। हालांकि अभी तक राहा और तैमूर एक दूसरे से नहीं मिले हैं। वही आलिया और रणबीर की प्रिंसेस को अभी तक किसी ने नहीं देखा हैं। हाल ही में उड़ती-उड़ती खबरे ऐसी भी सामने आई थी की राहा से मिलने के लिए जल्द ही कपूर खानदान में एक गेट टुगेदर रखा जा सकता हैं। हालांकि इस खबर पर अभी तक कपूर खानदान के किसी भी सदस्य की तरफसे कोई भी कन्फर्मेशन नहीं मिली हैं। वही घरवालों के साथ-साथ आलिया और रणबीर के फैंस भी राहा की एक झलक पाने के लिए बेहद एक्साइटेड हैं। हालांकि एक्टर-एक्ट्रेस कब अपनी बेटी की झलक दिखाते है ये देखना काफी दिलचस्प होने वाला हैं।

# नहीं ले सकते रोज धूप तो खा लें ये चीजें, शरीर में से पूरी होगी विटामिन-डी की कमी




**स्वस्थ शरीर** के लिए पोषक तत्व बहुत ही आवश्यक होते हैं जैसे विटामिन्स, मिनरल्स की कमी के कारण शरीर में कई तरह की कमी होने लगती है। खासकर विटामिन-डी मांसपेशियों और हड्डियों को मजबूत रखने में मदद करता है। यह वसा में घुलनशील विटामिन जो शरीर में कैल्शियम के अवशोषण करने में मदद करता है। धूप से आप शरीर में से विटामिन-डी की कमी पूरी कर सकते हैं। लेकिन यदि आप किसी कारणवश धूप नहीं ले पाते। तो डाइट में इन चीजों को शामिल कर सकते हैं। आज आपको ऐसे फूड्स बताते हैं जिनका सेवन करके आप शरीर में से विटामिन-डी की कमी पूरी कर सकते हैं....

**सैल्मन फिश**

सैल्मन फिश का सेवन करके आप शरीर में से विटामिन-डी की कमी पूरी कर सकते हैं। इसमें प्रोटीन, ओमेगा-3 फैटी एसिड जैसे पोषक तत्व पाए जाते हैं जो शरीर में कई तरह के पोषक तत्वों की कमी दूर करने में मदद करते हैं। एक्सपर्ट्स के अनुसार, 3 औस सैल्मन में लगभग 570(आईयू) की मात्रा पाई जाती है।

**ट्यूना फिश**

ट्यूना फिश का सेवन करके आप शरीर में से विटामिन-डी की कमी पूरी कर सकते हैं। एक्सपर्ट्स के अनुसार, 3 औस डिब्बाबंद ट्यूना फिश के साथ आप शरीर में से लगभग 50: विटामिन डी की कमी पूरी कर सकते हैं।

**अंडे की जर्दी**

आप अंडे की जर्दी के सेवन करके शरीर में से विटामिन-डी की कमी पूरी कर सकते हैं। इसमें विटामिन-ए, के और ई की काफी अच्छी मात्रा पाई जाती हैं। इसके अलावा अंडे की जर्दी में विटामिन-डी की भी काफी अच्छी मात्रा पाई जाती है।

**फोर्टिफाइड फूड**

फोर्टिफाइड फूड का सेवन करके आप शरीर में विटामिन-डी की कमी पूरी कर सकते हैं। फोर्टिफाइड अनाज, फोर्टिफाइड दूध, फोर्टिफाइड ऑरेंज जूस या फोर्टिफाइड दूध के जरिए भी आप शरीर में से विटामिन-डी की कमी पूरी कर सकते हैं।

**मशरुम**

मशरुम का सेवन विटामिन-डी की कमी पूरी करने के लिए आप कर सकते हैं। यह सूर्य की रोशनी में उगते हैं जिसके कारण इसमें विटामिन-डी की मात्रा काफी अच्छी पाई जाती है इसके अलावा इसमें विटामिन-बी1, विटामिन-बी2, विटामिन-बी5 जैसे पोषक तत्व भी पाए जाते हैं।**-एजेंसी**

# राम चरण ने किया फीस में बड़ा इजाफा, अब अक्षय और प्रभास को भी कड़ी टक्कर देते हैं एक्टर



**साउथ इंडस्ट्री के** सुपरस्टार राम चरण का इन दिनों काफी बोलबाला है। एक्टर साउथ में तो धमाल मचा ही रहें थे, वहीं अब बॉलीवुड में भी उनकी डिमांड काफी बढ़ गई है। जबसे एक्टर की फिल्म आरआरआर रिलीज हुई है उनकी फैन फोल्लेविंग तेजी से बढ़ी है। अब बॉलीवुड लवर्स भी राम चरण के फैन हो गए हैं। पैन इंडिया स्टार बन एक्टर के सितारे इन दिनों बुलंदियों पर हैं। साउथ फिल्मों के बाद अब जल्द ही एक्टर बॉलीवुड फिल्म श्किसी का भाई किसी की जानश् में सलमान खान के साथ नजर आने वाले हैं। इस फिल्म से ऑडियंस को काफी उम्मीदें हैं। वही अब एक्टर को लेकर एक बड़ी खबर सामने आ रही है। खबरों की मानें तो, बढ़ती पॉपुलैरिटी को देखते हुए अब राम चरण ने अपनी फीस में इजाफा कर दिया है। अब एक्टर की फीस इतनी बढ़ गई है कि वो बॉलीवुड से लेकर साउथ के बड़े-बड़े एक्टर्स को टक्कर दे रहे हैं। रिपोट्र्स के मुताबिक अब फीस हाइक के बाद राम चरण, अक्षय कुमार और प्रभास की लीग में शामिल हो चुके हैं। मतलब अपने रोल के लिए अब वो भी फिल्म के बजट से एक अच्छा-खासा अमाउंट चार्ज करेंगे। आपको बता दें, अक्षय कुमार और प्रभास दोनों ही एक फिल्म के लिए 100 करोड़ से ज्यादा की रकम डिमांड करते हैं। वहीं अब इन्ही की राह पर चलते हुए, राम चरण ने अपनी फिल्म आरआरआर के लिए जो फीस ली थी, अब उन्होंने इसमें दोगुना इजाफा कर दिया है। यानी अब वो अपनी अपकमिंग फिल्मों के लिए करीब 100 करोड़ रुपये चार्ज कर रहे हैं। आपको बता दें, राम चरण ने अपनी अगली फिल्म आरसी 15 और बुची बाबू साना के डायरेक्शन में बन रही अपनी अगली फिल्म के लिए 100 करोड़ फीस ली हैं। वहीं खबरें बताते हैं कि फिल्म मेकर्स को भी उन्हें इतनी मोटी फीस देने में कोई परेशानी नहीं हो रही। **-एजेंसी**

CMYK